नई दिल्ली

रविवार, 27 जुलाई, 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 103

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 28

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




हरियाली तीज की शुभकामनाएं

बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट का अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण

# प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बने, 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता का स्थान हासिल किया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक जुलाई 2025 में कराए गए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है।

यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। इस सर्वे में पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-मयोंग रहे जिन्हें 59 प्रतिशत लोगों का ▸▸ शेष पेज 5 पर

**यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है**

- **दूसरे स्थान पर** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-मयोंग
- **तीसरे**-अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली
- **चौथा स्थान** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी
- **पांचवां**-ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज

***मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां***



### डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44% लोगों ने समर्थन दिया

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया जबकि 50 प्रतिशत लोगों ने असहमति जताई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को 54 प्रतिशत नकारात्मक रेटिंग मिली। पोलैंड, बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में नेताओं की लोकप्रियता 50 प्रतिशत से भी कम रही। सबसे निचले स्थान पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे रहे, जिन्हें 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने खारिज कर दिया। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है ▸▸ शेष पेज 5 पर

रेलवे का बड़ा एक्शन... डिजिटल सफाई अभियान

## ढाई करोड़ आईआरसीटीसी अकाउंट्स किए गए डिलीट

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



भारतीय रेलवे ने टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.5 करोड़ फर्जी आईआरसीटीसी यूजर अकाउंट्स को बंद कर दिया है। संसद के मानसून सत्र में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में इस ▸▸ शेष पेज 5 पर

**रेलवे के ये महत्वपूर्ण कदम**

- 1 जुलाई 2025 से लागू हुए नए तत्काल नियम
- तत्काल टिकटों की बुकिंग को और सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की
- ओटीपी आधारित लॉगिन वेरिफिकेशन

▸▸ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया ने 166 पीड़ितों को दिया अंतरिम मुआवजा



**मुंबई।** एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के 166 पीड़ित परिवारों को अंतरिम मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान प्रक्रिया में है। कंपनी ने बयान में कहा, मारे गए 229 यात्रियों में से 147 के परिवारों और दुर्घटनास्थल पर जान गंवाने वाले 19 लोगों के परिवारों को अंतरिम मुआवजा दिया है।

### आज शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे भागवत



**कोच्चि।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने घोषणा की कि वह आज रविवार को कोच्चि में राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा आयोजित करेगा। कार्यक्रम को संघ प्रमुख मोहन भागवत संबोधित करेंगे। संगठन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को होगा।

### मराठी में नामपट्टिका न लगाने पर 65 को नोटिस



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिला प्रशासन ने 65 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को अपने नामपट्टिकाओं पर मराठी भाषा में नाम नहीं लिखने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है जिनमें बताया गया था कि कई होटल, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पीएम मोदी, राष्ट्रपति मुइज्जू और मालदीव की जनता को धन्यवाद दिया

# मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भागीदारी बनी संबंधों में मील का पत्थर: पीएम

संपन्न हुई भारतीय प्रधानमंत्री की दो दिवसीय मालदीव यात्रा, स्वदेश लौटे

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

अपनी दो दिवसीय (25-26 जुलाई तक) राजकीय यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मालदीव के रिपब्लिक स्क्वायर पर आयोजित किए गए 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह इतिहास में पहला ऐसा मौका है, जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने इस द्वीपीय देश के स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन में भाग लिया है। साथ ही वह पहले विदेशी नेता या राष्ट्राध्यक्ष भी हैं, जिनकी मालदीव के राष्ट्रपति ने मेजबानी की है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि बीते शुक्रवार को मालदीव पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की थी।

जिसमें दोनों देशों के साथ आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई थी। साथ ही उन्होंने इस बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए संवाद प्रक्रिया शुरू होने का ऐलान किया था। भारत ने मालदीव को 8 हजार 850 करोड़ रुपए की ऋण सहायता भी दी है।



### समारोह में भाग लेना सम्मान की बात

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में मालदीव के इस अहम आयोजन का हिस्सा बनने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेरी मालदीव यात्रा के समापन पर मैं राष्ट्रपति मुइज्जू और वहां की आम-जनता का तहे दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी। यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ हुई सार्थक चर्चाएं दोनों देशों के संबंधों में और ऊर्जा का संचार करेंगी। मौजूदा साल-2025 भारत और मालदीव के कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने का प्रतीक भी है। एक अन्य पोस्ट में पीएम ने कहा कि भारत-मालदीव के बीच गहरी साझेदारी है जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और सांस्कृतिक-आर्थिक आदान-प्रदान के लंबे इतिहास पर आधारित है। दोनों देशों के संबंध लगातार विकसित हो रहे हैं। जो लोगों के बीच आपसी संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से आकार ले रहे हैं। दोनों देश अपने लोगों की आकांक्षाओं का समर्थन करने व हमारे ग्रह की बेहतरी के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने मालदीव के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, आईटैक जैसी स्वदेशी योजनाओं के लाभार्थियों और प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

### परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम का निरीक्षण किया

मंत्रालय ने बताया कि रिपब्लिक स्क्वायर में हुए समारोह में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ मौजूद थे। जिसमें मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों और अन्य स्थानीय यूनिटों ने एक भव्य सैन्य परेड निकाली और उसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रदर्शित किए गए। जिनका सार एक आधुनिक देश के रूप में मालदीव की उपलब्धियों से जुड़ा हुआ था। गौरतलब है कि 2025 में भारत के प्रधानमंत्री की यह तीसरी मालदीव की यात्रा है। इससे पहले वह वर्ष 2018 और 2019 में भी मालदीव आए थे।

पीएम मोदी की वैश्विक लोकप्रियता के चलते 27 देशों से मिला सर्वोच्च सम्मान

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का बढ़ रहा वैश्विक कद: केंद्रीय मंत्री गोयल

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कारगिल विजय दिवस, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक लोकप्रियता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी।



- एमएसएमई और क्लस्टर आधारित उद्योगों को फायदा

उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के लिए गौरव और आत्मबल का प्रतीक है, जब हमारे बहादुर जवानों ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया था। गोयल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की उस ▸▸ शेष पेज 5 पर

देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित-प्रदेशों को करना होगा क्रियान्वयन

## शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों की सुरक्षा-कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जारी किए निर्देश

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**



इधर, देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा शिक्षा प्रणाली में छात्रों पर पड़ रहे मनोवैज्ञानिक दबाव से बढ़ते आत्महत्या के मामलों पर चिंता जताई गई। तो उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में छात्रों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए जरूरी निर्देश जारी कर दिए। जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के हिसाब से स्कूलों और बच्चों से जुड़ी हुई सुविधाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, कर्मचारियों, छात्रों को आपातकालीन तैयारियों का प्रशिक्षण-परामर्श और सहकर्मी नेटवर्क के जरिए मनोसामाजिक सहायता प्रदान ▸▸ शेष पेज 5 पर

### इन 5 बिंदुओं पर दिया जोर

मंत्रालय ने अपने निर्देश में पांच बिंदुओं पर खासतौर से जोर दिया है। जिसमें सबसे पहले निवारक सुरक्षा उपाय, जागरूकता और प्रशिक्षण, मनोसामाजिक कल्याण, रिपोर्टिंग तंत्र और सार्वजनिक उत्तरदायित्व मुख्य रूप से शामिल हैं। निवारक सुरक्षा उपाय में बच्चों, युवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी स्कूलों, सार्वजनिक सुविधाओं का राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं और आपदा-प्रबंधन दिशानिर्देशों के तहत सुरक्षा ऑडिट करने के लिए कहा गया है। अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और विद्युत तारों के साथ-साथ संरचनात्मक अखंडता का भी गहन मूल्यांकन करने पर मंत्रालय ने जोर दिया है।

### सामाजिक उत्तरदायित्वों की पूर्ति की जाए

निर्देश के जरिए मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सामाजिक उत्तरदायित्व की भी याद दिलाई। माता-पिता, सामुदायिक नेताओं और स्थानीय निकायों को सतर्क रहने तथा स्कूलों, सार्वजनिक क्षेत्रों, बच्चों व युवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों में असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित करने को जरूरी बताया। मंत्रालय ने शिक्षा विभागों, स्कूल बोर्डों और संबंधित प्राधिकारियों से यह आग्रह किया कि वो उपरोक्त उपायों को बिना किसी देरी के लागू करें। केंद्रीय मंत्रालय ने भी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के साथ-साथ अपनी साझा जिम्मेदारी की पुष्टि की है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी बच्चे या युवा को रोके जा सकने वाली परिस्थिति के कारण जोखिम में न डाला जाए। इसके अलावा किसी भी खतरनाक स्थिति, बाल-बाल बचे होने या ▸▸ शेष पेज 5 पर

गन्नौर मंडी के संचालन में न हो कोई देरी, मुख्यमंत्री ने दिए स्पष्ट निर्देश

## 544 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है आधुनिक अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सोनीपत के गन्नौर में विकसित की जा रही अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी राज्य की एक अति-महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित परियोजना है, जिसका संचालन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी के संचालन में कोई भी प्रशासनिक या तकनीकी बाधा न आने दी जाए।

2595 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार होगी मंडी

### नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस परियोजना की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर लेते रहे हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि इस अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री के कर कमलों से कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी संचालन की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से अमलीजामा पहनाने के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए, जो राज्य सरकार, केंद्र सरकार एवं ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अनुभवी को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री सैनी ने 'व्यापार संचालन योजना' के तहत टेंडर को भी स्वीकृति दी, जिसके अंतर्गत केवल उन्हीं इच्छुक निवेशकों को पात्र माना जाएगा, जिनके पास बागवानी क्षेत्र में न्यूनतम 100 एकड़ में कार्य का अनुभव हो तथा जिनका वार्षिक कारोबार कम से कम 100 करोड़ रुपये का हो। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इस परियोजना को अधिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

## मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है: चिराग

**कहा, बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ**

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। आपके प्रशासन में अपराधी कैसे बच निकल रहे हैं...या प्रशासन स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रहा है, या प्रशासन स्थिति को संभालने में पूरी तरह से असमर्थ है। पासवान ने कहा कहा, कि मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है।

एनडीए का हिस्सा होते हुए केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है।

चिराग पासवान ने आगे कहा कि यह सही है कि निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? अपराधों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एम्बुलेंस में रेप!

लोजपा (रालोद) नेता की यह टिप्पणी गया में होमगार्ड भर्ती अभियान में भाग ले रही 26 वर्षीय एक महिला के साथ एम्बुलेंस के अंदर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद आई है। यह घटना 24 जुलाई को हुई थी जब शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। यह पहली बार नहीं है जब एनडीए सहयोगी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला किया है।

## अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर गुस्साये भाजपा सांसद निशिकांत

झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लीनिक करने के फैसले पर जताया आक्रोश

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लीनिक करने के फैसले पर आक्रोश जताते हुए सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि राज्य सरकार ने बहुत ही गलत और निंदनीय काम किया है। राज्य सरकार के क्रियाकलापों से मैं कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री फिर से जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा से कोई दिक्कत नहीं है। वह विदेशी थीं। इस राज्य का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। अगर मदर टेरेसा के नाम पर कुछ करना है तो अलग से करें। किसी का नाम मिटाकर दूसरे का नाम स्थापित करने से मदर टेरेसा की आत्मा को शांति नहीं ▸▸ शेष पेज 5 पर


12 दिन में पूरी पृथ्वी को करेगा स्कैन, बदलावों की मिलेगी सटीक सूचना

# पृथ्वी पर सटीक नजर रखने वाला 'निसार मिशन' 30 को होगा लॉन्च

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई को निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन के प्रक्षेपण के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने की तैयारी कर रहा है। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन के अनुसार उपग्रह को एक भारतीय रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। नारायणन ने कहा, 30 जुलाई को हम निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन शुरू करने जा रहे हैं। उपग्रह को भारतीय रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि निसार (इसरो और नासा का ▸▸ शेष पेज 5 पर




**शाम 5:40 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होगा**

### 12 दिन में पूरी पृथ्वी का डेटा

इसरो के मुताबिक, नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह का प्रक्षेपण दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक लंबे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने बताया कि यह उपग्रह हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी का स्कैन करेगा, और दिन-रात, हर मौसम में उच्च-रिजॉल्यूशन वाला डेटा प्रदान ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दो बैंड पर काम करता है यह उपग्रह

जीएसएलवी-एफ18 इस उपग्रह को 743 किलोमीटर ऊंचे सन-साइक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित करेगा। जिसका झुकाव 98.40 डिग्री होगा। निसार धरती की निगरानी करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह है। इसमें दो अलग अलग बैंड (नासा का एल-बैंड और इसरो का एस-बैंड वाले) के रडार हैं। जिसके कारण वह घने जंगलों के नीचे से भी डेटा एकत्र करने में सक्षम ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसआर)

*निसार सैटेलाइट एसएआर का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी। इसी तकनीक की मदद से हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी की सतह की उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें ली जाएंगी। दोनों रडार नासा के 12 मीटर के फैलने योग्य मेश रिफ्लेक्टर एंटीना के जरिए डेटा प्राप्त करेंगे। यह उपग्रह 242 किलोमीटर की चौड़ाई और उच्च स्थानिक रेजॉल्यूशन के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा। ये दोनों धरती पर पेड़-पौधों की घटती-बढ़ती संख्या पर नजर रखेंगे साथ ही प्रकाश की कमी और ज्यादा होने के असर की भी अध्ययन करेंगे।*

***इसके दो प्रमुख पेलोड हैं:*** *एक एस-बैंड पेलोड है। जिसे इसरो ने पूरी तरह से अपने अहमदाबाद लैब में विकसित किया है और दूसरा-जेपीएल अमेरिका द्वारा विकसित एल-बैंड पेलोड।*

## न्यू उस्मानपुर इलाके की घटना

# कारखाने की छत गिरने से कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में एक छोटे कारखाने की छत ढहने से फैक्टरी में काम कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा लोहे के स्टैंड बनाने वाले एक कारखाने में शुक्रवार शाम करीब छह बजे हुआ था। घायल ताजिम नामक मजदूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मरने वाले शख्स का नाम अकरम बताया गया है।

पुलिस के अनुसार ताजिम और अकरम की उम्र करीब 25 साल हैं। हादसे के उपरांत दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया था, ताजिम का इलाज चल रहा है, जबकि अकरम ने शनिवार को दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 290 (लापरवाह आचरण), 125 ए (मानव जीवन को खतरे में डालना) और 3(5) (संयुक्त दायित्व) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। मजदूर की मौत के बाद प्राथमिकी में धारा 106 (लापरवाही से मृत्यु) भी जोड़ी गई है। इस बीच पुलिस ने कहा कि जवाबदेही तय करने के लिए यह जांच की जा रही है कि संरचना के निर्माण एवं रखरखाव में सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन तो नहीं किया गया।



### नांगल ठाकरान में मिला एक व्यक्ति का शव

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना क्षेत्र के नांगल ठाकरान में 30 वर्षीय युवक की हत्या से फिर सनसनी फैल गई। यह वहीं नांगल ठाकरान है जहां गत दिनों मंजीत महाल के भांजे की सुबह सुबह मॉर्निंग वॉक पर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। शनिवार सुबह जिस युवक की हत्या की गई उसका नाम मोहित बताया गया है। उसके गले, छाती और पेट पर चाकू के हमले के निशान मिले हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक फोन कॉल आयी और बताया गया कि चाकू से वार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी है। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस टीम ने मोहित को खून से लथपथ पाया और उसके गले, छाती एवं पेट समेत शरीर पर कई घाव थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि अपराध और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि हम संदिग्धों की पहचान करने तथा अपराध के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं तथा स्थानीय लोगों, मोहित के मित्रों और उसके परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### बदरपुर बस स्टॉप पर युवक की बेरहमी से हत्या

**नई दिल्ली।** बदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास मथुरा रोड, बदरपुर बस स्टॉप पर शनिवार तड़के एक अज्ञात शव मिलने की घटना सामने आई। बाद में मृतक की पहचान मुश्ताक अहमद (20) निवासी गली नंबर 4, श्याम कॉलोनी, फरीदाबाद के रूप में हुई है। वह मूलरूप से पश्चिमी चंपारण, बिहार का रहने वाला था। मृतक के सिर के पीछे चोट का निशान पाया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट के चलते हत्या की गई है।
पुलिस के अनुसार शनिवार को सुबह 5:51 बजे थाना बदरपुर में के-31 पीसीआर वैन से कॉल प्राप्त हुई कि एक आदमी बेहोश पड़ा है, जिसके सिर के पिछले हिस्से से खून निकल रहा था। उसे थाने की गाड़ी ईआरवी 63 अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपराध टीम को भी निरीक्षण और आवश्यक फोटोग्राफिक दस्तावेजों के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया था। बाद में पीड़ित की पहचान मकबूल अकरम के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि हत्या का मामला दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है ताकि आरोपियों का सुराग मिल सकें।

### निर्माण स्थल पर सेप्टिक टैंक में गिरने से दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला थाना अंतर्गत कुतुब विहार इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में कथित तौर पर सात फुट गहरे 'सेप्टिक टैंक' में गिरने से दो लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतकों के नाम ठेकेदार सुभाष (32) और मजदूर प्रदीप (22) हैं। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे आईजी अस्पताल से मिली। ठेकेदार सुभाष (32) और मजदूर प्रदीप (22) को सेप्टिक टैंक में गिरने के बाद अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि कुतुब विहार फेज-दो में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक पर काम कर रहे दो लोग टैंक का मचान हटाते समय उसमें गिर पड़े थे और अंदर मौजूद जहरीली गैस से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इंदिरा पार्क, पालम कॉलोनी निवासी सुजीत झा ने कथित तौर पर सुभाष को काम पर रखा था और वह निर्माणस्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति करता था। इस संबंध में छावला थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय अपराध जांच टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया और परिसर का फॉरेंसिक निरीक्षण किया गया। पुलिस ने बताया कि किसी भी सुरक्षा चूक का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए जांच जारी है।

### सीमापुरी में पत्नी के सामने पति की निर्मम हत्या

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के न्यू सीमापुरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक 22 साल के युवक की पेंचकस से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नफीस के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। हत्या का आरोप पड़ोसियों पर लगाया गया है। वजह रुपयों का लेनदेन बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को 12:14 बजे सीमापुरी थाने को बंगाली बस्ती में चाकू मारने की घटना के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। मृतक के साले मुजफ्फर निवासी नई सीमापुरी ने बताया कि उसके जीजा नफीज निवासी नई सीमापुरी वर्ष को कुछ व्यक्तियों ने पीटा और पेंचकस से पेट के पिछले हिस्से पर वार किया। एक ही वार जानलेवा हो गया। मृतक एक अस्थायी परचून की दुकान अपनी पत्नी सबीना के साथ मिलकर चलाता था। आरोपी पड़ोसियों के साथ दुकान पर पैसे के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ था। सभी पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया हैं। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताये गये हैं। इनके नाम सोहल (20), सेख इस्लाम (27), नदीम (नजरुल) (43), सलमा बेगम (55) और मामूनी (32) हैं। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# व्यापारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ उत्तर पश्चिम जिला पुलिस की कार्रवाई

कुख्यात गैंगस्टर नवीन बाली के नाम पर दिल्ली के एक व्यापारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले को उत्तर पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ और आदर्श नगर थाने की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। व्यापारी का मोबाइल नंबर लिखा हुआ हस्तलिखित पर्चा भी आरोपी के कब्जे से बरामद हुआ है। पकड़े गये बदमाश का नाम संजय (50) बताया गया है। वह सोनीपत के कुंडल गांव का रहने वाला है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 24 जुलाई को एक व्यापारी ने आदर्श नगर थाने में आकर बताया कि उसे तीन जुलाई को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से धमकी भरा कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को गैंगस्टर नवीन बाली बताया और 1 करोड़ की रंगदारी की मांग की गई। चार दिन के भीतर राशि नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। शुरू में शिकायतकर्ता ने इसे मजाक समझकर अनदेखा कर दिया, लेकिन 20 जुलाई को रात लगभग 8:28 बजे उसे फिर से उसी नंबर से एक और धमकी भरा कॉल आया, जिसमें फिरौती की मांग दोहराई गई। बार-बार धमकियों से परेशान होकर और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित होकर शिकायतकर्ता पुलिस के पास पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी हरियाणवी लहजे में बात करता है। तकनीकी निगरानी एवं मैन्युअल सूचनाओं की मदद से गांव रामपुर कुंडल, जिला सोनीपत, हरियाणा निवासी संजय को चिन्हित किया गया। एक जाल बिछाया गया और एक सुसंगठित कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी तलाशी के दौरान व्यापारी का मोबाइल नंबर लिखा हुआ एक हस्तलिखित पर्चा बरामद हुआ। आरोपी ने यह साजिश राहुल राठी नामक शख्स के साथ मिलकर रची थी, जो कि पीड़ित व्यापारी का व्यावसायिक साझेदार है और रोजमर्रा के व्यापारिक कार्य संभालता है।

## ऑनलाइन व कोरियर कंपनियों द्वारा नशीले पदार्थ पहुँचाना भाजपा सरकार व पुलिस की नाकामीः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि दिल्ली में ऑनलाइन उत्पाद फूड डिलीवरी एप, कोरियर कंपनियों के डिलीवरी बॉयज लोगों तक नशीले पदार्थ पहुँचाना भाजपा सरकार और पुलिस की नाकामी को उजागर करता है। यादव ने कहा कि ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ होना बड़ी चिंता की बात है कि नशे के कारोबारी लेडीज कपड़े, जूते, मिठाई व अन्य गिफ्ट पैकेट पैकिंग करके बड़ी आसानी से लोगों तक में मादक पदार्थ पहुंचा रहे है। पुलिस इस नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करने में कमजोर नजर आ रही है। यादव ने कहा कि युवा वर्ग सहित समाज को नशे से बचाने के लिए सरकार को गंभीर कदम उठाने होंगे। लेकिन इवेंट मेनेजमेंट बेस वाली रेखा गुप्ता सरकार सिर्फ बैठक करने और उसकी खबर को लोगों तक पहुंचाने के अलावा कुछ नही कर रही। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली में 25 जुलाई को 100 करोड़ की ड्रग्स के साथ पांच विदेशी गिरफ्तार हुए और सीमा पुरी क्षेत्र में 22 वर्षीय चाय बेचने वाले युवक की नशा करोबारियों ने हत्या कर दी। यादव ने कहा कि दिल्ली अपराधिक राजधानी बन चुकी है, यहां की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सरकार और पुलिस का नियंत्रण पूरी तरह बेअसर हो चुका है जिसके कारण दिल्ली में हर कौने पर नशे का कारोबार सक्रिय रुप से चल रहा है। राजधानी में नशे के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने नशे के खिलाफ अभियान इसी मकसद के साथ चलाया है कि यहां झुग्गी, झौपड़ी, मलीन बस्तियों, जेजे कलस्टर सहित सड़क हर चौहारे पर चल रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लग सके। यादव ने कहा कि हर दिन लाखों करोड़ों के नशीले पदार्थ पकड़े जाने के बावजूद पुलिस राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैले गिरोह की जड़ों को खत्म करने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मलेशिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान और ब्रिटेन तक फैले नशे के जाल इस कदर सक्रिय है, जहां कॉल सेंटर एप की तर्ज पर नशीले पदार्थ को घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

## वाहनों की चोरी बनी गंभीर समस्या रोक लगाने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार गंभीर नहींः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वाहनों की चोरी की बढ़ती घटनाओं परे प्रदेश कांग्रेस ने गहरी चिंता व्यक्त की है। कांग्रेस का कहना है कि वाहन चोरी दिल्ली की एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिस पर रोक लगाने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार कभी गंभीर नहीं हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस मुद्दे पर दिल्ली की रेखा सरकार व केंद्र अधीन पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। यादव ने कहा कि दिल्ली जैसे शहर में अन्य अपराधों के साथ वाहन चोरी भी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। यह चिंताजनक है कि इस वर्ष अब तक 259 गाड़ियां चोरी हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बड़ी अजीब बात है कि रिहायशी क्षेत्रों, सार्वजनिक क्षेत्रों, पेट्रोल पंप, पार्क यहां तक कि स्कूल के सामने से वाहनों की चोरी होने पर पुलिस अपनी लाचारी जाहिर करती है। पुलिस पहले तो पीड़ित के वाहन चोरी की एफआईआर नही करती और यदि एफआईआर दर्ज कर भी ले तो वैज्ञानिक तरीके से जांच न होने के कारण केस बंद करने पड़ते है। क्योंकि पुलिस का रवैया रहता है कि प्रभावित लोगों को इंशोरेंस से क्लेम तो मिल ही जाता इसलिए पुलिस वाहन चोरी के मामलों को संवेदनशीलता से जांच न करके अपना पीछा छुड़ाने की रणनीति पर विश्वास करती है। यादव ने कहा कि मंहगी गाड़ियां, ई-रिक्शा, ऑटो, दुपहिया आदि वाहनों को चोरी करने में बड़े-बड़े गिरोह सक्रिय है। दिल्ली पुलिस का एंटी ऑटो स्क्वायड दस्ता भी राजधानी में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोहिणी, पश्चिम विहार, अशोक विहार, डिफेंस कॉलोनी, ग्रैटर कैलाश प्रीत विहार, मालवीय नगर सहित जनकपुरी जैसे इलाकों में वाहन चोरी की घटनाएं बहुत अधिक हो रही है। लेकिन पुलिस अकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

## एलजी ने पुलिस से सिनेमा, थिएटर के लाइसेंस देने की शक्ति ली वापस, राजस्व विभाग करेगा यह कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दिल्ली पुलिस से सिनेमा हाल व थिएटर के लाइसेंस बनाने (देने) की शक्ति वापस ले ली है। अब यह कार्य दिल्ली सरकार का राजस्व विभाग को सौंपा गया है। इस बारे में दिल्ली राजनिवास सचिवालय ने बताया कि एलजी सक्सेना ने लाइसेंसिंग व्यवस्था को और उदार बनाने तथा दिल्ली में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़े कदम के तहत सिनेमा हॉल और थिएटर चलाने के लाइसेंस देने की शक्तियाँ दिल्ली पुलिस से वापस ले ली हैं। अब इस कार्य के लिए एलजी ने दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को लाइसेंसिंग प्राधिकरण के रूप में अधिकृत किया है। सचिवालय के अनुसार अब से जिला मजिस्ट्रेट, उपायुक्त की अध्यक्षता वाली एक समिति को सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत लाइसेंस देने का अधिकार होगा। इस कमेटी में संबंधित एमसीडी जोन के उपायुक्त, सचिव (पीडब्ल्यूडी), जीएनसीटीडी द्वारा नामित स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग भवन विशेषज्ञ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा नामित एक अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ, सचिव (विद्युत), जीएनसीटीडी द्वारा नामित एक विद्युत प्रणाली विशेषज्ञ और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसे डीसी नामित करेगें। यह कदम हाल ही में लिए गए उस बड़े फैसले के बाद उठाया गया है जिसमें दिल्ली पुलिस को सात श्रेणियों के व्यवसायों स्विमिंग पूल, भोजनालय, होटल, गेस्ट हाउस, डिस्कोथेक, वीडियो गेम पार्लर, मनोरंजन पार्क और ऑडिटोरियम के लिए लाइसेंस जारी करने का अधिकार वापस ले लिया गया था। इसका उद्देश्य लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को आसान बनाना और दिल्ली में लालफीताशाही मुक्त व्यावसायिक माहौल बनाना है। एलजी ने पुलिस आयुक्त को निर्देश जारी किए हैं कि वे संबंधित अधिकारियों को सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के तहत लाइसेंस देने से संबंधित मामलों को तत्काल प्रभाव से निपटाने का निर्देश दें।

## दिल्ली सरकार महिलाओं के हितों की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखती है : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ बुराड़ी 'चौपाल' में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में 201 कामकाजी महिलाओं को मिला ब्याज मुक्त ऋण

दिल्ली सरकार महिलाओं के हितों को प्राथमिकता श्रेणी में शीर्ष पर रखती है। हमारा ध्येय है कि कामकाजी महिलाओं का उत्थान हो। इस कड़ी में दिल्ली सरकार अपने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य कर रही। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुराड़ी क्षेत्र में चौपाल संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में 201 कामकाजी महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया। ताकि वे अपने व्यवसाय को और मजबूती प्रदान कर सकें। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने से पहले बुराड़ी बाईपास से लेकर स्वरूप नगर तक रोड शो का आयोजन किया गया। पूरे रास्ते स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री के ऊपर पुष्प बरसाए और सरकार के पक्ष में नारे भी लगाए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद मनोज तिवारी, विधायक अजय माहवार व राजकुमार भाटिया, मेयर राजा इक़बाल सिंह, नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही के अलावा स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यकारी सदस्य दयानंद, रवि बंसल आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने चौपाल संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की और बताया कि ऐसी सामाजिक संस्थाएं समाज के रीढ़ की तरह कार्य करती हैं, जो न सिर्फ लोगों के जीवन को सुदृढ़ बनाने का कार्य करती हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपना बहुमूल्य योगदान देती हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि चौपाल संस्था कामकाजी महिलाओं को जरूरत के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती हैं, ताकि यह महिलाएं अपने व्यवसाय या कामकाज को और मजबूत कर सकें।

# साइबर सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की जनसंपर्क शाखा ने आईएफएसओ यूनिट और सभी 15 जिलों के सहयोग से शनिवार को साइबर सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी को लेकर शहरभर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान का उद्घाटन दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पुलिस मुख्यालय में किया। इस दौरान स्पेशल सीपी अनिल शुक्ला, ज्वाइंट सीपी रजनीश गुप्ता, पीआरओ संजय त्यागी आदि सीनियर अफसर भी मौजूद रहे।

इस अभियान को प्रमोट करने के लिए पुलिस आयुक्त ने अभियान के शुभंकर 'साइबर रक्षक' का भी अनावरण किया। पीआरओ विभाग के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य साइबर अपराध और डिजिटल कमजोरियों के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों को एकजुट करना था। इसमें नागरिकों को संभावित साइबर खतरे से खुद को बचाने के महत्व के बारे में शिक्षित करने और एक अधिक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने पर जोर दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य एक समन्वित अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में दर्शकों तक संदेश पहुंचाना था। यह अभियान सभी 15 जिलों के जिला पुलिस उपायुक्तों और पुलिस उपायुक्त आईएफएसओ के समन्वय से चलाया गया। जनसंपर्क विभाग के नोडल अधिकारियों ने एसीपी रंजय अत्रिश्य की देखरेख में अभियान गतिविधियों का समन्वय किया। साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्नों के समाधान के लिए आई4सी और आईएफएसओ के विशेषज्ञ कर्मचारी कार्यक्रम स्थलों पर मौजूद रहे। इस अभियान के दौरान डिजिटल घोटालों पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ। बड़ी स्क्रीन पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन और फिशिंग, ओटीपी और ऋण घोटाले, सेक्सटॉर्शन, फर्जी नौकरी और केवाईसी धोखाधड़ी, डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी पर लाइव डेमो दिया गया। दिल्ली पुलिस जनसंपर्क कार्यालय के जनसंपर्क वाहन के माध्यम से जागरूकता संदेश फैलाने की कोशिश की गई। जन जागरूकता और व्यक्तिगत बातचीत के लिए सूचनात्मक सामग्री का वितरण किया गया। अभियान की योजना बहुत सावधानी से बनाई गई थी और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए ज्यादा लोगों की आवाजाही वाले स्थानों को चुना गया था। इनमें पालिका बाजार, एम्बिएंस मॉल वसंत कुंज, महाराजा सूरजमल संस्थान जनकपुरी, सीसीआरटी ऑडिटोरियम सेक्टर-7 द्वारका, ओमैक्स मॉल चांदनी चौक, करोल बाग मेट्रो स्टेशन के पास, पैसिफिक मॉल एनएसपी, सिटी सेंटर मॉल सेक्टर-10 रोहिणी, वर्धमान मॉल के सामने शनि मंदिर रानी बाग, एम-ब्लॉक, गुरुद्वारा रोड, जीके-2, सीआर पार्क थाना एरिया, लोटस टेम्पल ऑडिटोरियम, नेहरू प्लेस, वी3एस मॉल, लक्ष्मी नगर, क्रॉस रिवर मॉल, शाहदरा, बगीचा बैंक्वेट हॉल, सिरसपुर, वेलनेस सेंटर, ज्योति नगर पुलिस कॉलोनी शामिल है।

### डबल मर्डर केस में पैरोल जंपर को क्राइम ब्रांच ने किया अरेस्ट

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने डबल मर्डर के मामले में पैरोल जंप करने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई वर्षों से फरार था। इसे अपनी दो बेटियों की जहर देकर हत्या करने का दोषी पाया गया था। तीसरी बेटी बच गई थी। आरोपी हमीदुल्लाह को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। चार साल पहले पैरोल मिलने के बाद यह अंडरग्राउंड हो गया था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार दोषी हमीदुल्लाह पर अपनी तीन नाबालिग बेटियों को मारने के इरादे से जहर देने का मुकदमा चलाया गया था और उसे दोषी ठहराया जा चुका था। इस दुखद घटना में दो छोटी बेटियों की मौत हो गई, जबकि सबसे बड़ी बेटी बच गई। हमीदुल्लाह पुराने मुस्तफाबाद का रहने वाला है। इसकी पांच बेटियों थी। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद वह अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ अकेला रह रहा था। अन्य दो बेटियों की शादी पहले ही हो चुकी थी। 30 जुलाई 1999 को एक लड़की ने गोकुलपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता ने उसे और उसकी दो छोटी बहनों को जहर देने का प्रयास किया था। उसने बताया कि पिछली रात लगभग 10:30 बजे उसके पिता घर लौटे और उसे तीन कैप्सूल दिए। उससे कहा कि वह एक खा ले और बाकी दो अपनी बहनों को दे दे। चूंकि उसे केवल पेट दर्द था इसलिए जब उसने जरूरत पर सवाल उठाया तो पिता ने जिद की और खुद कैप्सूल छोटी लड़कियों के मुंह में रख दिए। शिकायतकर्ता ने कैप्सूल निगलने का नाटक किया, लेकिन उसे अपनी जीभ के नीचे छिपा लिया। इसके तुरंत बाद दोनों छोटी बहनों में जहर के लक्षण दिखाई दिए। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी और मुंह से झाग आने लगा। जबकि शिकायतकर्ता को जलन हुई और उसने कैप्सूल घर के बाहर थूक दिया। वह पड़ोसियों से मदद मांगने के लिए दौड़ी। लौटने पर उन्होंने पाया कि पिता फरार हो गया था। परिवार लड़कियों को अस्पताल ले गया, जहां दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया गया था। जांच के दौरान आरोपी को दो दिन बाद 31 जुलाई को ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### कर्मचारी एकता यूनियन का प्रतिनिधिमंडल डीटीसी एमडी से मिला

#### कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के मुद्दों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुनिवारको दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रिंस धवन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने एमडी से कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के अहम मुद्दों पर काफी देर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में संगठन अध्यक्ष ललित चौधरी, महामंत्री मनोज शर्मा, वाल्मीकि झा सहित अन्य शामिल थे। इस मुलाकात के बारे में संगठन की तरफ से बताया गया कि एमडी प्रिंस धवन से मिलकर डीटीसी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के कई अहम मुद्दों पर काफी विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें राहत की बात है कि एमडी ने बेसिक डीए ग्रेड पे को लागू करने के लिए फाइल को प्रगति के लिए चला दिया है। इसके अलावा डीटीसी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की वर्दी के रंग, मेडिकल कैशलेस स्कीम, घर से दूर दराज ट्रांसफर करना, ट्रांसफर में पारदर्शिता ट्रांसफर ऐप को दोबारा चालू करना, 15 सीएल लागू करना और सफाई कर्मचारियों के 8 घंटे की ड्यूटी लगाना, ऑन ड्यूटी कर्मचारी डेथ करने पर उसके परिवार को नौकरी मिलने जैसे कई अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठन का कहना है कि डीटीसी के ड्राइवर की भर्ती के लिए जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त अगले सप्ताह से इंटर स्टेट की पहली बस बीबीएम डिपो से बागपत के बीच चालू करने जैसे कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक सकारात्मक चर्चा रही। संगठन ने कहा कि एमडी ने संगठन की बातों को गंभीरता से सुना है और भरोसा है कि जल्द ही धीरे-धीरे सभी मुद्दों का निष्कर्ष निकलेगा।

### एस-6 प्रदूषण मानक वाहनों पर ईसीसी लगाने की चुनौती कोर्ट द्वारा स्वीकार करने पर ट्रांसपोर्टरों ने किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर ट्रांसपोर्ट एकता मंच ने दिल्ली में आने वाले सभी बी एस-6 डीजल के मालवाहक वाहनों से ग्रीन टैक्स ( ईसीसी) हटाने की अपील को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंजूर कर लेने पर संतोष व्यक्त करते हुए न्यायालय का धन्यवाद किया है। मंच ने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर सुनवाई को मंजूरी हुए सोमवार 28 जुलाई 2025 को सुनिश्चित कर दी है, जिसका संगठन हार्दिक धन्यवाद करता है। इस मुद्दे पर संगठन के महासचिव श्याम सुंदर ने बताया कि मंच को उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट 28 जुलाई 2025 को याचिका पर सुनवाई कर अपना फैसला सुना सकता है। कोर्ट तय करेगा कि क्या बीएस-6 अनुपालक ट्रकों पर दिल्ली में ईसीसी शुल्क लगना चाहिए या नहीं। उन्होंने बताया कि कोर्ट के एक पुराने आदेश के तहत सरकार केवल बीएस-चार मानको तक के ही वाहनों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) वसूल सकती है। क्योंकि इसके बाद निर्माण हो रहे बीएस- पांच व छह श्रेणी के वाहन जो प्रदूषण मुक्त श्रेणी में आते है, ऐसे वाहनों से सरकार द्वारा ईसीसी वसूली सरासर गलत है जिसे संगठन ने चुनौती दी और न्यायालय ने स्वीकार किया है। उन्होंने भरोसा दिया कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस पर सुनवाई करेगी जिससे ट्रांसपोटरों को उम्मीद जगी है कि सरकार की इस हठधर्मिता पर अंकुश लगेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती रीना मलिक, पत्नी श्री सौरभ मलिक, निवासी मकान संख्या 5655, गली संख्या 2, न्यू चंद्रावल, कमला नगर, दिल्ली-110007**, दूसरा पता **दुकान संपत्ति संख्या 5620, गली नंबर 1, न्यू चंद्रावल, कमला नगर, दिल्ली-110007** ने **सीसी नं.10510/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती रीना मलिक** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती रीना मलिक** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीसी नं.10510/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती रीना मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरविंद तोमर
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी ( एनआई एक्ट )-07, केन्द्रीय जिला
DP/9841/N/2025 कोर्ट नं.507, एक्सटेंशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

### मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# इंद्रलोक से दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी एलिवेटेड सड़क : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड सड़क बनाने का काम शुरू किया जाएगा और मुनक नहर के किनारे नया रिवरफ्रंट विकसित किया जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के पीतमपुरा में करोड़ों रुपए की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण के दौरान कही।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एलिवेटेड सड़क बनने से आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी और क्षेत्र भी सुंदर हो जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें दिल्ली में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। इसके साथ ही एसपी-1 से एसपी-65 तक 11 लाख रुपये के बजट से तैयार की गई नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 91 लाख रुपये की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में 54 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही जेपी और केपी ब्लॉक में 35 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में 6 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया।

इसके अलावा जेपी, केपी, एमपी, एलपी ब्लॉकों में 1.35 करोड़ रुपये की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जेडी ब्लॉक में हाई मास्क लाइट भी दो लाख रुपये की लागत से लगाई जा चुकी है। यह सभी योजनाएं स्थानीय नागरिकों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई हैं।

#### प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना को जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का भी निरीक्षण किया और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लाला जगत नारायण मार्ग पर एनएसपी से मधुबन चौक पर प्रस्तावित यू टर्न (40 लाख रुपये) का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में चल रही अन्य परियोजनाओं की भी जानकारी दी।

## कारगिल की जीत ने भारत के साहस और गरिमा को प्रदर्शित किया : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कारगिल युद्ध में मिली जीत ने भारत के साहस, संयम और गरिमा को प्रदर्शित किया है। कारगिल विजय दिवस देश के सैनिकों के अद्वितीय पराक्रम, अनुशासन और समर्पण को श्रद्धांजलि है। यह बातें शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार सुबह नेशनल वॉर मेमोरियल में राष्ट्र रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारत मां के अमर सपूतों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर विनम्र नमन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इन अमर सेनानियों का स्मरण पीढ़ियों तक हमारी चेतना को जागृत करता रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग के एबी ब्लॉक स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जुलाई भारतीय सेना के शौर्य, रणनीति और अदम्य साहस की गौरव गाथा का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के नायकों ने जिस वीरता से दुर्गम पहाड़ियों पर विजय प्राप्त की, वह हर भारतीय के हृदय में अमिट है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, योगदान और मार्गदर्शन को भी समाज की अमूल्य धरोहर बताया।

### स्कूलों का नाम शहीदों के नाम पर रखने की संभावना तलाशेगी सरकार : सूद

नई दिल्ली। हम यह भी संभावना तलाश करेंगे कि दिल्ली के अच्छे स्कूलों के नाम दिल्ली के शहीदों के नाम पर हों। यह बात दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज में आयोजित कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस कार्यक्रम बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और सबसे पहले शिवाजी कॉलेज के पूर्व छात्र रहे शहीद कैप्टन सुमित राय, कैप्टन हनीफ उद्दीन तथा कैप्टन अनुज नैय्यर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल, शहीद कैप्टन सुमित राय की माताजी स्वप्ना रॉय, शिक्षक और छात्र भी उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि शहीद भगत सिंह को याद करना सबको अच्छा लगता है। सब भगत सिंह से प्रेरणा लेना चाहते है। मगर भगत सिंह मेरे घर में जन्मे यह कोई नहीं चाहता। हर कोई चाहता है कि समाज में सब कुछ अच्छा हो और हमारी सीमाएं सुरक्षित रहें। मगर सीमा की सुरक्षा में सुप्रीम सैक्रिफाइस देने वाला पड़ोसी के घर से हो। फिर भी इस देश की माटी में ऐसा खून है कि हमारी नई जनरेशंस फौज में भर्ती होना चाहती हैं। युवा पीढ़ी में वो जज्बा है जो देश हित को सर्वोपरि मानती है।

### उपराज्यपाल सक्सेना सहित अन्य ने दी कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। कारगिल विजय की 26 वीं वर्षगांठ पर शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सहित कईयों ने कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दी। एलजी सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर भारतीय सेना का शुभकामनाएं दी। एलजी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर, मैं भारतीय सेना के उन सभी जवानों को नमन करता हूं, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान देकर, देश की सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने लिखा कि हमारे वीर जवानों का साहस और उनकी शौर्य गाथा, सदैव भारतीयों को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देती रहेगी। सक्सेना ने लिखा कि ये राष्ट्र हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। जय हिंद!

### 'कारगिल विजय दिवस' हमारी सेना के शौर्य, गौरव और विजय का दिन : सचदेवा

नई दिल्ली। 'कारगिल विजय दिवस' हमारी सेना के शौर्य, गौरव और विजय का दिन है जिस पर हर भारतीय को गर्व है। यह बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कही। इंडिया गेट स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चंदोलिया एवं कमलजीत सहरावत आदि उपस्थित थे जिन्होंने वॉर मेमोरियल में वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की लिखी हुई गाथाओं को देखा। इस अवसर पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कारगिल की लड़ाई जो हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में लड़ी गई थी, उसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को कुचलने का काम किया था। सचदेवा ने कहा कि भारतीय सेना की जीत को आज सेलिब्रेट करने का दिन है।

### उपमहापौर की अध्यक्षता में डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता बैठक हुई आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू और मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव को लेकर शनिवार को उपमहापौर जयभगवान यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप महापौर के अलावा स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी, मोहल्ला सुधार समितियों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय गणमान्य लोगों सहित लगभग 100 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में उपमहापौर ने डेंगू एक खतरनाक बीमारी है, लेकिन हम सभी मिलकर साफ-सफाई और जागरूकता के साथ आगे बढ़ें, तो इसे रोका जा सकता है। उन्होंने साफ शब्दों में अधिकारियों को चेताया कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डेंगू की रिपोर्टिंग व्यवस्था में पहले से काफी सुधार हुआ है, जिससे वास्तविक स्थिति को जानना अब आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने सभी मोहल्ला समितियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ पानी की निकासी सुनिश्चित करें और जलजमाव रोकने के लिए जन-सहयोग को आगे लाएं। इस मौके पर उप-स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय हांडा ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है।

### प्रवेश साहिब सिंह ने यमुना पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शनिवार को बाराखंभा स्थित मॉडर्न स्कूल के बच्चों द्वारा यमुना मोटिवेशन थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस बात की जानकारी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने एक्स पर एकाउंट पर तस्वीरें शेयर की दी। उन्होंने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि आज मॉडर्न स्कूल बाराखंभा में 'यमुना मोटिवेशन' थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन कर छात्रों की रचनात्मकता, ऊर्जा और समर्पण को देखा। बच्चे यमुना नदी की सफाई जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक सरोकारों से भी सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं, यह देखकर विश्वास और भी दृढ़ हुआ कि जब युवा जागरूकता के साथ आगे बढ़ते हैं, तो वे केवल भविष्य नहीं बनाते, बल्कि वर्तमान को भी संवारते हैं।



## खबर संक्षेप

### मैराथन की तैयारियों को लेकर उपाध्यक्ष ने लिया जायजा

**गाजियाबाद।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर



रविवार को होने वाली रीनाथॉन की थींम रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के मद्देनजर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित सिटी फारेस्ट का जायजा लिया। डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल और एडिशनल एडीसीपी ट्रेफिक सच्चिदानंद सिंह के साथ मंत्रणा की और मैराथन के रूट का जायजा लिया।

### तुषार कौशिक बने रालोद युवा के महानगर अध्यक्ष

**गाजियाबाद।** तुषार कौशिक को राष्ट्रीय लोकदल युवा का महानगर



अध्यक्ष बनाया गया है कौशिक की नियुक्ति की घोषणा राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टैटू राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता ऑडी त्यागी समय तमाम नेता उपस्थित थे।

### टायर चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**गुड़गांव।** सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने गाड़ी से स्टेफनी का टायर चोरी करने वाले दो आरोपी बीते शुक्रवार को सेक्टर-29 से काबू किए हैं।



पुलिस ने आरोपियों से तीन हजार रुपए बरामद किए हैं। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। मोगरा गांव निवासी रवि प्रकाश और जगतसिंहपुर के चंद्रपुर निवासी एस्टोनिश उर्फ लेबलू के रूप में हुई है। आरोपियों ने गाड़ी की स्टेफनी का टायर चोरी करके राह चलते कबाड़ी को आठ हजार रुपए में बेच दिया।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी ने फरीदाबाद की महापौर जोशी को कोथली भेंट की

तीज उत्सव के भव्य आयोजन में फरीदाबाद की महापौर परवीन जोशी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और महिलाओं के सांस्कृतिक उत्थान व परंपराओं के संरक्षण हेतु आयोजित इस उत्सव को सराहा, इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल अशिम कुमार घोष की धर्मपत्नी मित्रा घोष, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव, विधायक शक्ति रानी शर्मा, बिमला चौधरी भाजपा नेत्री बंतो कटारिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तीज उत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने प्रदेशभर से संत कबीर कुटीर में पधारी सभी बहनों और बेटियों को शगुन की कोथली भेंट कर ढेरों मंगलकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने की।

इस भव्य आयोजन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष की धर्मपत्नी मित्रा घोष, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव, विधायक शशक्ति रानी शर्मा, शबिमला चौधरी, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

फरीदाबाद की महापौर परवीन जोशी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और महिलाओं के सांस्कृतिक उत्थान व परंपराओं के संरक्षण हेतु आयोजित इस उत्सव को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा मिलती है।




**भोलेनाथ सभी परिवारों के जीवन में नई खुशियां देः महापौर**

तीज का पर्व हमारे हरियाणा में त्योहारों के आगमन का प्रतीक माना जाता है। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती हरियाणा के सभी परिवारों के जीवन में नई खुशियां, स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करें।

## पहले दिन की सीईटी-2025 परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

# एचएसएससी के चेयरमैन सिंह व उपायुक्त विक्रम सिंह ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दो पालियों शिफ्ट में आयोजित सीईटी-2025 की परीक्षा पहले दिन कुल 163 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा अभ्यर्थियों को नहीं हुई। फरीदाबाद में कुल पांच जिलों गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल व रोहतक से अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। प्रशासन की ओर से किए गए इंतजाम छात्रों को खूबरास आए। महिला अभ्यर्थियों ने बिना किसी परेशानी व खर्च के सरकारी सेवाओं के जरिए परीक्षा केंद्र पहुंचने की सुविधा की सराहना की। सुबह की शिफ्ट में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमिशन के चेयरमैन हिम्मत सिंह व उपायुक्त विक्रम सिंह दौरे पर रहे।

सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल से निरीक्षण दौरे के शुरुआत की गई। इस दौरान छात्रों की बायोमैट्रिक, सुरक्षा जांच के अलावा अन्य इंतजाम परखे गए। एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने जिले में आयोजित परीक्षा के इंतजाम देखकर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा में नहीं देखा गया। पत्रकारों की ओर से परीक्षा को चुनौती बताने वाले एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार का दायित्व है कि युवाओं का भरोसा बना रहे। ऐसे में परीक्षा कोई चुनौती नहीं बल्कि दायित्व है। उन्होंने कहा कि छात्रों को यातायात सुविधा पूरी तरह से सुनिश्चित की गई है। किसी भी प्रकार की कमी कहीं नहीं मिली। विजिट के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा एसओपी का पूरी तरह से पालन किया गया। कमीशन के विभिन्न सदस्य अलग-अलग परीक्षा केंद्र का दौरा कर रहे हैं। छात्र अलग अलग माध्यम से कमीशन से जुड़े हैं। सभी का फीडबैक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर इतनी बेहतर व्यवस्था है कि यह सर्वोत्तम प्रयास है।

**खास बातें**

- महिला अभ्यर्थियों ने जताई संतुष्टि
- अभ्यर्थी बिना किसी परेशानी व खर्च के सरकारी सेवाओं से परीक्षा केंद्र पहुंचे
- जिले में 163 परीक्षा केंद्रों पर दौड़ी हरियाणा रोडवेज व शटल बस सेवा
- प्रशासनिक समन्वय से मिली सफलता

### सीएम के निर्देशों का पालन किया जाएगा



डीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं और कहीं कोई समस्या सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों की पूर्ण अनुपालना की जा रही है तथा प्रशासन आगामी शिफ्टों में भी इसी तरह की सतर्कता और सक्रियता बनाए रखेगा। यदि किसी भी स्तर पर सुधार की आवश्यकता हुई, तो उसे और बेहतर किया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर ग्राम सचिव व शहरी क्षेत्र में जेई को दिव्यांग अभ्यर्थियों को घर से परीक्षा केंद्र तक लाने व ले जाने का जिम्मा सौंपा गया। इसी कड़ी में जिले में विभिन्न दिव्यांग अभ्यर्थियों ने संतुष्टि जाहिर करते हुए सरकार का आभार जताया। एक मूक अभ्यर्थी की माता ने वीडियो पर फीडबैक देते हुए कहा कि बेटा बोल नहीं सकता लेकिन सरकार से मिली सुविधा के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। इसी तरह परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर मूक बेटे ने भी साइन लैंग्वेज के जरिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हृदय से आभार जताया। कई अन्य दिव्यांग महिला-पुरुष की ओर से भी फीडबैक वीडियो प्रशासन की ओर से सांझा किए गए। सभी ने सरकार की व्यवस्था और अभिभावक की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा किसरकार ने निश्चित ही युवाओं में अलग उत्साह व आत्मविश्वास पैदा किया है। यह सरकार की सर्वोत्तम कार्य शैली का उदाहरण है।

### बस मिस हुई तो प्रशासन ने दौड़ा दी बाइक व कार, पेपर छूटने से बचाया

बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर दोपहर की शिफ्ट में परीक्षा देने पहुंचे झज्जर के अभ्यर्थी की शटल मिस हो गई। ऐसे में जीएम रोडवेज शिखा अंतिल ने सीएम नायब सिंह सैनी व डीसी विक्रम सिंह केआदेशानुसार अभिभावक की भूमिका निभाते हुए अपनी गाड़ी से अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। इसी तरह रोडवेज से सेक्टर 12 परेड ग्राउंड तक पहुंचे लेकिन शटल सेवा लेने से वंचित रह गए। इन अभ्यर्थियों को सेक्टर 16, 17, 18, 19 में बनाए गए परीक्षा केंद्र तक ड्रॉप सुविधा दिलाई गई। बाइक टैक्सी, कार पूल व अन्य माध्यम से करीब पांच अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया। इसी तरह एनआईटी क्षेत्र में बने दशहरा ग्राउंड के पिकअप प्वाइंट से कई छात्रों की बस छूट गई। इन छात्रों को बड़खल तहसील के नायब तहसीलदार उमेश कसाना व तहसीलदार नेहा सहारण नेअपनी-अपनी गाड़ी में बिठाकर अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों के इस नायब रूप को अभ्यर्थियों ने खूब सराहा।

## भाजपा पार्षद ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ किया पौधरोपण

# पेड़-पौधों से मिलती है हमें शुद्ध ऑक्सीजनः पार्षद अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के आह्वान पर नगर निगम के वार्ड नंबर-37 से भाजपा पार्षद मुकेश अग्रवाल द्वारा समूचे वार्ड में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत शनिवार को रेजिडेंट वेलफेयर एसो सेक्टर-9 नार्थ जोन के पदाधिकारियों के साथ पार्क में पौधारोपण किया और लगाए गए पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर एसो के प्रधान रणबीर चौधरी, अजय भाटिया, अरुण बजाज, सतबीर शर्मा, श्याम सुंदर ठाकुर, हरिराम चंदीला, सुलाखान आनंद, संजय बंसल, योगेश गुप्ता, अजय दुआ, हरीश सिंगला, बाबूलाल सिंगला इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसो के प्रधान रणबीर चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने पार्षद मुकेश अग्रवाल का स्वागत किया और उनके द्वारा चलाई गई मुहिम का भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसमें पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पार्षद मुकेश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है क्योंकि जितने ज्यादा से ज्यादा हम पेड़-पौधे लगाएंगे, उतनी ही आक्सीजन और शुद्ध हवा हमारी आने वाली पीढ़ियो को उपलब्ध हो पाएगी। पिछले दिनों हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने भी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया था।


बी एच ई एल BHEL

**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालयः "बीएचईएल हाउस", सिरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049
फोनः 011-66337598
वेबसाइटः www.bhel.com, ईमेलः shareholderquery@bhel.in

**61वीं वार्षिक आम बैठक और ई–वोटिंग की जानकारी**

कंपनी की 61वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) विडियों कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (वीसी) के माध्यम से **मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 को सुबह 10 बजे** (IST), एजीएम बुलाने के नोटिस में दिये गये कार्य को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी। यह एजीएम कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके साथ बनाए गए नियमों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ–साथ कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किये गये परिपत्रों दिनांक 8 अप्रैल, 2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, दिनांक 5 मई, 2020 एवं दिनांक 19 सितम्बर, 2024 के अनुपालन में आयोजित की जा रही है। शेयरधारक **www.evoting.nsdl.com** वेबसाइट पर वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकेंगे। वीसी के माध्यम से भाग लेने वाले शेयरधारकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य के लिए माना जाएगा।

उपर्युक्त कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन में एजीएम के नोटिस और 2024–2025 के वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 26 जुलाई, 2025 को प्रेषित किया गया है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। उपर्युक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट **(www.bhel.com)**, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **(www.bseindia.com)**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **(www.nseindia.com)** और ई–वोटिंग एजेंसी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, (सेबी) (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 44 तथा उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसरण में **12 अगस्त, 2025** की तिथि (कट–ऑफ तिथि) पर शेयरधारक, एनएसडीएल के द्वारा दिये गये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई–वोटिंग) के माध्यम से एजीएम के नोटिस में निर्धारित कार्य पर अपना वोट डाल सकते हैं। सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है किः

(i) शेयरधारक दूरस्थ स्थान से अपना वोट **(रिमोट ई–वोटिंग) www.evoting.nsdl.com** पर निम्नलिखित विधि द्वारा डाल सकते हैं:
- रिमोट ई–वोटिंग के प्रारंभ होने की तिथि एवं समयः **शनिवार, 16 अगस्त, 2025 को सुबह 9 बजे।**
- रिमोट ई–वोटिंग के समाप्त होने की तिथि एवं समयः **सोमवार, 18 अगस्त, 2025 को शाम 5 बजे।**
- **18 अगस्त, 2025 को शाम 5 बजे** के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- यदि एजीएम सूचना भेजने के बाद कोई व्यक्ति शेयर अधिग्रहण करता है और निर्धारित तिथि **12 अगस्त, 2025** को कंपनी का शेयरधारक रहता है, वह अपना यूजर आईडी और पासवर्ड एजीएम की सूचना के अनुसार प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए अपना मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकता है। शेयरधारक एजीएम के नोटिस में उल्लिखित विस्तृत रिमोट ई–वोटिंग निर्देश को भी देख सकते हैं।

(ii) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम में वोट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारक जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डाल पायेंगे।

(iii) जिन शेयरधारकों ने एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल दिया है, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन एजीएम में दोबारा वोट नहीं डाल पायेंगे।

(iv) कट–ऑफ/निर्धारित तिथि यानि कि **मंगलवार, 12 अगस्त, 2025** को जिस व्यक्ति का नाम शेयरधारकों के रजिस्टर में दर्ज हैं अथवा जिसका नाम डिपॉजिटरी द्वारा रखे गये बेनिफिशियल स्वामित्व रजिस्टर में शामिल हैं, वे ही रिमोट ई–वोटिंग से वोट डाल सकते हैं, एजीएम में भाग ले पायेंगे अथवा एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डाल पायेंगे।

(v) सभी शेयरधारकों को ई–वोटिंग से संबंधित जानकारी और दिशानिर्देश जिसमें यूजर आईडी और पासवर्ड सम्मिलित हैं, ईमेल के माध्यम से भेज दी गई है। वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए वहीं लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाना है।

(vi) डिमैटिरियलाइज्ड मोड और फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों तथा वे शेयरधारकों जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने का तरीका एजीएम नोटिस में दिया गया है। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

(vii) एजीएम के दौरान अपने विचार प्रकट करने अथवा प्रश्न पूछने के लिए कंपनी शेयरधारकों को "स्पीकर रजिस्ट्रेशन" की सुविधा प्रदान कर रही है। "स्पीकर रजिस्ट्रेशन" की सुविधा शनिवार, 9 अगस्त, 2025 (सुबह 9 बजे) से मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 (शाम 5 बजे) तक उपलब्ध होगी। शेयरधारक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

(viii) ई–वोटिंग से संबंधित प्रश्नों/शिकायतों के मामले में शेयरधारक **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड सैक्शन पर उपलब्ध 'शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)' एवं 'शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल' को देख सकते है या टोल फ्री नं. 022–48867000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे को ईमेल **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेज सकते हैं।

(ix) दस्तावेजों के निरीक्षण के लिए कृपया एजीएम नोटिस में दिये गये विस्तृत निर्देशों का संदर्भ लें।

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
(डॉ. योगेश आर छाबड़ा)
कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 जुलाई, 2025

**ईमेल पते का पंजीकरण करने/अद्यतन करने की विधिः**

(i) फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते का पंजीकरण करने/अद्यतन करने के लिए ईमेल अनुरोध **shareholderquery@bhel.in** को या कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को **rta@alankit.com** पर भेजें जिसमें प्रथम शेयरधारक द्वारा हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति (जिसमें ईमेल पता एवं मोबाइल नं. का उल्लेख हो), पैन कार्ड की स्वयं–साक्ष्यांकित प्रति और शेयर प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न हों।

(ii) डिमैटिरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते का पंजीकरण/अद्यतन अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास करें।


## यातायात व्यवस्था के लिए तैनात किया अतिरिक्त पुलिसबल

# गुरुग्राम पुलिस ने 117 अभ्यर्थियों को पहुंचाया सीईटी के परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कॉमन इलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का पेपर शनिवार को दो शिफ्टों में आयोजित हुआ। परीक्षा देने के लिए गुरुग्राम आए अभ्यर्थियों को केंद्रों तक पहुंचाने में पुलिस ने मदद की। विभिन्न जिलों से सीईटी की परीक्षा देने आए 117 अभ्यर्थियों को पुलिस ने उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया। सीईटी के दौरान प्रशासन ने सभी पुलिस नाकों, चौक-चौराहों और परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया हुआ था ताकि सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को परेशानी न हो।

शनिवार को दो शिफ्टों में सीईटी देने आने वाले अभ्यर्थी किसी भी कारण से लेट हो गए, कोई अभ्यर्थी गलत परीक्षा केंद्र में पहुंच गया या फिर किसी अभ्यार्थी को परीक्षा केंद्र नही मिला तो गुरुग्राम पुलिस ने उन्हें समय पर उनके केंद्र तक पहुंचने में मदद की। शनिवार को एक बस खराब हो गई तो गुरुग्राम पुलिस ने अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की ताकि वे केंद्र में समय पर प्रवेश कर सकें और उनकी परीक्षा न छूट जाए। वहीं, अभ्यर्थियों से भरी एक बस को परीक्षा केंद्र नहीं मिला तो पुलिसकर्मियों ने मदद करके केंद्र तक पहुंचाया।

### दुकान से कपड़े चोरी करने वाली महिला आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** नाहरपुर रूपा चौकी पुलिस ने दुकान से कपड़े चोरी करने वाली एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला आरोपी से पांच हजार रुपये बरामद किए हैं। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। महिला आरोपी की पहचान स्वाई माधोपुर (राजस्थान) के मंडलगांव निवासी कविता बाई (29 वर्ष) के रूप में हुई है। महिला आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि दुकान से सामान (कपड़ा) चोरी कर रहे युवक जिस गाड़ी में आए थे, आरोपी महिला भी उसी समय गाडी में बैठी थी और वारदात में शामिल थी आरोपियों ने चोरी किए गए कपड़े 20 हजार रुपये में बेचे थे। इनमें महिला आरोपी महिला व उसके पति ने 15 हजार रुपये हिस्सा लिया था। वारदात में प्रयोग गई गाड़ी महिला आरोपी के नाम पर है। इस मामले में अब तक पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी को पुलिस ने पहले ही बरामद कर लिया था।

## दो पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती

# सीईटी परीक्षा के दौरान ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे दो पुलिसकर्मियों को कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कॉमन इलिजिबिलिटी टेस्ट सीईटी परीक्षा के दौरान ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कर्मियों को तेज रफ्तार किआ सेल्टोस कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों ट्रैफिक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतना जोरदार thi कि बाइक पर सवार दोनों जवान करीब 20 मीटर दूर उछलकर गिर पड़े और सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी अनुसार, ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोहित और हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत लगे कौशल सीईटी परीक्षा सेंटर के पास जाम क्लियर कराने में लगे हुए थे। इसी दौरान वहां पर एक कार का टायर पंचर हो गया था, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया था। दोनों जवान इफ्को चौक से एमजी रोड की ओर उस गाड़ी को हटवाने के लिए आए थे। एम3एम बिल्डिंग के सामने एक तेज रफ्तार लाल रंग की किआ सेल्टोस कार आई और सीधे पुलिस कर्मियों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पुलिसकर्मी सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही ट्रैफिक जोनल अधिकारी अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों की सहायता से घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत पारस अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पार्क अस्पताल में रेफर किया गया। हादसे के बाद डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन पार्क अस्पताल पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों का हाल जाना। इस हादसे में रोहित की पसलियों में फ्रेक्चर हो गया।

### झाड़ियों में युवक का शव मिलने से मची सनसनी

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया के केएमपी पर झुंडसराय पटौदी रोड के पास झाड़ियों में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही फर्रुखनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## मंत्री ने तिगांव में कालका सुपरमार्ट का शुभारंभ कर लोगों से किया संवाद

# स्वरोजगार की ओर बढ़ रहे युवाओं को देखकर प्रसन्नता होती हैः मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने शनिवार को अपने पैतृक गांव तिगांव में कालका सुपरमार्ट का शुभारंभ किया। उनके साथ वरिष्ठ नेता जेपी नागर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुझे बताया गया है कि रोजमर्रा के काम की वस्तुएं इस दुकान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने दुकान चलाने वाले युवाओं को स्वरोजगार की तरफ कदम बढ़ाने पर बधाई दी और कहा कि स्वरोजगार ही भारत को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का मंत्र है। आप लोग वास्तव में इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

### मंत्री नागर ने गांव के लोगों से मुलाकात की



इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने अपने गांव के लोगों के साथ मुलाकात की और उनके कुशल क्षेम जाना। नागर ने कहा कि हमारी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार युवाओं को स्वरोजगार की तरफ प्रेरित कर रही है और इसमें मदद करने के लिए अनेक योजनाएं भी सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसके जरिए अब तक करोड़ों युवाओं ने स्वरोजगार के लिए अपने स्टार्टअप प्रारंभ किए हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से स्वरोजगार को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार आर्थिक रूप से मजबूत बनता है और एक स्थापित रोजगार आने वाली पीढ़ियों को भी मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर तिगांव अधाना पट्टी के सरपंच वेद प्रकाश अधाना, तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता अमन नागर, राम सिंह नेताजी, ग्रीवेंस कमेटी के मेंबर दयानंद नागर, हरिचंद सरपंच, राजेंद्र नागर, रामपाल अधाना, वीरपाल जैलदार, पप्पू चेयरमैन, बलजीत नागर, वीरेंद्र नागर, धीर सिंह पीलवान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। नगर निगम फरीदाबाद जल आपूर्ति प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। निगम द्वारा पाइपलाइन विस्तार, लीकेज सुधार और जल स्रोतों की सफाई जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैजान, पुत्रः मेहताब, पताः म. नं. 290/6, प्रथम तल, खसरा नं. 131, गली नं. 9, गांव वजीराबाद, दिल्ली** ने **FIR No. 166/2024, U/s 25/54/59 & 102 Cr.PC, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फैजान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फैजान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 166/2024, U/s 25/54/59 & 102 Cr.PC, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **फैजान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अमरदीप कौर**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**उत्तर, कमरा नं. 117**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8500/NW/2025**

## खबर संक्षेप

### अटल मोहल्ला क्लीनिक नाम बदलने पर बवाल

**रांची।** झारखंड में अटल मोहल्ला क्लिनिकों का नाम मदर टेरेसा एडवांस क्लीनिक करने पर भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का नाम हटाकर राज्य सरकार राजनीति के निम्न स्तर पर उतर आई है। उन्होंने सीएम से पूछा कि इसे कृतघ्नता कहा जाए या नैतिक पतन। झारखंड राज्य के निर्माण में वाजपेयी का योगदान किसी परिचय का मोहताज नहीं है।

### कांस्टेबल भर्ती: अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2015 के कई अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते



हुए उन्हें मेडिकली अनफिट घोषित करने की रिपोर्ट को रद्द कर दिया है। विभिन्न रोगों के डॉक्टरों का नया मेडिकल बोर्ड गठित कर नियत तिथि व समय पर बुलाकर दोबारा मेडिकल जांच कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल जांच में फिट पाए जाने वालों को वरिष्ठता के साथ नियुक्ति दी जाए।

### दूसरे समुदाय के प्रेमी संग पकड़ी गई युवती की हत्या

**बागपत ।** जिले से हॉरर किलिंग की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि




दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ जाने पर युवती के परिजनों ने दोनों को पकड़ कर पीटा और युवती की हत्या कर शव दफना दिया। मारपीट से घायल प्रेमी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रेमी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

योगी सरकार की तरफ से किसानों को बड़ा तोहफा

# साहीवाल, गिर, थारपारकर प्रजाति पर मिलेगी 11.80 लाख

यूपी सरकार ने पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना 2025-26 शुरू की है। इसके तहत 10 गायों की इकाई स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। आवेदन 14 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे।

**एजेंसी ▶▶ वाराणसी**

यूपी सरकार ने पशुपालकों के लिए मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना 2025-26 की शुरुआत की है, जो किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत 10 गायों (साहीवाल, गिर, थारपारकर प्रजाति) की इकाई स्थापित करने के लिए 23.60 लाख रुपए की परियोजना लागत पर 50 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 11.80 लाख रुपए) दो चरणों में प्रदान किया जाएगा। लाभार्थी को 15 प्रतिशत अंश और 35 प्रतिशत बैंक ऋण देना होगा

पहले चरण में आधारभूत संरचना तैयार होने पर 25 प्रतिशत (5.90 लाख रुपए) और गायों की खरीद के बाद दूसरे चरण में 25 प्रतिशत (5.90 लाख रुपए) अनुदान मिलेगा। लाभार्थी को 15 प्रतिशत अंश और 35 प्रतिशत बैंक ऋण देना होगा। आवेदन 14 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। गायों का क्रय यथासंभव प्रदेश के बाहर ब्रीडिंग ट्रैक्ट से करना



होगा और प्रत्येक गाय का ईयर टैग व बीमा अनिवार्य है। गाय प्रथम या द्वितीय ब्यात (गर्भावस्था या प्रसव) की होनी चाहिए, जिसका ब्यात 45 दिन से अधिक न हो। आवेदक के पास गोपालन या महिष पालन में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए।

### पंचगव्य से सौंदर्य उत्पाद, कीटनाशक बायोगैस से दौड़ेंगी गाड़ियां

**लखनऊ।** यूपी में 'गो सेवा से समृद्धि' अब अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और ग्रामीण जीवनशैली को एक नई दिशा देने जा रही है। पहली बार पंचगव्य से सौंदर्य उत्पाद, जैविक कीटनाशक और बायोगैस जैसे नवाचारों का समावेश करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में अनेक परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जो पारंपरिक आस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर प्रदान करेंगी।

पंचगव्य से स्किन केयर बनाने, बायोगैस से वाहन चलाने और जैविक उत्पादों से हरित खेती की परिकल्पना को अब सीएम योगी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर पर अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, चित्रकूट, कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी से इसकी शुरुआत होने जा रही है। प्रदेशभर में विभिन्न नवाचारों पर आधारित परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। ये परियोजनाएं गोवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण नवाचार को नई पहचान दिलाएंगी।

---

अग्निवीरों के लिए योगी सरकार का बड़ा फैसला

# रिटायरमेंट के बाद यूपी पुलिस में मिलेगा 20 फीसदी आरक्षण

उत्तर प्रदेश सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत सेना में सेवा देने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

**एजेंसी ▶▶ लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत देश की सेनाओं में सेवा देने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यह निर्णय न सिर्फ युवाओं को सेना में सेवा के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो जवान अग्निवीर योजना के अंतर्गत देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं, जब वे सेवा समाप्त कर लौटेंगे, तो उन्हें यूपी पुलिस में भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए 20 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

**खास बातें**

- अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित बनाया जाएगा
- शहीद होने पर सरकार परिवार को देगी 50 लाख और परिवार के एक सदस्य को नौकरी

### शहीदों के परिवारों को मिलेगी हिम्मत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये भी बताया कि अगर कोई जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो सरकार उनके परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी उपलब्ध कराती है।

साथ ही शहीद के गांव या नगर में स्मारक, संस्थान या मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया जाता है ताकि उनकी शहादत को चिरस्थायी बनाया जा सके।

### वीरों के परिजनों का किया गया सम्मानित

*यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में करगिल विजय दिवस पर आयोजित एक समारोह के दौरान की। कार्यक्रम में कैप्टन मनोज पांडेय, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, रायफल मैन सुनील जंग और मेजर रितेश शर्मा जैसे वीरों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।*

### ओबीसी परिवार को तोहफा देगी यूपी सरकार

प्रदेश की योगी सरकार पिछड़ा वर्ग परिवार की बेटियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। सरकार ने पिछड़ा वर्ग के परिवार की बेटियों की शादी के लिए मिलने वाले अनुदान की राशि बढ़ाने जा रही है। अभी तक यह राशि 20 हजार रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 35 हजार करने का फैसला लिया गया है। योगी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने इसको लेकर घोषणा भी कर है।

**अब बेटियों की शादी के लिए मिलेंगे 35 हजार**

उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग परिवार को तोहफा देने के लिए सरकार प्रस्ताव तैयार कर रही है, जिसे जल्द ही पारित करा लिया जाएगा। मंत्री नरेंद्र ने बताया कि बढ़ती महंगाई को देखे हुए सरकार ने पिछड़ा परिवार को लेकर ये फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवार के लोगों को बेटियों की शादी में सहायता मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान भी किया गया है।

---

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

## अयोध्या में पीडीए महासम्मेलन में कुर्सी के लिए बवाल, हंगामा

**एजेंसी ▶▶ अयोध्या**

अयोध्या में समाजवादी पार्टी के पहले 'पीडीए महासम्मेलन' के दौरान शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। सम्मेलन का आयोजन सहादतगंज पॉलिटेक्निक के सामने फॉरएवर लॉन में किया गया था। इसमें सपा सांसद अवधेश प्रसाद मुख्य अतिथि थे। उनके आने से पहले कार्यक्रम में मंच पर बैठने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया।

कार्यक्रम 'सामाजिक न्याय' और 'पिछड़े वर्ग' की भागीदारी पर केंद्रित था, लेकिन मंच पर ही अनुशासनहीनता की तस्वीर देखने को मिली। स्थिति को संभालने के लिए कई वरिष्ठ नेताओं को बीच-बचाव करना पड़ा। बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ 'कुर्सी' थी। मंच पर कौन-कहां बैठेगा, इसी को लेकर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कार्यकर्ताओं के व्यवहार से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नाराज दिखे।

### अखिलेश ने कार्यक्रम को लेकर बधाई दी

कुछ दिन पहले अखिलेश यादव ने प्रदेश के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को संविधान और आरक्षण के विषय पर पीडीए महापंचायत या पीडीए सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया था। अयोध्या में शनिवार को अखिलेश यादव के उसी निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को अयोध्या के इस कार्यक्रम को लेकर बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ‟समस्त पीडीए समाज को 'आरक्षण दिवस' एवं 'संविधान-मान स्तंभ स्थापना दिवस' के साथ ही अयोध्या में आयोजित प्रथम 'पीडीए महासम्मेलन' की अपार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

### जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा

अखिलेश यादव ने आगे लिखा, ‟भारत के संविधान की प्रति के सान्निध्य में 'संविधान-मान स्तंभ स्थापना दिवस' आयोजित करके हम 'सामाजिक न्याय' व 'समता-समानता' और 'आरक्षण' को बचाए-बनाए रखने का अपना संकल्प दोहरा रहे हैं। इसके पीछे यही मूल भावना है कि 'संविधान-मानस्तंभ' वस्तुतः 'पीडीए-प्रकाश स्तंभ' के रूप में हमारे 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है।

---

## पेज एक का शेष

**प्रधानमंत्री मोदी दुनिया...**

समर्थन मिला। तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली को 57 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। चौथे स्थान पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी (56 प्रतिशत) और पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज (54 प्रतिशत) रहे।

**डोनाल्ड ट्रंप को केवल...**

कि पीएम मोदी के नेतृत्व को केवल 18 प्रतिशत लोगों ने नकारा और 7 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। विशेषज्ञों का कहना है कि मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह रिपोर्ट इस बात का संकेत है कि भारत न केवल वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिल रही है।

**ढाई करोड़ आईआरसीटीसी...**

डिजिटल सफाई अभियान की जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि ये सभी अकाउंट्स फर्जी पहचान के जरिए बनाए गए थे, जिनका उपयोग एजेंट्स और दलालों द्वारा तत्काल टिकट बुक करने के लिए किया जा रहा था। रेलवे की डेटा एनालिसिस टीम ने इन अकाउंट्स की पहचान की और उन्हें ब्लॉक कर दिया। इस कदम का उद्देश्य ईमानदार यात्रियों को उचित अवसर देना और ब्लैक मार्केटिंग और बिचौलियों पर लगाम लगाना है।

**रेलवे के ये ....**

- आईआरसीटीसी अकाउंट से आधार लिंकिंग अनिवार्य
- अब केवल आधार-सत्यापित यूजर ही तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे
- 89% टिकट अब ऑनलाइन बुक हो रहे

**पीएम मोदी के ....**

वीरगाथा की याद दिलाता है, जब सेना ने दुर्गम पहाड़ियों पर चढ़कर दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि उस दौर में भारत ने अपनी जमीन की रक्षा के लिए कड़ा संदेश दिया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी यही नीति जारी है, जो देश की एकता और अखंडता को चुनौती देगा, उसे सख्त जवाब मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीयूष गोयल ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ है, जो अब तक का भारत का सबसे बड़ा और व्यापक समझौता है। इससे फार्मा, वस्त्र, रत्न-आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निर्यात के नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में मजबूत प्रतिस्पर्धा देने में मदद करेगा। पीयूष गोयल ने एक हालिया सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में पहले स्थान पर आए हैं। उन्होंने कहा कि 27 देशों ने प्रधानमंत्री को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है, जो भारत की वैश्विक स्वीकार्यता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री की जनसेवा, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**शिक्षा मंत्रालय ने ...**

करना शामिल हैं। यह जानकारी शनिवार को मंत्रालय ने एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट के जरिए दी।

**आपातकाल के लिए लें प्रशिक्षण:** मंत्रालय ने ये भी कहा कि छात्रों और कर्मचारियों को आपातकालीन तैयारियों के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। जिसमें निकासी अभ्यास, प्राथमिक उपचार और सुरक्षा प्रोटोकॉल मुख्य हैं। एनडीएमए, अग्निशमन सेवाएं, पुलिस और चिकित्सा एजेंसियों के साथ सहयोग को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। जिससे समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र और मॉक-ड्रिल आयोजित की जा सकें। शारीरिक सुरक्षा के अलावा परामर्श सेवाओं, सहकर्मी सहायता प्रणालियों, सामुदायिक सहभागिता कदमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**सामाजिक उत्तरदायित्वों ...**

युवाओं को संभावित नुकसान पहुंचाने वाली घटना की सूचना चौबीसों घंटे के अंदर राज्य, केंद्रशासित प्रदेश के प्राधिकरण को दी जानी चाहिए। मंत्रालय देरी, लापरवाही या कार्रवाई में विफलता के मामलों में सख्त जवाबदेही सुनिश्चित करने के पक्ष में है।

**नोडल अधिकारी की....**

संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से जुड़े परामर्शदाता (कंसल्टेंट) को निर्देश दिए जाएं कि मंडी के स्वरूप, संभावनाओं और सुविधाओं की जानकारी न केवल हरियाणा बल्कि अन्य राज्यों एवं देशों तक भी पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आजादपुर मंडी के व्यापारियों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के सेब उत्पादक किसानों को भी इस मंडी से बड़ा लाभ मिलेगा, क्योंकि यहां से मजबूत सड़क नेटवर्क जुड़ा हुआ है, जिससे फल सब्जियों का सुगम परिवहन संभव होगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि यह अत्याधुनिक मंडी 544 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही है, जिसमें से 350 एकड़ क्षेत्र में कुल 17 आधुनिक शेड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही वर्टिकल मार्केटिंग की भी व्यवस्था होगी। मंडी में 5,500 ट्रकों एवं लगभग 15,000 कारों के लिए पार्किंग सुविधा प्रस्तावित है। बताया गया कि 2,595 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया को तकनीकी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

**अनुभवी को प्राथमिकता...**

उपयोगी व वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए केंद्र सरकार के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण से भी मार्गदर्शन एवं सलाह ली जाए। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहूजा, कृषि महानिदेशक राजनारायण कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**मैं ऐसी सरकार...**

का एक सिलसिला सा चल पड़ा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह होगी, बल्कि, स्थिति भयावह हो गई है। पासवान ने राज्य सरकार पर या तो स्थिति को छिपाने का प्रयास करने या स्थिति को संभालने में असमर्थ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर यह कहा जा रहा है कि यह चुनाव के कारण हो रहा है, तो मैं यह भी कह सकता हूं कि ऐसा हो सकता है, यह सरकार को बदनाम करने की साजिश हो सकती है, लेकिन फिर भी, इसे नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**अटल मोहल्ला क्लीनिक....**

मिलेगी। इससे पहले दुबे एक्स पर लिखा कि कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए धर्मांतरण ध्रुवीकरण का क्या खेल खेला, समझिए कल झारखंड में माननीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जिन्होंने झारखंड अलग राज्य बनाया के नाम पर चल रहे अस्पताल का नाम विदेशी मदर टेरेसा के नाम पर हो गया। बंगलादेशी को देश का वोटर बनाने की मानसिकता का पर्दाफाश होगा। ज्ञात हो कि राज्य में लगभग 140 अटल मोहल्ला क्लीनिक सक्रिय हैं और ये लोगों को मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये क्लीनिक पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए थे, और अब झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने इनका नाम बदल दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने अगस्त 2019 में राज्य की शहरी मलिन बस्तियों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने के लिए शुरू की थी। भाजपा ने अब झारखंड सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बताया है। भाजपा प्रवक्ता अजय शाह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड राज्य के निर्माता थे। राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनका नाम हटाना न केवल भारत रत्न का, बल्कि झारखंड की आत्मा का भी अपमान है। राज्य की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

**पृथ्वी पर सटीक....**

पहला संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है) को 30 जुलाई को शाम 5:40 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस मिशन का बजट करीब 12,500 करोड़ रुपए है। वी. नारायणन ने बताया कि हमारे सामने कई बड़े मिशन हैं। हम एक व्यावसायिक प्रक्षेपण 'ब्लूबर्ड 2 मिशन' करने जा रहे हैं। हम पहली बार पीएसएलवी एल1 को लॉन्च करने जा रहे हैं। जिसे निजी उद्योगों द्वारा विकसित किया जा रहा है और इसके जरिए हम प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह भी लॉन्च करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम गगनयान मिशन पर काम कर रहे हैं। जी1 रॉकेट इसी वर्ष प्रक्षेपित किया जाना है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट मत है कि हमें अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

**12 दिन में पूरी ....**

करेगा। उपग्रह पृथ्वी की सतह पर अत्यंत सूक्ष्म बदलावों की पहचान करने में सक्षम होगा, जैसे वनस्पति में बदलाव, बर्फ की चादरों का खिसकना और जमीन का विकृति (डिफॉर्मेशन)। इसरो ने कहा कि इस मिशन से समुद्र के स्तर की निगरानी, जहाजों का पता लगाना, तूफानों पर नजर रखना, मिट्टी की नमी में बदलाव, सतही जल संसाधनों की मैपिंग और आपदा प्रबंधन जैसे कई अहम क्षेत्रों में मदद मिलेगी। यह उपग्रह भूकंप से जमीन में आई हल्की दरारें या बर्फ की चादर में बदलाव का पता लगाएगा।

**दो बैंड पर ...**

होगा। इसरो प्रमुख ने बताया कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपग्रह है।

---

राबड़ी उपाध्यक्ष, जगदानंद पर फिर भरोसा

## आरजेडी की पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा

**एजेंसी ▶▶ पटना**



लालू यादव की आरजेडी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम तैयार की गई है। जो बिहार चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने और सामाजिक समीकरणों को साधने का काम करेगी। राजद ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई लिस्ट जारी कर दी है। राजद चीफ लालू यादव के नेतृत्व में घोषित इस नई टीम में जातीय समीकरण को भी साधा गया है। राजद की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व सांसद महबूब अली कैसर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी शामिल हैं।

इसके अलावा अब्दुलबारी सिद्दीकी को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं सुनील कुमार सिंह को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जयप्रकाश नारायण यादव एवं भोला यादव सहित 12 राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही 10 राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। जिसकी जानकारी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने दी।

---

झारखंड में घर में घुसकर लड़की पर फेंका पेट्रोल

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिए जांच के आदेश

**एजेंसी ▶▶ रांची**

झारखंड के कांके थाना क्षेत्र के टेंडर ग्राम में एक लड़की पर पेट्रोल फेंकने का मामला सामने आया है। लड़की को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांके और रातू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। महिला को जलाने की कोशिश की गई थी और इसी के चलते उस पर पेट्रोल फेंका गया। हालांकि शुरुआत में ये खबर सामने आई थी कि लड़की पर तेजाह फेंका गया है जिससे लड़की का चेहरा काफी झुलस गया है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जांच के आदेश दिए थे। फिलहाल मामले में जांच शुरू कर दी गई है।



घटना शनिवार दोपहर एक बजे की बताई जा रही है जब किसी अज्ञात लड़के ने घर में घुसकर लड़की की आंख में पेट्रोल फेंक दिया । डॉक्टर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बाईं आंख को थोड़ा ज्यादा नुकसान पहुंचा है। फिलहाल लड़की की आंख साफ कर पेट्रोल निकाल लिया गया है और उसका इलाज चल रहा है।

---

धर्मांतरण गिरोह पर बड़ा खुलासा

## लोगों को इस्लाम से जोड़ना था मकसद, फलस्तीन से भी कनेक्शन

**एजेंसी ▶▶ आगरा**

धर्मांतरण केस में बड़ा खुलासा हुआ है। धर्मांतरण गिरोह का वर्ष 2050 तक पूरे भारतवर्ष में इस्लाम को फैलाने का टारगेट था। इसको लेकर लगातार गिरोह कार्य कर रहा था। गिरोह के सदस्य डार्क वेब पर सक्रिय रहते थे। साथ ही अपनी बातचीत को गोपनीय रखने के लिए विभिन्न ऑनलाइन गेम्स का भी सहारा लेते थे। शनिवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने प्रेस वार्ता में इसका खुलासा किया। साथ ही गिरोह से जुड़े अब 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि यह एक संगठित ग्रुप है, जो अब्दुल रहमान निवासी दिल्ली एवं आयशा निवासी गोवा के नेतृत्व में कार्य कर रहा था। अब्दुल रहमान फिरोजाबाद का रहने वाला था, जिसने 1990 में अपना धर्म परिवर्तन किया था। यह एटीएस द्वारा जेल भेजे गए कलीम सिद्दीकी का सबसे करीबी सहयोगी था।

### 2050 तक पूरे भारतवर्ष में इस्लाम को फैलाने का टारगेट




धर्मांतरण की शिकार युवती ने पूछताछ में बताया कि जब वो कश्मीर में रहती थी तो उसके दोस्तों ने उसे बुलाया था। बताया कि 2050 तक पूरे भारतवर्ष में इस्लाम को हम लोग फैलाएंगे। पुलिस के अनुसार दावाह इस्लाम की एक प्रथा है, जिसमें इस्लाम को मानने वाले अन्य धर्म के लोगों को बौद्धिक विमर्श के लिए आमंत्रित किया जाता है। इनके बौद्धिक विमर्श के बाद अपने धर्म में इनको शामिल करते हैं।

### धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के भतीजे सबरोज का ठिकाना भी तबाह

इधर अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं, छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि रहमान कुरैशी के द्वारा क्राउड फंडिंग एवं क्रिप्टो करेंसी के साथ डॉलर से आदान-प्रदान फलस्तीन को भी किया गया है। धर्मांतरण गिरोह के तीन सदस्य डार्क वेब की जानकारी रखते हैं। इसके द्वारा अपने सदस्यों से बात करते है। इसका प्रयोग अपनी बातों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए किया जाता है।

## बुलेट ट्रेन के बाद अब आ रहा

# हाइएस्ट स्पीड वाला बुलेट इंटरनेट




करीब साठ साल पहले दुनिया की पहली बुलेट ट्रेन बनाने वाले देश जापान ने अब बुलेट स्पीड वाले इंटरनेट को बनाने में सफलता हासिल की है। इस नई तकनीक से अविश्वसनीय तेज गति से डाटा ट्रांसफर हो सकेगा। इस नई तकनीक की क्या हैं विशेषताएं, इससे क्या होंगे भविष्य में फायदे, इनके बारे में आप भी डिटेल में जरूर जानना चाहेंगे।

{ कवर स्टोरी/ सुनील कुमार महता }

हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। जापान के एनआईसीटी ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने अविश्वसनीय स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया।

### अविश्वसनीय है इसकी स्पीड

एक रिपोर्ट के अनुसार, नई तकनीक के द्वारा 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकेंड में डाउनलोड किया गया। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्ज्वल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। बताते चलें कि जापान की इस लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबिट्स प्रति सेकेंड है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह करीब 10 लाख जीबी प्रति सेकेंड के बराबर है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इस स्पीड का इस्तेमाल करके कुछ ही सेकेंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी की पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की वर्तमान इंटरनेट डाटा एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 मिलियन गुना अधिक है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। रिसर्चर्स के अनुसार इतनी स्पीड से एक साथ 1 करोड़ 8 हजार वीडियो स्ट्रीम किए जा सकते हैं। यानी 10 लाख जीबी प्रति सेकेंड के हिसाब से यह स्पीड मिलेगी, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। जापान द्वारा हाइ स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास, आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा।

### नई तकनीक का किया इस्तेमाल

जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम और उन्नत एंप्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता हासिल की है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सफलता पाई। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया, जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकेंड में 10,000 से अधिक फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। गौरतलब है कि मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकेंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया।



### कई सेक्टर्स को मिलेगा लाभ

कहना गलत नहीं होगा कि जैसे-जैसे एआइ, 8के स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआइ, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आइओटी और ग्लोबल डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।



### जापान ने सिद्ध की श्रेष्ठता

बताते चलें कि दुबई, इंटरनेट की स्पीड के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर, हॉन्ग कॉन्ग तीसरे नंबर पर, फ्रांस चौथे नंबर पर और आइसलैंड पांचवें नंबर पर आता है। कहना गलत नहीं होगा कि जापान ने अपने तकनीकी नवाचार से ग्लोबल डिजिटल डिफरेंस को भी उजागर किया है। आज एआइ का दौर है। दुनिया में ज्यादातर काम-काज इंटरनेट तकनीक से किए जा रहे हैं। आने वाले समय में इंटरनेट और तकनीक का उपयोग निश्चित ही अधिक बढ़ेगा। ऐसे में जापान की इंटरनेट स्पीड से जापान के साथ ही साथ दुनिया के अन्य देशों को भी इसके लाभ मिल सकेंगे। आने वाले समय में एआई, 6जी नेटवर्क, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और वर्चुअल रियलिटी जैसी उभरती तकनीकों के लिए अत्यधिक डाटा ट्रांसमिशन की जरूरत होगी। जापान की यह तकनीक इन जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हालांकि यह तकनीक अभी प्रयोगशाला तक ही सीमित है और इसे आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाने में वक्त लगेगा। लेकिन भविष्य की इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिहाज से यह एक मजबूत नींव तो रखती ही है।

### हमें भी करने होंगे प्रयास

जापान की यह उपलब्धि हमें भी अपनी इंटरनेट गति को बढ़ाने की जरूरत की याद दिलाती है। गौरतलब है कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप 10 देशों में भी शामिल नहीं है। यहां पर मोबाइल इंटरनेट स्पीड 100.78 एमबीपीएस है, जबकि एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड 63.55 एमबीपीएस है। वास्तव में यह स्पीड विश्व के बाकी देशों के मुकाबले काफी कम है। आज भी भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उतनी इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं है, जितनी होनी चाहिए। आज भी भारतीय ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और 5जी नेटवर्क का विस्तार काफी चुनौतियों से भरा है। आज भारत लगातार डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रहा है। इंटरनेट ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक विकास के लिए नए अवसर खोल सकता है। इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ने से अनेक प्रकार के अवसर देश में पैदा होंगे। इंटरनेट स्पीड बढ़ेगी तो डिजिटल इंडिया को गति मिलेगी और डिजिटल इंडिया से रोजगार के अवसर बढ़ने, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा। इसके लिए आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाएं। *




## यंगस्टर्स को सर्वाधिक अट्रैक्ट करते हैं

# देश के टॉप करियर मैगनेट सिटीज

प्राइवेट सेक्टर में अगर देश के टॉप करियर मैग्नेट सिटीज की बात करें तो बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई सबसे आगे हैं। इनके अलावा कुछ और शहर भी आगे बढ़ रहे हैं। वर्तमान समय और भविष्य के जॉब के लिहाज से हॉट सिटीज पर एक नजर।

{ जॉब ट्रेंड / कीर्तिशेखर }

करियर और लगातार ग्रोथ करने के लिहाज से इस समय भारत का सबसे अच्छा शहर बेंगलुरु को माना जाता है। सैलरी के मामले में भी इस समय देश के टॉप पांच शहरों में सबसे पहला नंबर बेंगलुरु का ही है और आने वाले अगले पांच सालों तक बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, चेन्नई और गुरुग्राम यही टॉप करियर शहर होंगे। अगले पांच सालों तक भी भारत के इन्हीं शहरों में सबसे अच्छा भविष्य तलाशने वाले युवक आकर्षित होंगे।

**हाई सैलरी देने वाले शहर:** 'जॉब्स एंड सैलेरीज प्राइमर फाइनेंशियल ईयर-2024' टीम लीज के हिसाब से बेंगलुरु शहर में औसत समग्र मासिक वेतन 29,500 रुपए है, जो कि देश के बाकी सभी महानगरों के मुकाबले 8 से 15 फीसदी ज्यादा है। इस मामले में एक अखबार ने भी हाल के दिनों में सैलरी और करियर के भविष्य के लिहाज से एक सर्वे किया, रेस फॉर टैलेंट। इस सर्वे में भी बेंगलुरु जूनियर, मिड और सीनियर यानी तीनों ही वेतन श्रेणियों में क्रमशः रुपए 7.2 लाख, रुपए 20.4 लाख और रुपए 37.2 लाख के औसत से शेष सभी भारतीय शहरों में शीर्ष पर है। रैंडस्टैड 2025 रिपोर्ट बताती है कि यहां जूनियर भूमिकाओं का सैलरी पैकेज देश के दूसरे सभी बड़े शहरों के मुकाबले 23 पर्सेंट तक ज्यादा है और मिड लेबल में यह 9 फीसदी ज्यादा है।



**ये सिटीज भी बढ़ रहे हैं आगे:** एक नए सर्वे (इनडीड) के मुताबिक यह बात भी सामने आ रही है कि हैदराबाद और चेन्नई भी बहुत तेजी से अगले पांच सालों में सैलरी देने के मामले में देश के टॉप शहर बनने का मुकाबला करेंगे। लेकिन अभी तक ज्यादातर अनुमान यही है कि 2030 तक यह सेहरा बेंगलुरु के सिर पर ही रहेगा। हैदराबाद और चेन्नई के बाद जो तीसरा शहर इस मामले में चौंकाने वाली रफ्तार से, विशेषकर सैलरी के मामले में आगे बढ़कर आ रहा है, यह न तो दिल्ली है, न मुंबई, यह अहमदाबाद है। इसकी हाल के सालों में सैलरी ग्रोथ, दूसरे मेट्रो सिटीज के मुकाबले 20 से 25 फीसदी ज्यादा रही है। हालांकि सर्वे से निकला डाटा कोई तथ्य नहीं होता, जिसके आधार पर माना जाए कि यह बात सौ फीसदी सही है। यह भी एक अनुमान ही है, क्योंकि जहां दूसरे कई डाटा बेंगलुरु को सैलरी के लिहाज से देश का टॉप शहर बता रहे हैं, वहीं इनडीड यह तमगा चेन्नई को दे रहा है।

**इसलिए बेंगलुरु है सबसे आगे:** बेंगलुरु इस समय ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) हब बन चुका है। भारत के 40 फीसदी से ज्यादा जीसीसी बेंगलुरु में ही हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, गोल्डमैन सैक्स जैसी 250 से ज्यादा बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपने मुख्य कार्यकारी दफ्तरों के साथ बेंगलुरु में मौजूद हैं। यही नहीं ये तमाम कंपनियां अपना आरएंडडी (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) सेंटर भी यही चलाती हैं। यहीं से नए उत्पादों और नवाचारों को बाजार में उतारती हैं। इसी तरह बेंगलुरु इस समय देश का स्टार्टअप और डीप टेक इकोसिस्टम का भी हब है। 44 फीसदी भारतीय यूनिकॉर्न बेंगलुरु में ही स्थित हैं या यहीं से निकले हैं। एआई, सेमिकंडक्टर और एयरोस्पेस केंद्रित स्टार्टअप बेंगलुरु में ही हैं और इन्हीं की बदौलत यह शहर वेतन प्रतिस्पर्धा में देश के दूसरे महानगरों के मुकाबले बहुत ऊपर है। बेंगलुरु में टैलेंट क्लस्टर बन चुका है, साथ ही यहां एक नई तरह की टैलेंट ओरिएंटेड जीवनशैली विकसित हो रही है। इस शहर में 20 लाख से ज्यादा आईटी पेशेवर कार्यरत हैं तथा ये दुनिया के गिने चुने उन शहरों में से एक बन चुका है, जो विश्व स्तरीय को-वर्किंग स्पेस मुहैय्या कराते हैं।

**हैदराबाद भी है मुकाबले में:** हैदराबाद और चेन्नई भी बहुत पीछे नहीं है। पिछले कुछ सालों में हैदराबाद ने फिर से तेज छलांग लगाई है और विभिन्न सर्वेक्षणों में भले वह अभी बेंगलुरु से थोड़ा नीचे हो, लेकिन माना जाता है कि अगले दो सालों में यानी 2027 तक हैदराबाद नौकरियां उपलब्ध कराने के मामले में बेंगलुरु को भी पीछे छोड़ सकता है। सिर्फ नौकरियां ही हैदराबाद में ज्यादा नहीं पैदा होंगी बल्कि आने वाले दिनों में अनुमान है कि यहां वेतन वृद्धि भी देश के दूसरे शहरों में सबसे ज्यादा होगी। हैदराबाद में वेतन वृद्धि का सबसे तेज रिकॉर्ड पहले रह चुका है और फिर से यह उसी दिशा में आगे बढ़ता लग रहा है। *


{ टेक्नोलाइफ/ लोकमित्र गौतम }

हाल के वर्षों में अंजान लोगों से मिलने, दोस्ती या लव रिलेशन बनाने में डेटिंग एप्स का यंगस्टर्स खूब यूज कर रहे हैं। इनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने की वजह, इनके पॉजिटिव-नेगेटिव आस्पेक्ट्स के बारे में जानिए।

# डेटिंग एप्स मिलने-मिलाने के नए ठिकाने


आज के दौर में मॉडर्न डेटिंग एप्स, संबंधों की दुनिया में अहम असर डाल रहे हैं। इस 21वीं सदी के दूसरे दशक में दुनिया में रिश्तों के निर्माण की प्रक्रिया में व्यापक परिवर्तन आया है। प्रेम पत्रों, पारिवारिक मेल-मिलापों और सामाजिक मेलों की जगह अब मोबाइल स्क्रीन और तरह-तरह के एप्स ने ले ली है। टिंडर, बंबल, हिंज, ओके कुपिड जैसे मॉडर्न डेटिंग एप्स ने आज रिश्तों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। ये तकनीकी बदलाव सिर्फ अमेरिका या यूरोप तक ही सीमित नहीं हैं, भारत भी पूरी तरह से इनकी चपेट में है, जहां सदियों पुरानी सांस्कृतिक विविधता और जीवन जीने की मजबूत व्यवस्था रही है। लेकिन आज डेटिंग एप्स ने रिश्तों की पारंपरिक दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है।

**जुड़े हैं करोड़ों यंगस्टर्स:** आज दुनिया भर में लगभग 37 करोड़ लोग, जिनमें सबसे बड़ी तादाद युवाओं की है, विभिन्न तरह के डेटिंग एप्स से जुड़े हुए हैं। डेटिंग एप्स का किस कदर चलन बढ़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि आज अमेरिका में 30 फीसदी वयस्क लोग किसी न किसी डेटिंग एप का हिस्सा हैं। इन एप्स की शुरुआत तो दो अजनबियों के बीच प्रेम संबंध विकसित कराने के लिए एक मध्यस्थ के रूप में हुई थी, लेकिन आज तरह-तरह के डेटिंग एप्स दोस्ती, कैजुअल मीटिंग, विवाह के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।



**सबसे पॉपुलर डेटिंग एप्स:** दुनियाभर में जिस डेटिंग एप की धूम है, उसका नाम टिंडर है। सौ से ज्यादा देशों में सक्रिय इस एप के अप्रैल 2025 तक साढ़े सात करोड़ रजिस्ट्रर्ड उपयोगकर्ता थे। दूसरे नंबर पर बंबल है, जो विशेष तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर डेवलप किया गया है, क्योंकि इस एप में महिलाओं को रिश्ता आगे बढ़ाने के लिए पहला कदम रखने की आजादी है। यह एप किसी पुरुष को किसी महिला से संबंध जोड़ने के लिए निर्णय लेने की आजादी नहीं देता। इस एप में सिर्फ महिलाएं ही किसी के साथ को स्वीकार कर सकती हैं या उसे अस्वीकार कर सकती हैं। एक तीसरा पॉपुलर एप हिंज है, जो टेकलाइन के साथ गंभीर रिश्ते विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अलावा और लाखों सब्सक्राइबर की क्षमता रखने वाले एप्स हैं, उनमें- ओके कुपिड, ग्रिंडर और प्लेंटी ऑफ फिश डेटिंग एप्स हैं। ये सारे रिश्ते बनाने वाले एप्स अलग-अलग उम्र समूह को ध्यान में रख कर डिजाइन किए गए हैं।

**इसलिए बढ़ रही पॉपुलैरिटी:** डेटिंग एप्स की लोकप्रियता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि इनमें सुरक्षा और गोपनीयता की पुख्ता व्यवस्था होती है। इनमें एक एल्गोरिद्म की गुणवत्ता होती है, चाहे मैचिंग सही हो या न सही हो। लेकिन आमतौर पर एक ही एल्गोरिद्म के लोग इनके जरिए आपस में मिलते हैं। इनकी लोकप्रियता का एक और बड़ा कारण यह है कि इन्हें रीजनल या स्थानीय भाषाओं का सपोर्ट सिस्टम भी हासिल है और सबसे बड़ी बात, इनमें एक खास किस्म का यूजर इंटरफेस होता है, जो इसको वास्तविक माहौल का आभास देता है।




**पड़ रहा है रिश्तों पर असर:** इन मॉडर्न एप्स का हमारे जीवन और रिश्तों की संवदेनशीलता पर भी असर पड़ा है। निश्चित रूप से इनके चलते अब दो युवा लोगों को आपस में मिलना आसान और सुरक्षित हो गया है। पहले कुछ गिने-चुने सौभाग्यशाली लोग ही होते थे, जिनके जीवन में प्यार, मोहब्बत की जगह होती थी। लेकिन इन डेटिंग एप्स के चलते अब कोई भी अपने अनुकूल दोस्ती के लिए साथी की तलाश कर सकता है।

**नेगेटिव पहलू भी हैं मौजूद:** हालांकि इन एप्स में सब कुछ अच्छा अच्छा ही नहीं है। इनके कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। मसलन एप्स की दोस्ती या प्रेम में कमिटमेंट जैसी कोई चीज नहीं होती। बड़ी तादाद में लोग अपनी झूठी और नकली प्रोफाइल बनाकर एक-दूसरे से संपर्क साधते हैं और इस तरह कई तरह के अपराधों को अंजाम देते हैं। *

{ छोटी कहानी
गोविंद भारद्वाज }

कई वर्ष बाद गोपाल अपने गांव लौटा था। वहां उसकी मुलाकात अपने बचपन के दोस्त रामू से हुई। उसका कटा हाथ देखकर गोपाल को बहुत दुख हुआ। लेकिन रामू को अपने दुख से ज्यादा आत्मग्लानि महसूस हुई।

# दिव्यांग



बरसों बाद गांव जाने का मौका मिला। तांगा स्टैंड अब टैंपो स्टैंड में बदल चुका था। टैंपो से उतरते ही अपने नाम की आवाज कानों में पड़ी, 'गोपाल...!' मैंने पलट कर देखा। सामने एक चाय की गुमटी थी, जो धुएं में बिल्कुल काली दिखाई दे रही थी। मैंने टैंपो वाले को बीस का नोट दिया और उस दुकान की तरफ बढ़ गया। 'आ भई...आ.. बहुत दिनों बाद गांव की याद आई तुझे।' उसने मुझे दुकान के अंदर बुलाते हुए कहा। मैंने उससे हाथ मिलाने के लिए अपना दायां हाथ आगे बढ़ाया। उसने हाथ तो अपना बढ़ाया, लेकिन दायां नहीं बायां। मेरी नजर उसके दाएं कंधे की ओर गई। मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। 'यह क्या हुआ रामू?' मेरे मुंह से निकला। 'भाई गोपाल, मुझे माफ कर दे...।' रामू की आंखें नम हो आईं। 'किस बात की माफी भाई...?' मैंने उसके बाएं हाथ को पकड़ते हुए पूछा। 'दोस्त, तू मुझे जी भर कर लूला (हाथ से दिव्यांग) कह सकता है...।' वह रुआंसा हो गया। मैं समझ गया था, वह क्या कहना चाह रहा है? मैं अतीत में चला गया। बात उन दिनों की है, जब मैं गांव में रहा करता था। मेरी मित्र मंडली में यूं तो बहुत से दोस्त थे। सबके सब मुझे प्यार से गोपाल कह कर बुलाते थे, लेकिन रामू एक ऐसा दोस्त था, जो मुझे लंगड़ा (पैर से दिव्यांग) कह कर बुलाता था। दरअसल, मैं जब छह महीने का था, तब मेरे बाएं कूल्हे पर एक फोड़ा हो गया था, जो बाद में नासूर बन गया था। उसी के चलते मेरा बायां पैर खराब हो गया। मैं हमेशा के लिए दिव्यांगता की श्रेणी में आ गया।

गांव से चार किलोमीटर दूर दूसरे गांव में सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल था। वहां हम सब दोस्त मिलकर नौवीं-दसवीं कक्षा में पढ़ते थे। तब रामू सबके सामने मुझे लंगड़ा कह कर ही पुकारता था। अन्य दोस्त उसको खूब समझाते कि गोपाल को 'लंगड़ा' मत बुलाया कर, लेकिन वह था कि मानता नहीं था। स्कूल के शिक्षक भी उसे इस बात के लिए डांटते, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आता।

एक दिन तो तब हद हो गई, जब उसने प्रिंसिपल साहब के सामने ही मुझे लंगड़ा कह दिया। उन्हें उसकी यह बात बहुत बुरी लगी, उन्होंने उसे पीटा भी। प्रिंसिपल साहब की पिटाई से तो वह और ज्यादा खफा हो गया। अब वह मुझे जब देखो तब लंगड़ा-लंगड़ा कहकर चिढ़ाने लगा। मेरी भी आदत सी हो गई थी, लंगड़ा सुनने की। मैं कभी नहीं चिढ़ता था। लेकिन दूसरों को उसका लंगड़ा कहकर बुलाना अच्छा नहीं लगता था। दसवीं पास करने के बाद मैं आगे की पढ़ाई के लिए शहर चला आया। एमए अंतिम वर्ष के इम्तिहान खत्म हो चुके थे। इसलिए मैंने सोचा क्यों न गांव जाकर पुराने मित्रों से मिला जाए।

'क्या हुआ कहां खो गया गोपाल ...?' रामू ने मेरे हाथ को झटका देते हुए पूछा। 'कुछ नहीं यार, मैं अपने बचपन में खो गया था। खैर बता तेरे दाएं हाथ को क्या हुआ?' मैंने पास में पड़े स्टूल पर बैठते हुए पूछा। 'मत पूछ... जैसी करनी वैसी भरनी...। मैंने तुझे कभी तेरे नाम से नहीं बुलाया... तुझे लंगड़ा ही कहा। अब तू मुझे लूला कह सकता है।' उसने भर्राई आवाज में कहा।

'छोड़ यार पुरानी बातों को...तू मेरे लिए रामू है... और रामू ही रहेगा... पर तुमने बताया नहीं यह सब कैसे हुआ?' मैंने पूछा।

रामू चाय का कप मेरे हाथ में थमाते हुए बोला, 'दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद मैं अपने पिताजी के साथ खेती करने लगा। दो साल पहले गेहूं निकालने के लिए खेत में थ्रेसर (अनाज निकालने की मशीन) लगा हुआ था। देर रात तक थ्रेसर पर खड़े रहने की वजह से नींद की झपकी आ गई। मेरा दायां हाथ मशीन में आ गया। जब मुझे होश आया तब मैं अस्पताल में भर्ती था। मेरा दायां हाथ कट चुका था।' 'फिर यह दुकान?' मैंने पूछा।

'दुर्घटना के लगभग एक साल बाद पिताजी ने मेरी छोटी-सी दुकान खुलवा दी। बस यहीं से थोड़ा बहुत कमाकर अपना गुजारा कर लेता हूं ... तू बता क्या कर रहा है आजकल?' उसने अपनी बात खत्म करते ही पूछा। मैंने बताया, 'एमए का इम्तिहान दिया है। आगे प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने की सोच रहा हूं। मेरा लक्ष्य यही है आईएएस बनूं।' मैं उठ कर चलने लगा तो रामू मेरे गले लग गया, बोला, 'गोपाल, अपने दोस्त को माफ तो कर दिया ना...।' मैंने मुस्कुराते हुए कहा, 'रामू मैं तेरे लिए तो अभी भी लंगड़ा ही हूं... तेरे मुंह से गोपाल अच्छा नहीं लगता।' *

# प्रेमचंद की धरोहर कहानियां

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

आगामी 31 जुलाई को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती मनाई जाएगी। उनके जाने के लगभग नौ दशक गुजर जाने के बाद आज भी उनका कथा साहित्य अगर प्रासंगिक बना हुआ है तो ऐसा उनकी गहन दृष्टि और सामाजिक-राष्ट्रीय सरोकार से प्रतिबद्धता के कारण ही संभव हुआ है। हाल में प्रकाशित होकर आईं ख्यात आलोचक-संपादक पल्लव के संपादन में दो पुस्तकें 'प्रेमचंद की दलित कथाएं' और 'प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं' इस बात को और प्रमाणित करती हैं। 'प्रेमचंद की दलित कथाएं' पुस्तक में संकलित 15 कहानियां आजादी से पहले के भारतीय समाज में धंसी हुई जातिगत मानसिकता को न केवल उजागर करती हैं, बल्कि उस दौर की सामाजिक कुरूपता को भी कठघरे में खड़ा करती हैं। 'सद्गति, ठाकुर का कुआं, कफन, जुरमाना, मंदिर' और 'दूध का दाम' जैसी कहानियां उस काल के सामाजिक विद्रूप को अनावृत करने के साथ आज भी याद आ जाती हैं, जब इक्कीसवीं सदी के ढाई दशक गुजरने के बाद भी जाति आधारित भेदभाव से उपजी घटनाएं हमारे समाज में घटित होती हैं।




दूसरी पुस्तक 'प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं' में सोलह ऐसी कहानियां चयनित की गई हैं, जिनमें स्वाधीनता से पहले के भारतीय जनमानस में व्याप्त आजाद होने की आकुलता नजर आती है। इस पुस्तक में संकलित 'सुहाग की साड़ी, जुलूस, बौड़म' और 'शतरंज के खिलाड़ी' आदि कहानियां इस बात को प्रमाणित करती हैं कि पराधीन भारत के आमजन में आजाद होने की कैसी उत्कंठा थी। महात्मा गांधी के सत्याग्रह और अहिंसक आंदोलन के प्रति प्रेमचंद के मन में कितनी निष्ठा थी, इस बात को भी ये कहानियां प्रमाणित करती हैं। ये दोनों पुस्तकें शोधार्थियों के लिए तो उपयोगी होंगी ही, प्रेमचंद के वैचारिक वैशिष्ट्य और सरोकारों को भी समझने में सहायक सिद्ध होंगी। *

**पुस्तकें:** प्रेमचंद की दलित कथाएं और प्रेमचंद की स्वतंत्रता संग्राम कथाएं,
**संपादक:** पल्लव, **मूल्य:** 250 रुपए (प्रत्येक), **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

बलरामपुर रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 13 में सुबह पांच बजे की घटना

# जर्जर मकान की दीवार गिरी, एक बच्ची की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज



नगर के वार्ड क्रमांक 13 में सुबह पांच बजे के करीब एक घर की दीवार गिरने से तीन बच्चे और दंपति मलबे में दब गए। हादसे में बच्ची की मौत हो गई और चार लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, नगर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले प्रमोद रवि उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी सुनीता देवी उम्र 34 वर्ष अपने बच्चों राधा उम्र 10 वर्ष, खुशबू उम्र 8 वर्ष, काजल उम्र 9 वर्ष के साथ अपने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान घर के बगल में एक जर्जर घर की दीवार मूसलाधार बारिश के कारण उनके ऊपर गिर गई। पांचों लोग मलबे में दब गए। जिनमें से खुशबू की मौत हो गई। वहीं, दंपति और दो बच्चे घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने घायलों के उचित इलाज के लिए डॉक्टर से बात की वही घायलों के इलाज के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। दीवार गिरने से जहां एक की मौत हो गई वहीं चार लोगों की जान स्थानीय लोगों की तत्परता से बची। घटना के बाद बड़ी संख्या में आसपास के लोग जुट गए। जिनके द्वारा साहस का परिचय देते हुए तत्काल मलबे को हटाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अगर थोड़ी सी भी दो देरी सभी के जान पर बन सकती थी।

## विशालकाय पेड़ धराशाई, बाधित रहा राष्ट्रीय राजमार्ग 30



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बीती रात एक विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कि यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने उस पेड़ के कुछ हिस्से को काटकर मार्ग तो चालू कराया, लेकिन अभी भी पेड़ का आधा हिस्सा सड़क तक फैला हुआ है। जिसके कारण मार्ग पर पूरी तरह से जाम की स्थिति बनी हुई है। बस्तर में लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण जगदलपुर से दंतेवाड़ा जाने वाले मार्ग में महिंद्रा शोरूम के आगे स्थित शिव मंदिर के समीप एक पेड़ बीती रात धराशाही हो गया। जिससे रात में ही जाम की स्थिति बन गई। सुबह जब लोगों ने देखा तो मार्ग को चालू करने के लिए पेड़ का कुछ हिस्सा काट दिया। लेकिन पेड़ का आधा से ज्यादा हिस्सा सड़क पर अभी भी फैला हुआ है। वहीं, मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की कतार लग जा रही है। फिलहाल अभी तक उस पेड़ के बचे हिस्सों को नहीं हटाया गया है। जिससे कि मार्ग पर लोगों को अभी भी जाम की स्थिति को झेलना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### यांगचेन बनीं इंदौर ग्रामीण एसपी

**भोपाल।** राज्य सरकार ने इंदौर ग्रामीण की एसपी हितिका बंसल का ट्रांसफर कर दिया है। उनके स्थान पर यांगचेन डोलकर भूटिया को इंदौर ग्रामीण का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार 2013 बैच की आईपीएस और फिलहाल इंदौर में ही 15वीं बटालियन की कमांडेंट यांगचेन डोलकर भूटिया का तबादला इंदौर ग्रामीण एसपी के पद पर किया गया है, जबकि हितिका बंसल को इंदौर ग्रामीण एसपी से हटाकर 15वीं बटालियन में सेनानी बनाया गया है।

### आर्थिक अनियमितता के कारण लेखापाल को हटाया

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लेखापाल ज्ञानेन्द्र शर्मा को वित्तीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप के कारण पद से हटा दिया गया है। विभागीय जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जशर्मा ने लेखापाल के पद पर रहते हुए बिना सक्षम स्वीकृति और बिना अधिकृत भुगतान आदेश के डीडीओ की लॉगइन आईडी का दुरूपयोग कर भुगतान की कार्रवाई की थी। जांच में यह प्रक्रिया वित्तीय नियमों के प्रतिकूल और धोखाधड़ी में आती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने शर्मा को पद से हटाने के आदेश दिए हैं।

5138 करोड़ लागत वाली कुंभराज परियोजना से 30 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

# पीकेसी के साथ कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना से गुना के खेत होंगे सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश का कोई भी गांव, कोई भी खेत पानी से वंचित न रहे, इसके लिए हमारी सरकार ने प्रदेश में तीन बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम शुरू किया है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना इन्हीं में से एक है। गुना जिले को पीकेसी के साथ-साथ कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना का भी बड़ा लाभ मिलेगा। इससे गांव-गांव और खेत-खेत तक पानी पहुंचेगा। यह परियोजना गुना जिले की तस्वीर बदल देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गुना जिले की चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीनागंज में पीकेसी नदी लिंक परियोजना के लिए आयोजित आभार सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 5138 करोड़ रूपए की लागत वाली कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना से गुना जिले की 30 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को बारहमासी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो गई है। गुना जिले के समग्र विकास के लिए कुल 175.76 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न श्रेणी के 604 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

**1** गुना जिले में 175.76 करोड़ लागत से 604 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**2** मुख्यमंत्री ने किया पीकेसी नदी लिंक परियोजना के शुभारंभ के बाद आभार सभा को संबोधित

### चंबल और मालवा अंचल के 13 जिले लाभान्वित होंगे

*जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी लिंक परियोजना की लागत 72 हजार करोड़ की है। इससे चंबल और मालवा अंचल के 13 जिले लाभान्वित होंगे। आज लोकार्पित कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना से 30 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लागत 5 हजार करोड़ से अधिक है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना 44 हजार 605 करोड़ की योजना है। तीसरी बड़ी नदी परियोजना तापी मेगा रिचार्ज परियोजना 19 हजार करोड़ की है। इससे दो जिले खंडवा और बुरहानपुर लाभान्वित होंगे। गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि दोनों व्रिज आपद्वय के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रदेश को इतनी बड़ी परियोजना की सौगात मिली।*

### लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा




मुख्यमंत्री ने बीनागंज के राजेश खंडेलवाल की बेटी के लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की। बेटी के इलाज के लिए सरकार एक लाख रुपए पहले ही दे चुकी है। मुख्यमंत्री ने ममता विश्वकर्मा को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बीनागंज में गोशाला के संपूर्ण विकास के लिए 12 लाख रुपए देने की घोषणा की। क्षेत्रीय बहनों ने श्रावण मास पर मुख्यमंत्री को दो बड़ी राखियां भेंट की।

### राहवीर को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गंभीर घायलों और गरीब जरूरतमंदों को एयर एम्बुलेंस का लाभ मिल रहा है। राहवीर योजना के माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने और अस्पताल पहुंचाने पर मदद करने वाले राहवीर को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। गौशालाओं के लिए प्रति गाय अनुदान 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया गया है।

### सावन में बहनों को 250 रुपए का शगुन मिलेगा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महीना चल रहा है, बहनों को 250 रुपए का शगुन मिलेगा। प्रदेश की लाड़ली बहनों को इसी साल दीपावली से 1500 रुपए हर माह भेजे जाएंगे। लाड़ली बहनें यदि फैक्ट्री में काम करेंगी, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 14 हजार रुपए मेहनताना दिलवाएंगे। युवाओं को भी रोजगार के लिए फैक्ट्री में काम करने पर सरकार 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हम केन्द्र सरकार के साथ मिलकर पात्र किसानों को 12 हजार रुपए दे रहे हैं। सरकार प्रदेश को विकास की धारा से जोड़ रही है।*

# प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया विश्व में भारत का मान-सम्मान

» पीएम मोदी को मिला सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत दूसरे प्रधानमंत्री बनने का गौरवः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारे देश के लिए बेहद गर्व का दिन है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सेवा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है।

उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए देश के सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत दूसरे प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की महान लोकतांत्रिक परम्पराओं से ओत-प्रोत परिपक्वता, सुदीर्घ विकास यात्रा और जनविश्वास की एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

### सीएम ने दी बधाई

*सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने न केवल देश के भीतर अभूतपूर्व परिवर्तन देखे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी बड़ी खूबी से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। मैं मप्र की सम्पूर्ण जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता हूं। यही कामना करता हूं कि वे दीर्घायु हों और इसी तरह देश का नेतृत्व करते हुए नये-नये कीर्तिमान स्थापित करते रहें। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।*

### उद्योग-व्यापार और वैश्विक संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा ब्रिटेन से मुक्त व्यापार समझौता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते यानि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट-एफटीए की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवाओं के साथ-साथ समूचा भारत गौरवान्वित हो रहा है। ब्रिटेन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर जो करार किया है, यह न केवल उद्योग, व्यापार और रोजगार की दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संबंधों की दृष्टि से भी भारत को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएगा। भारत सरकार के मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से वैश्विक स्तर पर मिला विस्तार देश की बढ़ती प्रतिष्ठा का अतुलनीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एफटीए के स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। मप्र को भी भविष्य में ब्रिटेन के साथ हुए इस मुक्त व्यापार समझौते का भरपूर लाभ मिलेगा।

## संयुक्त पंजीयक पर कार्रवाई करने के पहले मामले की वाइस रिकॉर्ड की जांच सबसे पहले कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईओडब्ल्यू सागर ने सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक शिवेन्द्र देव पाण्डेय के विरूद्ध दर्ज किए गए प्रकरण में कोई कार्रवाई करने के पहले उस मामले की वाइस रिकॉर्ड की जांच सबसे पहले कराए जाने और उस मामले की विवेचना भोपाल मुख्यालय के अधिकारियों से कराए जाने की मांग की जा रही है। यह मांग मप्र राज्य सहकारी अधिकरण अधिवक्ता संघ ने की है।

संघ ने कहा कि बगैर वायस रिकॉर्ड की जांच के कार्रवाई करना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है, चूंकि इससे सच्चाई का पता लग सकेगा। संघ के अध्यक्ष ओम पाटीदार ने कहा कि सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक पाण्डेय के विरूद्ध राशि 50 हजार रुपए लेने का प्रकरण दर्ज किया है, जिसके बारे में समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित हुआ है। हम इस आवेदन से ईओडब्लयू पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं, किन्तु पाण्डेय संयुक्त पंजीयक की ईमानदारी की मिशाल सदैव दी जाती रही है। हमारी जानकारी के अनुसार डॉ. पाण्डेय की ओर से किसी भी आदमी से रिश्वत नहीं ली है और न ही कोई वस्तु ली है। सहकारिता विभाग में डॉ. पाण्डेय की ईमानदारी की कसमें खाई जाती हैं।

## ‘राजस्थान मिलेनियम क्लब’ का अपने रजत जयंती वर्ष पर ‘तीज महोत्सव 2025’ का भव्य आयोजन




**नई दिल्ली।** राजस्थान से आकर दिल्ली एन. सी. आर में निवास कर रहे लोगों की इकलौती संस्था ₹राजस्थान मिलेनियम क्लब₹ ने अपने रजत जयंती वर्ष पर ₹तीज महोत्सव 2025₹ का भव्य आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता और विशेष अतिथि के रूप में निगम पार्षद श्रीमति ऋतु गोयल सम्मिलित हुई जिन्हें प्रतीक स्वरूप तलवार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता ने भाजपा दिल्ली प्रदेश महासचिव श्री विष्णु मित्तल और निगम पार्षद श्रीमति ऋतु गोयल के अलावा क्लब के प्रधान सर्वश्री हर्ष जींदगर, महासचिव कैलाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल और पूर्व प्रधान पूरण चंद्र गुप्ता के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम को आरंभ किया। इस अवसर पर क्लब के आदरणीय संरक्षकों के साथ पदाधिकारियों में सर्वश्री हर्ष जींदगर, कैलाश अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, एस.एन. अग्रवाल, पूरण चंद्र गुप्ता, कैलाश चंद गुप्ता, पूरण चंद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, महेश बंसल, बनवारी लाल अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, राधेश्याम बंसल, राजेश सिंघल, अमित मित्तल, अनिल अग्रवाल, सी. एम. अग्रवाल, मनमोहन केजरीवाल, मुकेश खंडेलवाल, विष्णु मंगल, प्रदीप संघी, राकेश अग्रवाल, रतन लाल गुप्ता, रितेश पुरोहित, इंदु बंसल, लक्ष्मी बंसल और रोबिना अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढे, दुर्घटना में एक की मौत

**बलरामपुर रामानुजगंज।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग लोगों के लिए लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। सुबह 11 बजे के करीब बलरामपुर विकासखंड के ग्राम अमडंडा का युवक अपने परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने सनवाल जा रहा था कि तभी राष्ट्रीय राजमार्ग में चोरपहरी में गड्ढे की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित हो गई एवं वह गिर गया जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपनी सीडी डीलक्स बाइक से सनवाल अपने किसी परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान राष्ट्रीय राज्य मार्ग के गड्ढे उसके लिए जानलेवा साबित हुए चोरपहरी के पास गड्ढे के चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई एवं रक्तस्राव अधिक होने से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान बलरामपुर विकासखंड के अमडंडा के प्रमोद कुमार पिता खेद नाथ दास उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

टीटी नगर तहसील का भी लिया जायजा



## हुजूर तहसील कोर्ट पहुंचे कलेक्टर बोले-टाइम लिमिट में निपटाएं केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की तहसील और वृत्तों में प्रोटोकाल, वीआईपी ड्यूटी, सर्वे सहित अन्य तरह के फील्ड कामों के लिए अलग से अफसरों को जिम्मेदारी देने के बाद शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह हुजूर और टीटी नगर तहसील पहुंचे।

हुजूर में तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी डाइस पर केस निपटाते मिले, जहां कलेक्टर ने सभी केसों को टाइम लिमिट में निपटाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने हुजूर तहसील के दोनों कोर्ट तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट का जायजा लिया। कलेक्टर ने आरसीएमएस केसों का मिलान कर केसों को निपटाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कोई भी केस बिना पेशी के न हो। उन्होंने आदेशों पर अमल कर खसरे में दर्ज करते हुए आवेदक को प्रति देने की बात कही। यहां से वह टीटी नगर वृत्त पहुंचे, जहां भी उन्होंने केसों को निपटाने की हिदायत दी।

## विकास को रफ्तार देने की तैयारी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर जिले में करेंगे प्रवास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



भाजपा की छोटी टोली की बैठक शनिवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया बैठक में मौजूद रहे। छोटी टोली की इस बैठक में सरकार और संगठन के समन्वय से नॉनस्टॉप सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की योजना, रचना व संगठन को और अधिक सशक्त बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। छोटी टोली की बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर जिला में प्रवास करेंगे और लोगों की शिकायतें सुनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के लोगों से भी मिलेंगे तथा जिला व प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा करेंगे। प्रदेश में हो रही सीईटी की परीक्षा को लेकर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में लगभग 13.5 लाख परीक्षार्थी सीईटी की परीक्षा दे रहे हैं। हरियाणा की नायब सरकार ने सीईटी की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए पूरी तैयारी के साथ अच्छी व्यवस्था की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में पहली बार परीक्षार्थियों को परीक्षा सेंटर तक ले जाने और घर तक छोड़ने की शानदार व्यवस्था नायब सरकार ने की है। बड़ौली ने कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े उसके लिए सभी तैयारियां सरकार और प्रशासन द्वारा की गई है और परीक्षा अच्छे माहौल में हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र पर परीक्षार्थियों के ठहरने और खान-पान की व्यवस्था कर रहे हैं जो बधाई के पात्र हैं।

■ छोटी टोली की बैठक में सरकार व संगठन के समन्वय से सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा

सत्र के दौरान सरकार को घेरने पर होगी चर्चा

# 27 को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगामी 27 जुलाई को भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। ये बैठक भोपाल के होटल पलाश में होगी। इस बैठक में 28 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र की रणनीति और रूपरेखा पर विधायकों से चर्चा की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि मांडू में आयोजित हुए कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में जनहित के जिन मुद्दों पर चर्चा हुई है और जो सुझाव निकलकर सामने आए हैं, विधायक दल की बैठक में बातचीत कर सत्र के दौरान उन मुद्दों को मजबूती से उठाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार की विफल नीतियों और घपलों-घोटालों को जनता के सामने लाने और विधानसभा में उसे हथियार बनाकर सरकार को घेरने पर भी चर्चा होगी।

### ड्रग्स हटाओ, भोपाल बचाओ के नारे के साथ जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल का प्रदर्शन

भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ड्रग्स की सप्लाई और नशे की बढ़ती गिरफ्त को लेकर जनजागरूकता एवं सरकार की विफलता के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में ड्रग्स माफिया को भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते भोपाल जैसे शांति प्रिय शहर में भी अब नशे की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने वाले इन माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और भोपाल के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि यदि शीघ्र ही ड्रग्स की रोकथाम के लिए सरकार ने ठोस और पारदर्शी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगी। इस प्रदर्शन में सहित युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस भोपाल शहर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विवादित बयान के मामले में एसआईटी ने दर्ज किए विजय शाह के बयान

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने के मामले में आरोपी मंत्री विजय शाह से स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पूछताछ की है। एसआईटी ने जबलपुर में तलब कर उनके बयान दर्ज कराए हैं। इस दौरान एसआईटी ने उनसे घटनाक्रम से संबंधित करीब आठ से दस सवाल किए। करीब आधा घंटे तक मंत्री से बयान लिए गए। इस मामले में शाह पूर्व में सार्वजनिक रूप से कई बार माफी मांग चुके हैं। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में हैं। 28 जुलाई को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विगत 19 मई को तीन सदस्यीय का गठन किया गया था। एसआईटी के मुखिया प्रमोद वर्मा अब जबलपुर रेंज के आईजी है। इसलिए शाह के बयान जबलपुर में लिए गए।

**भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को मुक्त व्यापार की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) किए। इसे भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता माना जा रहा है। समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी उत्पादों को ब्रिटेन में और यूके के 90 फीसदी उत्पादों को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे पहले भारत ने दस देशों के संगठन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ एफटीए किया है। आसियान में भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) शामिल हैं, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। भारत का श्रीलंका, मॉरीशस और मलेशिया के साथ भी एफटीए है, दक्षिण कोरिया, जापान और यूएई के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) है, ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) है, सिंगापुर के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) है और थाईलैंड के साथ तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) है। मुक्त व्यापार के नजरिये को पहली बार 1817 में अर्थशास्त्री डेविड रिकार्डो ने अपनी पुस्तक 'ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन' में लोकप्रिय बनाया था। आजकल में पेश है एफटीए का विश्लेषण...**

# ट्रेड बढ़ाने के नए युग का आगाज एफटीए



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

ग्लोबल ट्रेड व कूटनीतिक मामलों के जानकार


**दिवस 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यकीनन यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि फिर भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप ले ही नहीं पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक रहा है।**

एक ऐसे वक्त में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट 32 नाटो देशों में भारतीय निर्यात पर सौ प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दे रहे हैं, जिस वक्त में यूरोपियन यूनियन भारतीय तेल कंपनियों पर प्रतिबंध आयद करने का फैसला ले रही हैं। ठीक उसी वक्त में नाटो सैन्य संगठन का एक प्रमुख सदस्य देश और यूरोप का सिरमौर देश ब्रिटेन राष्ट्रपति ट्रंप, नाटो चीफ मार्क रूट और यूरोपियन यूनियन की धमकी को एकदम से दरकिनार करते हुए भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता अंजाम दे देता है। इससे भारतीय निर्यात पर पश्चिमी देशों द्वारा विशाल टैरिफ आयद करने की धमकियों का कुहासा यकायक ध्वस्त होने लगता है। 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप नहीं ले पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक है। लेबर पार्टी अपने बुनियादी चरित्र में एक वामपंथी पार्टी रही है, अतः वह अमेरिकी नीतियों का अंधानुकरण नहीं किया करती है।

## अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्तिशाली बनेंगे

ब्रिटेन के साथ भारत के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संबंध को और अधिक शक्तिशाली बनाने में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भविष्य में बड़ा किरदार रहेगा। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय आर्थिक और कूटनीतिक वार्ताएं शनैः शनैः कदमताल करते हुए तीन वर्षों तक मंथर गति से कभी रुक गई थी और फिर कभी चल पड़ी थी। आखिरकार 15 राउंड तक चली द्विपक्षीय वार्ताओं के पश्चात 24 जुलाई को मुक्त व्यापार समझौते को भारत और ब्रिटेन द्वारा अंतिम पड़ाव तक पहुंचा दिया गया। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की ओर से जोनाथन रोनाल्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत ब्रिटेन व्यापार समझौते के महत्व को इस तथ्य से बाकायदा समझा जा सकता है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर विद्यमान रहे और समझौते पर दस्तखत हो जाने के पश्चात प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फरमाया कि यह समझौता केवल आर्थिक साझेदारी का ही नहीं है, वरन् साझा समृद्धि की भी एक कार्य योजना है। यह समझौता दोनों देशों के मध्य व्यापार बाधाओं को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। साथ ही भारत और ब्रिटेन के मध्य तकनीकी सहयोग, नवाचार और पूंजी निवेश की राह को प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के मध्य 25.5 अरब पौंड अर्थात 5 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक व्यापार है।



## पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होगा व्यापार

इस समझौते के बाद यह उम्मीद जताई गई है कि यह परस्पर व्यापार आगामी 5 वर्षों के अंदर बढ़कर दोगुना हो जाएगा। आजकल ब्रिटेन को भारत का निर्यात तकरीबन तीन लाख करोड़ का है, जबकि ब्रिटेन का भारत को निर्यात लगभग दो लाख करोड़ का है। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में अनेक पहलू विद्यमान हैं। सबसे पहला पहलू है कि भारत द्वारा ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले 99 प्रतिशत सामान पर कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए गए 90 प्रतिशत सामान पर भी कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले सामान मुख्यतः भारत के कृषि उत्पाद जैसे फल, सब्जियां, हल्दी, काली मिर्च, इलायची आदि, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड), समुद्री उत्पाद झींगा, टूना मछली का चारा, टेक्सटाइल हस्तशिल्प सामान, फुटवियर, हीरे-सोने की ज्वेलरी, फार्मा, जेनेरिक दवाएं, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स आदि पूरी तरह से आयात शुल्क (टैरिफ) से मुक्त हो जाएंगे। अतः इन सभी भारतीय सामानों के लिए ब्रिटेन में एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी तक ब्रिटेन के बाजार चीन के माल से लबरेज रहते हैं। भारतीय निर्यात के लिए ब्रिटेन में आयात शुल्क (टैरिफ) मुक्त हो जाने के कारण भविष्य में भारतीय सामान यकीनन चीन के सामान को कड़ी टक्कर दे सकेंगे। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं में स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। आगामी 10 वर्षों में शनः शनः स्कॉच व्हिस्की पर भारत में टैरिफ घटाकर 40 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात की जाने वाली ऑटो कारों पर भी टैरिफ 100 प्रतिशत से घटाकर आगामी दस वर्षों में 10 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा।

## आटो इंडस्ट्री को मिलेगी प्रतिस्पर्धा

आने वाले दौर में भारतीय ऑटो इंडस्ट्री को यकीनन ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की अत्यंत कड़ी चुनौती का मुकाबला करना पड़ेगा। संभव है कि ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की चुनौती भारतीय आटो इंडस्ट्री के लिए वरदान साबित हो जाए और भारत की ऑटो इंडस्ट्री ब्रिटेन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्मित हो सकती है। भारतीय इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के ब्रिटिश बाजार में पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि इन पर से आयात शुक्ल काफी कम कर दिया गया है। भारत की विदेशी शराब इंडस्ट्री को ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की से टैरिफ सौ प्रतिशत तक घटाए जाने के कारणवश नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसके लिए भारत सरकार को भारतीय स्कॉच व्हिस्की पर भी एक्साइज ड्यूटी घटानी पड़ सकती है। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाले मेडिकल उपकरणों, एयरोस्पेस पार्ट्स, चॉकलेट और बिस्किट पर भी टैरिफ घटा दिया गया है। भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखते हुए भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को कदाचित खोला नहीं गया है। व्यापार समझौते का दूसरा पहलू है कि भारत के लिए ब्रिटेन ने अपना सर्विस सेक्टर पूरी तरह से खोल दिया है। सर्विस सेक्टर पर व्यापक डील भी होगी। ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के लीडरों द्वारा सर्विस सेक्टर को भारत के लिए खोल देने पर सख्त एतराज का इजहार किया गया और आशंका जताई कि इस कदम से ब्रिटेन में बेरोजगारी में इजाफा हो जाएगा। किंतु ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनाल्ड ने विपक्षी लीडरों की इस आशंका को सिरे से खारिज कर दिया। भविष्य में भारतीय वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर टेक्नीशियन आदि आसानी से इंग्लैंड में काम कर सकेंगे। भारतीय कामगारों को ब्रिटेन की सामाजिक सुरक्षा योजना में तीन वर्षों तक अपनी आमदनी से कोई अनुदान राशि जमा नहीं करनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि व्यापार समझौते से पहले भारतीय कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना में केवल एक वर्ष तक अंशदान करने से छूट प्राप्त थी। इस अंशदान छूट से भारतीय कामगारों को और भारतीय कंपनियों को फायदा हो जाएगा। यूरोपियन यूनियन का परित्याग करने के (ब्रेक्जिट) तत्पश्चात ब्रिटेन को आर्थिक तौर पर नए सशक्त साझीदार की तलाश थी। व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कंपनियों को रक्षा, ऊर्जा, फार्मा, ऑटो इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में भारत में निवेश करने के अवसर फराहम किए गए हैं। अनेक जाने-माने अर्थशास्त्रियों का मत है कि भारत के मुकाबले में ब्रिटेन एक विकसित अर्थव्यवस्था है। हालांकि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था की हालत आजकल खस्ता चल रही है। तमाम आर्थिक तरक्की के बावजूद अभी तक भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन और भारत के लिए आयात शुल्क (टैरिफ) की दरों को तकरीबन समान स्तर पर ला दिया गया है। ऐसी स्थिति में विकसित अर्थव्यवस्था वाला ब्रिटेन खुली प्रतिस्पर्धा में भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था को गहन क्षति पहुंचा सकता है। ब्रिटेन से भारत को निर्यात किए गए सामान पर औसतन आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर केवल 3 प्रतिशत तक रह जाएगा। उन्नत ब्रिटिश कंपनियों के लिए अपना सामान बेचना अत्यंत आसान हो जाएगा। यह तो भविष्य ही बताएगा कि भारत की अपेक्षाकृत कमजोर कंपनियां उन्नत ब्रिटिश कंपनियों को कहां तक कड़ी टक्कर दे सकेंगी। ब्रिटेन में निर्मित वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, शराब, मांस, बिस्किट चॉकलेट आदि भारतीय बाजारों मे तहलका मचा सकती है।

## पूंजी निवेश से भारत में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

इस धारणा के एकदम विपरीत कुछ अर्थशास्त्री का विचार है कि ब्रिटिश कंपनियों के द्वारा भारत में किए जाने वाले पूंजी निवेश से भारत में रोजगार में जबरदस्त अवसर उत्पन्न हो जाएंगे। भारतीय कंपनियों का ब्रिटेन में आसान प्रवेश भी भारत के लिए तकनीकी क्षेत्र में शानदार तरक्की की राह प्रशस्त कर देगा। भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों द्वारा प्रकट की गई परस्पर सहयोग की प्रबल भावना यदि शिक्षा और रक्षा क्षेत्रों में वास्तव में साकार हो उठेगी तो फिर भविष्य में एक शानदार इतिहास रचा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी लेनी पड़ेगी जो की लेबर पार्टी के ब्रिटिश संसद में विराट बहुमत के कारण आसानी से हासिल हो जाएगी। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को व्यवहारिक तौर से लागू होने में तकरीबन और एक वर्ष लग सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूरोपीय यूनियन के मध्य विगत 18 वर्षों से ट्रेड डील पर वार्ताएं चलती रही हैं, किंतु अभी तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ सका। भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील को कम ही वक्त लगा है। सितंबर में भारत व ईयू एफटीए संभव है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ट्रेड वार समस्त दुनिया के विरुद्ध शुरू कर दी गई है। इसका सीधा नतीजा सामने आया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगा कर हिचकोले खाने लगी है। दुनिया के ज्यादातर देशों को प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका धमकी दे रहा है और इससे उनको आर्थिक नुकसान हो सकता है। अतः भारत व ब्रिटेन के मध्य एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते की वार्ताएं निरंतर जारी हैं। इस समझौते के तहत भारत और ब्रिटेन के मध्य खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा। आर्थिक अपराधियों और नृशंस अपराधियों का प्रत्यर्पण संभव हो सकेगा। इस समझौता वार्ता के लागू के बाद ब्रिटेन में रहने वाले भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारत लाना आसान हो जाएगा। भारत को ब्रिटेन से कार्बन कर छूट भी प्राप्त करना चाहिए।

# भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ेंगे आपसी व्यापार



**आर्थिकी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर की मौजूदगी में 24 जुलाई को हस्ताक्षर हुए हैं। पूरी दुनिया की निगाहें इस समझौते पर इसलिए लगी रही, क्योंकि भारत बढ़ते भूराजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए की अंतिम कवायद में लगा है।

भारत-ब्रिटेन का यह एफटीए इसी वर्ष दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत का ब्रिटेन के साथ यह अब तक का ऐसा ऐतिहासिक एफटीए है, जो दुनिया के प्रमुख देशों के लिए भारत के साथ तत्परता से मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर आगे बढ़ने की नजीर बनते हुए दिखाई दे रहा है। इस एफटीए से भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस एफटीए से दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। महत्वपूर्ण है कि हाल ही में जब अमेरिका-चीन में नई सुलह के बाद अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर आयात शुल्क घटा दिए हैं, तब भारत के द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से बढ़ना लाभप्रद दिखाई दे रहा है।

## शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा

इस एफटीए से ब्रिटेन के बाजारों में भारत को लगभग 99 फीसदी उत्पादों पर शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा और भारतीय वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में चीनी उत्पादों और अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। एफटीए उभरते उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ मदद मिलेगी।

## कृषि उत्पादों पर रियायत नहीं

खास बात यह है कि भारत संवेदनशील क्षेत्रों- डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। एफटीए ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच तैयार करेगा। कम टैरिफ और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार



सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाएगी। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो यूरोप में भारत का सबसे बड़ा दवा निर्यात गंतव्य बना हुआ है। शुल्क मुक्त पहुंच से प्लास्टिक, फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर के लिए ब्रिटेन की मजबूत मांग का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है। भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

## सामाजिक सुरक्षा समझौते

यह भी उल्लेखनीय है कि एफटीए के साथ ही दोनों देशों ने दोहरे अंशदान समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी मुहर लगाई है। इस समझौते से ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। इस करार से ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। तमाम ब्रिटिश व भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। ब्रिटेन ने ब्रिटिश उत्पादों खासतौर से खाने के सामान से लेकर पेय पदार्थ के लिए भारत की उपभोक्ता प्रधान अर्थव्यवस्था और 140 करोड़ से अधिक ग्राहकों के बड़े बाजार तक सरल पहुंच निश्चित की है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका द्वारा लागू की जा रही संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल को देखते हुए भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में तत्परता दिखाई है।

## यह करार मील का पत्थर

यह भारत के साथ ब्रिटेन की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के ब्रिटेन के महत्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा भी है। इस एजेंडे के तहत ब्रिटेन भारत को विश्व के महाशक्ति देशों के बीच अहम स्थान प्रदान करता है। उम्मीद करें कि यह मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा। ब्रिटेन के साथ भारत का एफटीए अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे बड़े देशों के साथ चल रही एफटीए वार्ताओं में एक मॉडल के रूप में काम करेगा और अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

## समझौते से भारत को लाभ

एफटीए के तहत 6.5 अरब डॉलर यानी 45 प्रतिशत भारतीय निर्यातों (वस्त्र, जूते, कालीन, वाहन, समुद्री भोजन, अंगूर एवं आम जैसे उत्पाद) को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। पहले इन पर चार प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक शुल्क लगता था। शेष आठ अरब डॉलर के उत्पाद (पेट्रोलियम, दवा, हीरे और विमान के पुर्जे) को पहले से ही शून्य शुल्क पर पहुंच हासिल है। ब्रिटेन ने चावल जैसे कुछ कृषि उत्पादों को छोड़कर सभी भारतीय वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने पर सहमति जताई है।

## समझौते से ब्रिटेन को लाभ

ब्रिटेन से भारत को होने वाले 8.6 अरब डॉलर के निर्यात पर 94 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क लगता है। एफटीए में भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा। साल्मन मछली, विमान के पुर्जे, मशीनरी जैसे 64 प्रतिशत ब्रिटिश सामान पर तुरंत शुल्क हट जाएगा। 26 प्रतिशत वस्तुओं पर अगले 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से शुल्क हटाया जाएगा।

# एफटीए डील से किसानों को होगा लाभ



**कृषि क्षेत्र**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार के लिए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत की कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बना है। इस समझौते ने कृषि-निर्यात, मूल्य-वर्धित उत्पादों और ग्रामीण समृद्धि में एक बड़ी छलांग के लिए मंच तैयार किया है। यह समझौता भारतीय कृषि, समुद्री उत्पाद, वस्त्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए ब्रिटेन के बाजारों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करेगा। इससे भारतीय निर्यात में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कई उत्पाद भारत में और भी सस्ते हो जाएंगे। भारत का दावा है कि यह समझौता वर्ष 2030 तक भारत-ब्रिटेन व्यापार को दोगुना यानि 60 अरब डॉलर से 120 अरब डॉलर तक कर देगा। ज्ञात है कि कृषि ग्रामीण भारत की आजीविका और आर्थिक सुरक्षा की आधारशिला है, इसलिए भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते में किसानों के हितों का विशेष ख्याल रखा गया है। मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय कृषि उद्योग को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक पहुंचने में मदद मिलेगी। एफटीए से सबसे बड़ा फायदा भारतीय किसानों को मिलेगा, क्योंकि इनके उत्पाद अब प्रीमियम ब्रिटिश बाजार तक आसानी से पहुंच पाएंगे। कुछ प्रमुख फसलों पर अब टैरिफ खत्म किया गया है। लगभग 95 फीसदी कृषि शुल्क लाइनों पर जीरो ड्यूटी फीस का प्रावधान किया गया है। खेती-किसानी के क्षेत्र से जुड़ी जिन भारतीय फसलों और वस्तुओं पर जीरो ड्यूटी का प्रावधान है, उससे भारतीय उत्पादों को यूके के मार्केट में लैंडिंग लागत में कमी आएगी और भारतीय किसानों की आय बढ़ेगी।

## कृषि क्षेत्र के लिए अवसर

गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए प्रोत्साहन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगे। जीरो ड्यूटी वाली फसलें और पदार्थों में हल्दी, काली मिर्च, इलायची, आम का गूदा, अचार, दालें, फल, सब्जियां और अनाज, मसाला मिश्रण और खाने के लिए तैयार भोजन शामिल हैं। ये सामान ड्यूटी फ्री होकर यूके पहुंचेंगे। इससे पहले किसानों को अपनी आय का एक हिस्सा एक्सपोर्ट ड्यूटी के तौर पर देना होता था। ये ड्यूटी फ्री होने के बाद किसान टैक्स की चिंता छोड़ सकेंगे। उन्हें यूके के मार्केट्स में अपने प्रोडक्ट्स का पहले से बेहतर दाम मिल सकेगा।

## यूके में प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी

इस समझौते के बाद यूके में एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स की लैंडिंग कॉस्ट कम हो जाएगी। इस कारण रिटेल चेन और मेनस्ट्रीम मार्केट के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे भारतीय किसानों को यूके के मार्केट में उनके प्रोडक्ट्स की प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी। डील के जरिए बाजरा, जैविक जड़ी-बूटियां जैसे नए प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट के मौके मिलेंगे। इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। भारत ग्लोबल लेवल पर एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट करता है। इसमें ब्रिटेन को उसका एक्सपोर्ट करीब सात हजार करोड़ रुपये का है।



ब्रिटेन को भारतीय किसानों के लिहाज से हाई वैल्यू मार्केट माना जाता है। इतना ही नहीं, ड्यूटी फ्री होने से अगले तीन साल में एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट में 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है। इस डील से ये लक्ष्य पूरा हो सकेगा। अभी भारत से भेजे जाने वाले प्रोडक्ट्स पर लगभग चार से आठ प्रतिशत तक एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती है। कृषि के क्षेत्र में ब्रिटेन 37.52 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का आयात करता है, जबकि भारत से आयात केवल 81.1 करोड़ डॉलर का ही होता है। लेकिन एफटीए लागू होने के बाद भारत के किसानों के उत्पादों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाजारों को खोलेगा। उच्च-मार्जिन वाले ब्रांडेड उत्पादों जैसे कॉफी, मसाले, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी मदद मिलेगी। देश के विभिन्न राज्यों के किसानों को एफटीए से लाभ होने की संभावना है। बासमती चावल उत्पादक पंजाब और हरियाणा, अंगूर और प्याज उत्पादक महाराष्ट्र, मूंगफली व कपास उत्पादक गुजरात, मसाला उत्पादक केरल और बागवानी के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा। वहीं एफटीए से भारत के मत्स्य उद्योग को भी बड़ा फायदा होगा, खासकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु जैसे तटीय राज्यों में। झींगा, टूना, फिशमील और पशु आहार जैसे 99 फीसदी समुद्री उत्पादों पर अब कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा, जबकि अभी इन पर 4.2 से 8.5 फीसदी ड्यूटी लगती है। इससे भारत के समुद्री उत्पादों के निर्यात को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। ब्रिटेन का समुद्री आयात बाजार 5.4 अरब डॉलर का है, जो भारत के ब्लू इकॉनमी के लिए बड़ा मौका है। इसके अलावा यह समझौता भारत के कॉफी, चाय, मसाले और अन्य पेय पदार्थों जैसे ब्रांडेड उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा देगा। अभी भारत की कुल कॉफी निर्यात में यूके की हिस्सेदारी 1.7 फीसदी, चाय में 5.6 फीसदी और मसालों में 2.9 फीसदी है। शुल्क खत्म होने से ये सेक्टर तेजी से बढ़ेंगे। खासकर भारतीय इंस्टेंट कॉफी को जर्मनी और स्पेन जैसे यूरोपीय देशों से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर ये कहा जा रहा है कि एफटीए से भारत के कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के लिए ब्रिटिश बाजार में नये अवसर पैदा होंगे। इस समझौते के बाद न केवल मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भारतीय कारीगरों, बुनकरों, दिहाड़ी मजदूरों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फिर भी ऐसा नहीं है कि इस डील में सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। हर डील के अच्छे और बुरे पक्ष होते हैं। ऐसे में इस डील के भी कुछ नुकसान हैं, खासकर भारत के कुछ सेक्टरों के लिए। डेयरी और पोल्ट्री उद्योग को ब्रिटेन से सस्ते आयात का खतरा हो सकता है, क्योंकि ब्रिटेन ने अपने डेयरी उत्पादों के लिए बाजार में पहुंच की मांग की है। भारत ने अभी डेयरी क्षेत्र तक ब्रिटेन को पहुंच नहीं दी है।

## दुग्ध किसानों पर संकट का भय

भारतीय दुग्ध किसानों का कहना है कि सस्ते आयात से स्थानीय उत्पादकों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। सुनने में यह आकर्षक लगता है, खासकर जब 99 फीसदी भारतीय निर्यातों को ब्रिटिश बाज़ार में ड्यूटी-फ्री प्रवेश और 90 फीसदी ब्रिटिश आयातों पर औसत शुल्क 15 फीसदी से घटाकर तीन फीसदी किया गया है। लेकिन क्या यह व्यापार को वास्तव में पांच साल में दोगुना करने के लिए पर्याप्त है? व्यापार के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं वित्त वर्ष-23 में व्यापार में वृद्धि, 16.8 फीसदी, वित्त वर्ष-24 में गिरावट 4.8 फीसदी, वित्त वर्ष-25 में मामूली सुधार 8.5 फीसदी सेवा क्षेत्र के व्यापार के आंकड़े तो मौजूद ही नहीं हैं, ऊपर से अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ युद्ध ने वैश्विक व्यापार को पहले ही संकट में डाल दिया है।

# वे देर से समझे, कांग्रेस ने ओबीसी के लिए क्या किया? 10 साल बाद फिर मांगेंगे माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओबीसी वर्ग को लेकर बड़ा बयान दिया था। राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को जिस तरह से इस वर्ग के हितों की रक्षा करनी थी, वह कार्य उस प्रकार से नहीं हुआ। राहुल के इस बयान पर भाजपा समेत अन्य दलों ने निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल को बहुत देर से समझ आती है। पहले उन्होंने इमरजेंसी के लिए माफी मांगी। फिर उन्होंने सिख दंगों के लिए माफी मांगी। फिर उन्होंने ओबीसी से माफी मांगी। कांग्रेस ने ओबीसी के लिए क्या किया? कांग्रेस ने ओबीसी को हर संभव कुचलने का काम किया। उन्होंने राफेल मामले में भी माफी मांगी और अब राहुल गांधी जो कर रहे हैं, उसके लिए वे दस साल बाद फिर माफी मांगेंगे। वे कभी सही काम नहीं करते और 10 साल बाद माफी मांगते हैं।

**माफी, माफी और माफी के अलावा बचा क्या?**

*कांग्रेस की सोच राष्ट्र विरोधी, करगिल युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर पर भी सवाल उठाए*

सरकार में थी कांग्रेस तो कहां चली गई थी समझदारी



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न केवल करगिल युद्ध पर, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर पर भी सवाल उठाए, जो गलत है। कांग्रेस देश का नुकसान करने में लगी है और उसकी सोच राष्ट्र विरोधी हो गई है।

### प्रधानमंत्री को तो छोड़िए, देश का ही विरोध करने लगे

प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का विरोध करने लगी है। इसके नेता पाकिस्तान जैसी बातें करते हैं, जिन्हें पाकिस्तान दुनिया में उदाहरण के तौर पर पेश करता है। लेकिन हम अपनी सेना के शौर्य को सलाम करते हैं।

कविता ने कहा- तेलंगाना के आंकड़े कहां गए?

### साधारण माफी से कुछ नहीं होगा, सरकार थी तो क्यों नहीं कराई जातिगत गणना?



बीआरएस नेता के कविता ने भी राहुलपर हमला बोला है। कविता ने कहा कि राहुल ने देश से माफी मांगी। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो वे जाति जनगणना नहीं करा सके। आजादी के पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय कांग्रेस पार्टी सत्ता में रही। ओबीसी के लिए छूटे अवसरों के बारे में आप क्या कहेंगे? सिर्फ एक साधारण माफी से कुछ नहीं होगा। तेलंगाना के आंकड़े कहां गए, पेश क्यों नहीं किए?

उदितराज की बड़ी बात

### डॉ.आंबेडकर से की राहुल की तुलना

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने राहुल गांधी की तुलना संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर से की। उदित राज ने कहा कि अगर अन्य पिछड़ा वर्ग उस बात को सुनता है, जो राहुल ने भागीदारी न्याय सम्मेलन के दौरान कही।

मायावती का राहुल पर पलटवार

### कांग्रेस ओबीसी की विश्वासपात्र पार्टी नहीं, वह दो-मुंही

बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस ओबीसी समाज की विश्वासपात्र पार्टी नहीं है। कांग्रेस के दिल में कुछ है जुबान पर कुछ है। उन्होंने कहा कि एनडीए का भी ओबीसी के प्रति यही हाल है। मायावती के बयान को राहुल के उस बयान के संदर्भ में देखा जा रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में रहते हुए जाति जनगणना न करवाना कांग्रेस की गलती थी। राहुल का यह स्वीकार करना कि ओबीसी की राजनीतिक व आर्थिक आशा व आरक्षण सहित उन्हें उनका संवैधानिक हक़ दिलाने के मामलों में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं है।



अब राहुल के नए बोल



### हम अंपायर की वजह से हार रहे...

**गुजरात।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। गुजरात में 'संगठन सुजन अभियान' के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रही है। वहीं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को गुजरात में हराना जरूरी है। उन्होंने ईसी पर आरोप लगाया और कहा कि हम अंपायर की वजह से हार रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक डैम में नहाने गए 4 युवकों की मौत



**सराईकेला।** झारखंड के खरसावां प्रखंड के सराईकेला में बुधवार सुबह करीब 8 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। चेक डैम में नहाने उतरे 4 युवक तेज बहाव में बह गए और सीमेंट की दीवार से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया।

### सीईटी परीक्षा में हेयरबैंड मंगलसूत्र, चूड़ी उतरवाए



**फरीदाबाद।** जिले के 163 केंद्रों पर शनिवार को पहली शिफ्ट में 42000 अभ्यर्थियों ने सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) का शांतिपूर्ण तरीके से दी है। केंद्रों पर सुबह 7:30 बजे से 9:15 बजे तक एडमिट कार्ड और आईडी के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश मिला। महिला अभ्यर्थियों से मंगलसूत्र, चूड़ी, बालों में लगे रबड़, नोजपिन भी निकलवा दी।

### 1.23 करोड़ का गुटखा बरामद, दो गिरफ्तार



**पालघर।** पुलिस ने पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर दो ट्रक में से 1.23 करोड़ रुपए के प्रतिबंधित गुटखे की खेप जब्त की। 2 चालकों को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों को दो कंटेनर में छिपाकर रखा गया था और इनका परिवहन राज्य के कानूनों एवं खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा था।

### भागलपुर में पुलिस को पीटा, हथियार भी लूटे



**भागलपुर।** जिले स्थित पीरपैंती थाना क्षेत्र के लकड़ा कोल गांव में शुक्रवार देर रात अपहरण की सूचना पर छापेमारी करने गई कहलगांव थाने की पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने थानेदार समेत सभी पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। साथ ही पिस्टल भी लूट लिए।

मालदीव से तमिलनाडु के तूतीकोरिन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# 4800 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण कनेक्टिविटी, रसद दक्षता व ऊर्जा ढांचे होंगे बेहतर



मालदीव की राजकीय यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे तूतीकोरिन पहुंचे। यहां उन्होंने कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, रसद दक्षता, स्वच्छ ऊर्जा ढांचे और तमिलनाडु के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगी।

**राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती समारोह और आदी तिरुवथिरा उत्सव में आज होंगे शामिल**




तूतीकोरिन हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ तूतीकोरिन

ब्रिटेन और मालदीव की अपनी यात्रा से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु पहुंच गए हैं। वे तूतीकोरिन में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने यहां 4800 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। वहीं तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं। पीएम मोदी रविवार को तिरुचिरापल्ली के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में दोपहर 12 बजे महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती समारोह और आदी तिरुवथिरा उत्सव में भाग लेंगे।पीएम मोदी की आधिकारिक बयान के अनुसार, मालदीव की राजकीय यात्रा के बाद प्रधानमंत्री सीधे तूतीकोरिन पहुंचे। यहां उन्होंने कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, रसद दक्षता, स्वच्छ ऊर्जा ढांचे और तमिलनाडु के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगीं। प्रधानमंत्री ने विश्वस्तरीय हवाई अड्डा ढांचे के विकास और कनेक्टिविटी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत तूतीकोरिन हवाई अड्डे पर 450 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।

### तमिलनाडु में पर्यटन, व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

17,340 वर्ग मीटर में फैला यह टर्मिनल व्यस्त समय के दौरान 1,350 यात्रियों और सालाना 20 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। 100 प्रतिशत एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा-कुशल विद्युत से युक्त यांत्रिक प्रणालियों, और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से जल पुनर्चक्रण के साथ यह टर्मिनल जीआरआईएचए-4 स्थिरता रेटिंग प्राप्त करेगा। इस परियोजना से तमिलनाडु में पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा।

### दो राजमार्ग परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित

सड़क व बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने दो महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। पहली परियोजना एनएच-36 के सेथियाथोप-चोलपुरम खंड की 50 किमी की 4-लेन वाली सड़क है। इसे विक्रवंडी-तंजावुर कॉरिडोर के तहत 2,350 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इसमें तीन बायपास, कोल्लिदम नदी पर एक किमी का चार-लेन पुल, चार प्रमुख पुल, सात फ्लाईओवर और कई अंडरपास शामिल हैं।

### कार्यक्रम नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। इससे पहले सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा था कि 'अस्पताल में होने की वजह से उन्होंने मुख्य सचिव के जरिए एक याचिका भेजी है, जिसे मुख्य सचिव प्रधानमंत्री मोदी को देंगे। पीएम मोदी मालदीव का दौरा पूरा कर शनिवार तो तमिलनाडु पहुंचे, जहां वे 4800 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी गण, अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### जनसभा में सुब्रमण्यम और राजेंद्र को किया याद

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए चोल सम्राट राजेंद्र प्रथम के इतिहास में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि चोल राजा ने गुलामी के दौर में समुद्र के जरिए व्यापार की ताकत को समझा। उन्होंने समंदर में स्वदेशी जहाज चलाकर विदेशियों को चुनौती दी। वे रविवार को राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती और उनकी दक्षिण-पूर्व एशिया की ऐतिहासिक समुद्री विजय यात्रा की 1000वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे तिरुवथिरई महोत्सव में हिस्सा लेंगे। पीएम ने कहा कि इसी भूमि पर वीरों ने स्वतंत्र और समर्थ भारत का सपना बुना था। सुब्रमण्यम भारती जैसे राष्ट्रकवि का जन्म भी यहीं पास में हुआ था। भारती का जितना मजबूत रिश्ता थुट्टुकुटी से था, उतना ही रिश्ता वाराणसी से है।

राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में शाह के निर्देश

# आतंकी संचार और नशे की समस्या पर लगाएंगे लगाम

## राष्ट्रीय सुरक्षा के कई मुद्दों पर किया मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवादी समूहों द्वारा एनक्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करने पर चिंता जताई और साथ ही इस समस्या से निपटने एक विशेष मंच स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि आतंकी संगठनों के सोशल मीडिया के जरिए खुफिया संचार पर लगाम कसी जा सके। शाह ने भगोड़ों को वापस लाने के लिए भी एक मजबूत तंत्र और बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील की। शाह ने नई दिल्ली में 2 दिवसीय 8वें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में ये बातें कही। इसमें देशभर से 800 के करीब अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ भौतिक तो कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। पहले दिन राष्ट्र के हितों के खिलाफ रहने वाले बाहरी तत्वों की भूमिका और मादक पदार्थों के व्यापार में उनकी संलिप्तता सहित उनके घरेलू संबंधों के मुद्दे पर मंथन हुआ। इनमें एनक्रिप्टेड संचार एप्स और अन्य नई तकनीकों के गलत इस्तेमाल से पैदा हुई चुनौतियों पर बात हुई। भीड़ प्रबंधन, निर्जन द्वीपों की सुरक्षा के मुद्दे पर मंथन हुआ।



**8वां राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन**

आतंकवाद के वित्तपोषण से मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शाह ने आतंकवादी और तस्करी गतिविधियों में शामिल भगोड़ों को वापस लाने के कड़े उपाय करने के भी निर्देश दिए, जिसमें केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने, आतंकवाद-अपराधी के घरेलू गठजोड़ को तोड़ने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने भी कहा कि पुलिस संगठनों द्वारा केवल स्वदेशी तकनीक का ही उपयोग किया जाए।

### अन्य चुनौतियों से निपटने पर की चर्चा

सम्मेलन के दूसरे दिन नागरिक उड्डयन और बंदरगाह सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध, वामपंथी उग्रवाद और मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के मुद्दे पर केंद्रित रहा। इसमें केंद्रीय गृह सचिव, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल रहे। डीजीएसपी और आईजीएसपी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने हर साल राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया था, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों के अनुभव के माध्यम और क्षेत्र विशेषज्ञों के सहयोग से चुनौतियों का समाधान खोजना था।

उद्योग राज्य मंत्री जितिन ने कहा

## स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों के लिए जेम की पहुंच बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों , स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) प्लेटफॉर्म से जोड़ने और उनकी भागीदारी बढ़ाने नए कदम उठाए हैं। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि जेम पर प्रत्यक्ष खरीद प्रक्रिया में एमएसएमई, स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों द्वारा अपलोड उत्पादों को अलग से पहचानने मार्केटप्लेस फिल्टर और प्रोडक्ट कैटलॉग आइकन की व्यवस्था की गई है। सरकार ने महिलाओं, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, बुनकरों, किसान उत्पादक संगठनों और 'एक जिला एक उत्पाद' जैसी पहलों को प्रोत्साहित करने 8 'वोकल फॉर लोकल'जेम आउटलेट स्टोर बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए 'उद्यम' एमएसएमई डेटा को एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस से जोड़ा गया है।

महाराष्ट्र में अब फोन टैप का बवाल

## मंत्रियों की जासूसी के आरोप से हल्ला,अजित ने मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नतीजे आने के महीनों बाद भी राजनीतिक हलचल और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। एनसीपी (शरद पवार) विधायक रोहित पवार ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के मंत्रियों को जासूसी का डर है। इस डर से कई मंत्री अपना फोन नंबर बदल रहे हैं। हालांकि, फोन टैपिंग के आरोपों पर एनसीपी नेता और डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि ऐसे आरोप लगा रहे हैं, तो फिर आप सबूत भी पेश करें। यह आरोप कैबिनेट में फेर-बदल की अटकलों के पहले लगाया गया है।पवार ने कहा कि आरोप लगाना फैशन हो गया है। जिसको जो मन करता है आरोप लगा देता है। अगर ऐसे आरोप लगाने हैं, तो पहले सबूत भी देना चाहिए। रोहित को बताना चाहिए कि किस आधार पर महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के बारे में आरोप लगा रहे हैं? उन्हें कुछ प्रमाण भी देना चाहिए।

कर्नाटक में तकरार, सिद्धारमैया और डीके में तनाव बरकरार

लड़ाई खत्म कराने में आलाकमान दिखा लाचार

## कर्नाटक भवन में 'दोनों' के अफसरों के बीच हो गई एक बड़ी जूतमपैजार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच चल रही जंग अब इनके अफसरों तक जा पहुंची है। दोनों नेताओं के टॉप अफसरों के बीच नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में झड़प हुई है। डीके के स्पेशल ऑफिसर एच. अंजनेया ने आरोप लगाया है कि सिद्धारमैया के स्पेशल ऑफिसर और असिस्टेंट रेजिडेंट कमिश्नर सी. मोहन कुमार ने उन्हें जूते से पीटा है। अंजनेया ने कहा कि मुझे जूते से पीटा गया और इससे मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। मेरे साथ इंसाफ किया जाए।

### अधिकारी को दी शिकायत

अदिकारी ने कहा कि हमें इस मामले में 22 जुलाई को शिकायत मिली है। सही प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। अंजनेया ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि कुमार उनके काम में बाधा डाल रहे हैं। अगर कुछ गलत होता है तो कुमार इसके लिए जिम्मेदार होंगे। शिकायत में अंजनेया ने कुमार के पिछले आचरण का हवाला दिया और कहा कि इससे पहले वह एमएम जोशी नाम के अधिकारी के साथ मारपीट कर चुके हैं और कभी भी उन्होंने अपने सीनियर अफसरों को सम्मान नहीं दिया। मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर ऑन ड्यूटी रहते हुए सी. मोहन कुमार ने हमेशा अहंकार भरा बर्ताव किया है।



गूगल मैप ने फिर भटका दिया रास्ता

## पानीपत से आ रहे थे घर ग्रामीणों ने चोर समझ संभल के युवकों को जमकर पीटा

एजेंसी ▶▶ पानीपत



पानीपत से घर लौट रहे संभल के मजदूर गूगल मैप के कारण रास्ता भटक गए। पतेई खालसा गांव में पहुंचे तो यहां के लोगों ने चोर समझकर उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी। मजदूर हाथ जोड़कर हकीकत बताने की कोशिश करते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने एक न सुनी। उनकी कार में भी तोड़फोड़ की गई। ग्रामीणों की पिटाई से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया।

### खाई में गिरी कार, पुलिस ने बचाई महिला की जान



**मुंबई।** गूगल मैप के चक्कर में एक बार फिर बड़ी दुर्घटना हो गई। नवी मुंबई के बेलापुर इलाके में शुक्रवार आधी रात एक महिला की कार सीधे खाड़ी में जा गिरी। महिला गूगल मैप के भरोसे गाड़ी चला रही थी। संयोग अच्छा था कि वहां मौजूद समुद्री सुरक्षा पुलिस ने तुरंत सतर्कता दिखाई और महिला की जान बचा ली।बाद में क्रेन की मदद से कार को खाड़ी से बाहर निकाला गया। शुक्रवार रात करीब 1 बजे ये घटना हुई, जब महिला अपनी कार से उलवे की ओर जा रही थी।

संसदीय लोकतंत्र में लगातार 3 कार्यकालों में योगदान पर जूरी

## अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को मिला 'संसद रत्न' सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभी संसद का मानसून सत्र चल रहा है। ये सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। सुप्रिया सुले (एनसीपी- एसपी), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना -यूटीबी) सहित 17 सांसदों 'संसद रत्न' से सम्मानित किए जाएंगे। इन सभी सांसदों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान- 2025 से सम्मानित किया जाएगा। संसद रत्न पुरस्कार के अलावा इसमें 4 विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल हैं, जो संसदीय लोकतंत्र में उनके लगातार तीन कार्यकालों में दिए गए योगदान को मान्यता देते हैं।

### 4 विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल

इन सम्मानों में चार विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल हैं, जो लगातार 3 कार्यकालों में संसदीय लोकतंत्र में उनके निरंतर योगदान को मान्यता प्रदान करते हैं। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओडिशा), एन के प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी, महाराष्ट्र), और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को दिए जाएंगे।

### इसमें सभी दलों के सांसद शामिल


सुप्रिया सुले


अरविंद सावंत


भर्तृहरि महताब


निशिकांत दुबे


रवि किशन

**16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किए जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं।

# पांच साल में पैसों को डबल, ट्रिपल करने वाले सात फंड, निवेशकों को बड़ा फायदा

- हाइब्रिड कैटेगरी की स्कीम्स ने इक्विटी को दी कड़ी टक्कर
- बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स ने 5 साल में दिया बढ़िया रिटर्न
- निवेशकों के पैसों को दो से तीन गुना तक कर दिया

**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड्स से हाई रिटर्न हासिल करने की बात हो तो आम तौर पर हमारा ध्यान इक्विटी स्कीम की तरफ ही जाता है, लेकिन हाइब्रिड फंड्स की एक कैटेगरी ऐसी है, जो निवेशकों को ऊंचा रिटर्न देने के मामले में इक्विटी फंड्स को टक्कर दे सकती है। ये कैटेगरी है डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड्स यानी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स की। इस कैटेगरी के टॉप 7 फंड्स ने 5 साल में निवेशकों के पैसों को डबल-ट्रिपल करके दिखाया है। साथ ही सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर भी इनका सालाना रिटर्न काफी आकर्षक रहा है। इन टॉप 7 बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, निप्पॉन इंडिया, आईसीआईसीआई प्रू, टाटा म्यूचुअल फंड, बड़ौदा बीएनपी परीबा और आदित्य बिरला सनलाइफ जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं।

### ऐसा रहा प्रदर्शन

टॉप 7 बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स का पिछले 5 साल का एनुअल रिटर्न करीब 15% से 24% तक रहा है. इन सभी फंड्स ने 5 साल पहले किए गए 1 लाख रुपये के निवेश को दो लाख से तीन लाख रुपये में तब्दील कर दिया है. इतना ही नहीं, इन सभी फंड्स ने **SIP** के जरिये किए गए निवेश पर भी साल दर साल 13% से लेकर 21% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया है. आइए डालते हैं इन सभी फंड्स के पिछले प्रदर्शन पर एक नजर।

1. एचडीएफसी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 24.62%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 3 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 10.12 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न: 21.02%)
2. बड़ौदा बीएनपी परीबा बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 17.03%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.20 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.89 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न: 15.74 %)
3. एडेलवाइज बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.92%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.09 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.44 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.6%)
4. आदित्य बिरला सनलाइफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.71%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.08 लाख
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.60 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.4%)

**5 साल में 15 से 24% तक एनुअल रिटर्न दिया**



5. निप्पॉन इंडिया बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.67%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.07 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.52 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.02%)
6. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 15.52%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.06 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.52 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.99%)
7. टाटा बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - डायरेक्ट प्लान
   - 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 14.99%
   - 1 लाख रुपये का निवेश 5 साल में हो गया : 2.01 लाख रुपये
   - 10 हजार रुपये मंथली एसआईपी से 5 साल में बने : 8.32 लाख रुपये (एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.03%)

### बेंचमार्क और रिस्क लेवल

इन सभी हाइब्रिड फंड्स का बेंचमार्क इंडेक्स इन दो में से कोई एक है - निफ्टी 50 हाइब्रिड कंपोजिट डेट 50:50 इंडेक्स, जिसका पिछले 5 साल का सीएजीआर 12.70% रहा है या क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 मॉडरेट इंडेक्स, जिसका 5 साल का सीएजीआर 13.62% है। सभी 7 फंड्स को रिस्कोमीटर पर बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग दी गई है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की निवेश रणनीति

पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट के बीच फंड एलोकेशन को वक्त के हिसाब से बदलने की रणनीति बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड (**Balanced Advantage Fund or Dynamic Assest Allocation**) की सबसे बड़ी खूबी है. इस रणनीति की बदौलत ये म्यूचुअल फंड बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच भी बेहतर और स्टेबल रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं. सेबी के नियमों के तहत इन फंड्स के मैनेजर को इक्विटी और डेट के बीच अपना फंड एलोकेशन जीरो से 100% तक बदलते रहने की छूट मिली हुई है। इस रणनीति का एक फायदा यह भी है कि अगर फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश को 65% या उससे ऊपर रखता है, तो इसमें निवेश पर इक्विटी फंड्स की तरह टैक्स बेनिफिट भी मिल सकते हैं। हालांकि इक्विटी में ज्यादा एक्सपोजर की संभावना के कारण बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में रिस्क भी अधिक रहता है. इसलिए इनमें निवेश का फैसला करने से पहले अपनी रिस्क बर्दाश्त करने की क्षमता को परख लेना चाहिए और हमेशा लंबी अवधि के लिए पैसे लगाने की तैयारी रखनी चाहिए. साथ ही यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि म्यूचुअल फंड का पिछला रिटर्न भविष्य में जारी रहने की गारंटी नहीं होती।

*(डिस्क्लेमर : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना है, निवेश की सलाह देना नहीं, निवेश का कोई भी फैसला अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह लेने के बाद ही करें।)*

# जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ, बढ़ाते जाएं अपना निवेश, जल्द बनेंगे करोड़पति

- हमेशा लंबी अवधि का लक्ष्य लेकर चलें, इससे बढ़िया रिटर्न मिलेगा
- अपनी रिस्क क्षमता को जांच लें, अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं
- हर साल अपने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान को भी अपग्रेड करें
- अपनी कमाई का कम से कम दस फीसदी हिस्सा बचत में लगाएं

**सुझाव**
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश के जरिये अच्छा पैसा जुटाना चाहते हैं तो अपने जीवन में आगे बढ़ने के साथ साथ निवेश को भी बढ़ाते जाएं। इससे आपको जल्द करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। आप अपने सपने आसानी से पूरे कर पाएंगे। इसके लिए जरूरी है, अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाए। अपने जीवन में आगे बढ़ने के साथ साथ निवेश को भी बढ़ाते जाएं यानी निवेश के लिए स्टेप-अप एसआईपी के फार्मूले को अपनाएं। अपने अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाएं और अपनी इनकम का कम से कम दस फीसदी निवेश जरूर करें और इसे हर साल बढ़ाते जाएं। फिर देखना आपका पैसा दिन दूनी और रात चौगुनी के साथ बढ़ेगा। नए अवसर, बड़े सपने और बदलती जीवनशैली के साथ जीवन आगे बढ़ते रहने की कहानी है। जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, वैसे-वैसे आपकी ख्वाहिशें और खर्च भी बढ़ते हैं। क्या आपकी निवेश रणनीति भी इसी रफ्तार से आगे बढ़ रही है? जिस तरह आप अपने सपनों की नई बाइक खरीदते हैं, या बेहतर घर में शिफ्ट होते हैं, उसी तरह जरूरी है कि आप अपने एसआईपी (सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान) को भी अपग्रेड करें ताकि, वो आपके बदलते जीवन के साथ कदम से कदम मिला सके। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि स्टेप-अप एसआईपी (एसआईपी राशि को बढ़ाना) क्या है और कैसे यह आपको वित्तीय रूप से आगे बनाए रखने में मदद करता है।




### स्टेप-अप एसआईपी क्या है

- स्टेप-अप एसआईपी (जिसे टॉप-अप एसआईपी भी कहा जाता है) एक ऐसी सुविधा है जिसमें आप अपने एसआईपी निवेश को तय अंतराल पर (सालाना या अर्धवार्षिक) एक निश्चित राशि या प्रतिशत के हिसाब से बढ़ा सकते हैं। इसका मतलब है कि हर महीने एक ही राशि निवेश करने की बजाय, आप जैसे-जैसे कमाते हैं, वैसे-वैसे अपना निवेश भी बढ़ाते हैं। इसलिए स्टेप-अप एसआईपी जरूरी : बढ़ती आय और खर्चों के साथ तालमेल
- जब आपकी सैलरी बढ़ती है या प्रमोशन होता है, तो आपकी जीवनशैली भी बेहतर होती है। शायद आप नई बाइक खरीदते हैं, बेहतर फ्लैट में शिफ्ट होते हैं, या खूब घूमते हैं। ऐसे में खर्च बढ़ता है और आर्थिक लक्ष्य भी बड़े हो जाते हैं। एसआईपी को स्टेप-अप करके आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आपकी बढ़ती आय और आकांक्षाओं के साथ आपके निवेश का तालमेल बना रहे।

### महंगाई को मात

हर साल महंगाई की वजह से जीवन-यापन में होने वाला खर्च बढ़ता रहता है। अगर आपकी एसआईपी की राशि एक समान ही रहती है, तो भविष्य में वह आपकी जरूरतों, लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाएगी। एसआईपी बढ़ाने से आपका निवेश तेजी से बढ़ता है और आप महंगाई के असर से बेपरवाह रह सकते हैं।

### स्टेप-अप एसआईपी कैसे काम करता है?

- मान लीजिए आप 5,000 रुपये प्रति माह की एसआईपी शुरू करते हैं, जिसमें हर साल 1,000 रुपये स्टेप-अप करते हैं।
- पहले साल में, आप 5,000 रुपये/माह निवेश करते हैं
- दूसरे साल में, यह 6,000 रुपये/माह हो जाता है
- तीसरे साल में, 7,000 रुपये/माह, और यह इसी तरह आगे बढ़ता है।
- इस तरह धीरे-धीरे बढ़ती एसआईपी आपकी बढ़ती सैलरी के साथ मेल खाती है। जैसे-जैसे आपका वेतन बढ़ता है, आपका निवेश भी बढ़ता है और आपकी जेब पर भी एकसाथ ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।

### असरदार तरीका

स्टेप-अप एसआईपी यह सुनिश्चित करने का एक आसान, लेकिन असरदार तरीका है कि आपका निवेश आपकी जिंदगी की गति के साथ आगे बढ़े। जैसे-जैसे आपकी आमदनी और जरूरतें बढ़ती हैं आप अपनी एसआईपी को बढ़ाकर नए सपनों और आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होंगे।

### बड़े लक्ष्य जल्दी हासिल करें

स्टेप-अप एसआईपी के ज़रिए आप अपने आर्थिक लक्ष्यों को जल्दी हासिल कर सकते हैं। इसकी मदद से आप बड़े सपनों जैसे लग्ज़री कार, विदेश यात्रा या रिटायरमेंट के लिए बड़ी रकम को भी बिना किसी आर्थिक तनाव के हसिल कर सकते हैं।

### चक्रवृद्धि ब्याज़ की ताकत का जादू

हर साल एसआईपी की राशि थोड़ी सी भी बढ़ाने पर लंबे समय में आपकी संपत्ति में बड़ा फ़र्क देखने को मिल सकता है। जितनाी जल्दी और जितना अधिक आप निवेश करते हैं, रिटर्न उतना ही ज़्यादा होता है। इसी को चक्रवृद्धि ब्याज़ की ताकत कहते हैं।

# आईटीआर फाइलिंग : कुछ गलतियों की वजह से आ सकता है नोटिस

● जुर्माना भी लग सकता है और रिटर्न रिजेक्ट होने का भी रहता है खतरा ● टैक्सपेयर्स अक्सर आईटीआर फॉर्म चुनने में कर जाते हैं बड़ी गलतियां ● वेरिफिकेशन में गलती करते हैं, तो बढ़ सकती है आपकी परेशानी

**जानकारी**
बिजनेस डेस्क


इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना हर साल टैक्सपेयर्स के लिए एक जरूरी काम होता है, लेकिन कई बार इसमें छोटी-छोटी गलतियां उनके लिए भारी पड़ जाती हैं। वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर 2025 तक है। इस बीच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर-1, 2, 3 और 4 के लिए एक्सेल यूटिलिटी जारी कर दी हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, जल्दबाजी या जानकारी की कमी के कारण कई बार टैक्सपेयर्स ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो नोटिस, जुर्माना या रिटर्न के रद्द होने का कारण बन सकती हैं। आइए जानते हैं, सात ऐसी आम गलतियों के बारे में, जिनसे टैक्सपेयर्स को बचना चाहिए।

### गलत आईटीआर फॉर्म चुनना

सबसे आम गलती है गलत आईटीआर फॉर्म का चयन। हर फॉर्म खास तरह की आय और टैक्सपेयर्स के लिए बनाया गया है। मिसाल के तौर पर, अगर आपने शेयरों की बिक्री से 1.25 लाख रुपये से ज्यादा का लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन कमाया है या आपके पास किसी विदेशी बैंक में अकाउंट है, तो आप आईटीआर-1 की जगह आईटीआर-2 भरना होगा। गलत फॉर्म चुनने से आपकी रिटर्न 'डिफेक्टिव' मानी जा सकती है या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से नोटिस आ सकता है। इसलिए, अपनी आय के सोर्स को ध्यान से देखें और सही फॉर्म चुनें।

### सभी आय के सोर्स न बताना

कई टैक्सपेयर्स अपनी सारी आय को रिटर्न में नहीं दिखाते, चाहे वह टैक्सेबल हो या नहीं। मसलन, बचत खाते का ब्याज, फिक्स्ड डिपॉजिट का ब्याज, किराए की आय या शेयरों से डिविडेंड को छिपाना गलत है। भले ही बचत खाते के ब्याज पर 10,000 रुपये तक की छूट मिलती हो, लेकिन इसे रिटर्न में दिखाना जरूरी है। आय छिपाने से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की नजर में आप गलत ठहर सकते हैं, जिससे नोटिस या जुर्माना लग सकता है।




### नौकरी बदलने पर आय छिपाना

अगर आपने वित्त वर्ष में नौकरी बदली है, तो दोनों एम्प्लॉयर्स से मिली आय को रिटर्न में दिखाना जरूरी है। दोनों की फॉर्म-16 को ध्यान से देखें और सुनिश्चित करें कि कोई आय छूट न जाए। कई बार टैक्सपेयर्स पुराने एम्प्लॉयर की आय या टीडीएस की जानकारी छोड़ देते हैं, जो गलत है। एआईएस में आपकी सारी आय की जानकारी होती है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश न करें, वरना नोटिस का सामना करना पड़ सकता है।

### फॉर्म 26एएस की जांच न करना

रिटर्न फाइल करने से पहले फॉर्म 26 एएस और एनुअल इन्फॉर्मेशन स्टेटमेंट (एआईएस) की जांच करना जरूरी है। ये डॉक्यूमेंट्स आपकी आय, टीडीएस और बड़े लेनदेन की जानकारी देते हैं। अगर इनमें कोई गलती है, जैसे बैंक द्वारा काटा गया टीडीएस गलत दिख रहा हो, तो उसे ठीक करवाएं। इन डॉक्यूमेंट्स का मिलान फॉर्म-16, बैंक स्टेटमेंट और अन्य रिकॉर्ड से करें। अगर जानकारी में अंतर हुआ, तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से नोटिस आ सकता है।

### गलत डिडक्शन का दावा करना

कई टैक्सपेयर्स बिना सबूत के सेक्शन 80सी, 80डी या अन्य छूट का दावा कर लेते हैं। उदाहरण के लिए, बच्चों की स्कूल फीस, एलआईसी प्रीमियम या मेडिकल इंश्योरेंस के लिए छूट तभी ले सकते हैं, जब आपके पास वैध डॉक्यूमेंट हों। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अब एआईएस और एआई टूल्स के जरिए ऐसी गलतियों को आसानी से पकड़ लेता है। अगर आप बिना सबूत के छूट लेते हैं, तो नोटिस मिल सकता है या रिटर्न रद्द हो सकता है।

### विदेशी संपत्ति की जानकारी न देना

अगर आपके पास विदेशी बैंक खाता, शेयर या दूसरी संपत्ति है, तो उसे रिटर्न में बताना जरूरी है। बजट 2024 में नियमों में थोड़ी ढील दी गई है, जिसमें 20 लाख रुपये तक की चल संपत्ति को न दिखाने की छूट दी गई है। लेकिन इसके बावजूद, पूरी जानकारी देना अनिवार्य है। विदेशी संपत्ति छिपाने पर पहले 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगता था, लेकिन नए नियमों के बावजूद सावधानी बरतें।

### रिटर्न का वेरिफाई न करना

रिटर्न फाइल करने के बाद उसे 30 दिनों के अंदर वेरिफाई करना जरूरी है। यह सत्यापन आधार ओटीपी , नेट बैंकिंग या आईटीआर वी को डाक से भेजकर किया जा सकता है। अगर आप वेरिफाई नहीं करते, तो रिटर्न को अमान्य माना जाता है, जैसे कि आपने रिटर्न फाइल ही नहीं किया। कई टैक्सपेयर्स यह भूल जाते हैं, जिससे उनकी रिटर्न प्रक्रिया अधूरी रह जाती है और जुर्माना लग सकता है।

**ऋण** एमएफ लोन पर ब्याज दर सोने या एफडी पर लोन से अधिक, लोन लेने का फैसला करने से पहले सभी विकल्पों पर विचार करें

# म्यूचुअल फंड पर भी ले सकते हैं लोन, लेकिन जान लें कुछ बातें क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन की तुलना में एमएफ पर लोन सस्ता

*अपने म्यूचुअल फंड निवेश को बेचने के बजाय, आप उन पर लोन ले, इससे आपकी एसआईपी चलती रहेगी*

**समझदारी**
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी लोन लेन जा रहे हैं और म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश करते हैं जो आपके लिए म्यूचुअल फंड पर लोन लेना बेहतर विकल्प हो सकता है। चूंकि म्यूचुअल फंड पर लोन क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन की तुलना में काफी सस्ता होता है। हालांकि इसकी ब्याज दर सोने या एफडी पर लोन लेने की तुलना में अधिक हो सकती हैं। फिर भी लोन लेने से पहले सभी विकल्पों पर विचार कर लिया जाना चाहिए। इससे आप आसानी से और सस्ती ब्याज दरों पर लोन ले सकेंगे। जीवन में कई कारणों से कभी-कभी अस्थायी रूप से पैसों की तंगी का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यह घर के नवीनीकरण, परिवार में शादी या किसी चिकित्सा आपात स्थिति के कारण हो सकता है। ऐसी नकदी की तंगी की स्थिति में, सबसे पहला विचार यही आता है कि अपनी बचत का इस्तेमाल करें और नुकसान होने पर भी अपने निवेश को बेच दें। और अगर इससे भी काम न चले, तो आप ऋण लेने की सोचते हैं। हालांकि, निवेश को बेचना सबसे अच्छा उपाय नहीं है। अपने म्यूचुअल फंड निवेश को बेचने के बजाय, आप उन पर लोन ले सकते हैं। जी हां, जैसे आप लोन के लिए सोना और रियल एस्टेट जैसी अन्य संपत्तियां गिरवी रख सकते हैं, वैसे ही आप बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से अपने म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स पर लोन ले सकते हैं। एमएफ पर लोन लेने से पहले आप 6 प्रमुख बातों के बारे में जान लें। ये आपके काफी काम आएंगी।

### म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स की एक सीमा तक ही ऋण मिलेगा

आपके म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स के बदले आपको मिलने वाले ऋण की राशि काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि आपने किस प्रकार की म्यूचुअल फंड योजना में निवेश किया है और आप किस वित्तीय संस्थान से ऋण लेंगे। उदाहरण के लिए, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई जैसे बैंक आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड के मामले में नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के 50% तक और डेट म्यूचुअल फंड के मामले में 80% तक का लोन देते हैं। दूसरी ओर, एक्सिस बैंक आपकी डेट म्यूचुअल फंड योजनाओं के मूल्य के 85% तक और इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं के मूल्य के 60% तक का लोन प्रदान करता है।




### सभी बैंक सभी म्यूचुअल फंडों पर ऋण नहीं देते

कई बैंक केवल उनके द्वारा चयनित म्यूचुअल फंड योजनाओं के आधार पर ही ऋण देते हैं। उदाहरण के लिए, एसबीआई केवल एसबीआई म्यूचुअल फंड की म्यूचुअल स्कीमों पर ही ऋण देता है। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक भी उन स्कीमों के बारे में चयनात्मक हैं जिन पर वे ऋण देते हैं। ये दोनों निजी बैंक कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सीएएमएस) के साथ पंजीकृत एसेट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा प्रबंधित म्यूचुअल फंड स्कीमों पर ऋण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार, एक्सिस बैंक ने अपनी वेबसाइट पर म्यूचुअल फंड योजनाओं का एक सेट सूचीबद्ध किया है, जिसके आधार पर वह धन उधार देता है।

### मिलने वाला ऋण राशि की ऊपरी सीमा

किसी भी प्रकार के ऋण की तरह, म्यूचुअल फंड पर दिए जाने वाले ऋणों की भी कुछ सीमाएं होती हैं। कई बैंकों ने आपको मिलने वाले ऋण की अधिकतम और न्यूनतम सीमा तय कर रखी है। उदाहरण के लिए, आईसीआईसीआई बैंक जैसे अधिकांश बड़े निजी बैंकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड के मामले में न्यूनतम ऋण राशि 50,000 रुपये और अधिकतम राशि 20 लाख रुपये तथा डेट म्यूचुअल फंड के मामले में 1 करोड़ रुपये तक निर्धारित की है। एनबीएफसी के मामले में, न्यूनतम और अधिकतम दोनों सीमाएं आमतौर पर ज़्यादा होती हैं। उदाहरण के लिए, आदित्य बिड़ला फाइनेंस में न्यूनतम ऋण राशि 25 लाख रुपये और अधिकतम 10 करोड़ रुपये है। बजाज फिनसर्व के मामले में भी यही स्थिति है।

### ऋण की लागत व्यक्तिगत ऋण व क्रेडिट कार्ड ऋण से कम

म्यूचुअल फंड पर लोन का एक प्रमुख लाभ यह है कि आपको क्रेडिट कार्ड लोन या पर्सनल लोन की तुलना में कम ब्याज दर मिलती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि म्यूचुअल फंड पर लोन सुरक्षित होते हैं, यानी उनके पीछे कोई संपार्श्विक होता है। उदाहरण के लिए, आपको म्यूचुअल फंड पर लिए गए लोन पर 8-10% की ब्याज दर चुकानी होगी। यह आपके द्वारा चुनी गई बैंक और म्यूचुअल फंड योजनाओं के आधार पर अलग-अलग होगा। अगर आप डेट फंड योजनाओं की यूनिटें गिरवी रखते हैं तो ब्याज दर कम होती है, और अगर आप इक्विटी फंड की यूनिटें गिरवी रखते हैं तो ब्याज दर ज़्यादा होती है।
दूसरी ओर, क्रेडिट कार्ड लोन या पर्सनल लोन जैसे असुरक्षित लोन के मामले में, लोन आपकी किसी भी वित्तीय संपत्ति द्वारा समर्थित नहीं होता है। इसलिए, बैंक द्वारा उठाए जा रहे उच्च जोखिम के अनुरूप, आपसे 8-10% से अधिक ब्याज दर वसूलने की संभावना होती है।

### गिरवी रखी गई एमएफ यूनिटों पर रिटर्न मिलता रहेगा

जब आप अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स को गिरवी रखकर उन पर लोन लेते हैं, तो वे यूनिट्स बाज़ार में निवेशित रहती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स किसी बैंक में गिरवी रखते हैं, तो आप बैंक को यह अधिकार देते हैं कि वह म्यूचुअल फंड यूनिट्स को तभी बेचे जब आप डिफॉल्ट करें। लेकिन जब तक आप डिफॉल्ट नहीं करते, तब तक आपके निवेश बाज़ार से जुड़े रहते हैं और आप उन पर रिटर्न कमाते रहते हैं। इस प्रकार, आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आपकी वित्तीय योजना अभी भी बरकरार है और साथ ही आप किसी भी यूनिट को भुनाए बिना अल्प सूचना पर आवश्यक पूंजी जुटा सकते हैं।

### ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

तकनीक की बदौलत, एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई जैसे कई बैंक अब आपके म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स पर ऑनलाइन लोन दे रहे हैं। आपको बस अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट्स ऑनलाइन गिरवी रखनी हैं और अपने खाते में ओवरड्राफ्ट लिमिट सेट करवानी है। ओवरड्राफ्ट सुविधा का मतलब है आपके बैंक के साथ एक क्रेडिट समझौता जिसके तहत आप अपने खाते में जमा राशि से ज़्यादा पैसे निकाल सकते हैं। इसकी एक पूर्व-स्वीकृत सीमा होती है।

# बॉक्सिंग में महिला खिलाड़ियों ने जमकर चलाए पंच, चैंपियनशिप का आज होगा समापन

## लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा रहे मुख्य अतिथि, गांव गंगवा में इस आयोजन के लिए आभार जताया

## प्रतिभागियों को सभी सुविधा प्रदान करने के लिए मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब का आभार प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- तीसरी सब जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप
- हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में नजदीकी गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में में चल रही तीसरी सब जूनियर बॉयज़ एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन शनिवार को महिला खिलाड़ियों ने जमकर पंच चलाए। प्रतियोगिता का समापन 27 जुलाई को होगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने पैतृक गांव गंगवा में इस आयोजन के लिए आभार जताया और प्रतिभागियों को सभी सुविधा प्रदान करते के लिए मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब का आभार प्रगट किया। उन्होंने हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भाग ले रहे सभी सब-जूनियर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी देश का भविष्य हैं। खेलों में आपका जोश, अनुशासन और समर्पण प्रेरणादायक है।



हिसार। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि





हिसार। बॉक्सिंग रिंग में दमखम दिखाई मुक्केबाज। फोटो : हरिभूमि

### आयोजकों ने जताया आभार

*प्रतियोगिता आयोजकों ने मंत्री गंगवा का धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के सफल आयोजन में उनका सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन, समर्थन और खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए आयोजन समिति उनकी आभारी है।*


### ये रहे कार्यक्रम में उपस्थित

*इस मौके पर हिसार बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रधान भगत सिंह हरियाणा, बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कंपीटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, उपप्रधान एडवोकेट मनोज कुश, उपप्रधान सुभाष, ऑर्गनाइजर विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।*

### तीसरे दिन के ये रहे परिणाम

*प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को सोनीपत की आस्था ने पानीपत की कनिका को, रोहतक की कोमल ने जींद की नेहा को, भिवानी की राजू ने पानीपत की किरण को, रोहतक की दीक्षा ने फतेहाबाद की खुशी को तथा पानीपत की गरिमा ने झज्जर की तनवी को पराजित करके अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीते। इसी तरह साई भिवानी की भूमिका ने भिवानी की वासु को, हिसार ए की तमन्ना ने करनाल की मिसती रावल को, कैथल की अंतिम राविश ने रेवाड़ी की गुंजन को, साई हिसार की सृष्टि ने भिवानी की सोनिका को, कुरूक्षेत्र की धुव्रिका ने चंडीगढ़ की प्रियंका को, भिवानी की प्रिया ने हिसार ए की अंजलि को, हिसार ए की यंशिका ने रोहतक की काफी को हराया। मुकाबलों की कड़ी में कैथल की मानसी ने पलवल की लक्की को, मेवात की प्रिसिं ने झज्जर की मोनिका को, पानीपत की कृषका ने करनाल की सुहाना को, सोनीपत की अंशु ने जींद की पायल को, हिसार ए की माही पूनिया ने पानीपत की नविता को, चंडीगढ़ की तनवी ने करनाल की हिमाक्षी को, पानीपत की खुशी ने हिसार ए की कनिका को पराजित किया। इसी तरह 58 से 61 किलोग्राम में हिसार की आरजू विजयी रही। मुकाबलों के चलते सोनीपत की सुनाना ने पलवल की मानसी को, साई भिवानी की सृष्टि ने रोहतक की खुशी को व 61 वे 64 किलोग्राम में भिवानी की जिविका ने बाजी मारी। फतेहाबाद की सुमन रानी ने झज्जर की सान्वी मलिक को, सोनीपत की समिक्षी ने पंचकूला की परनीत नैन को, चंडीगढ़ की वंशिका ने गुरुग्राम की आशिमा बागड़ी को तथा कैथल की मानवी ने अंबाला की समीक्षा को पराजित किया।*

## खबर संक्षेप



### रिदम ममानिया ने रोलर स्केटिंग में जीता स्वर्ण

**मुंबई।** भारत की 13 वर्षीय रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एकल फ्री डांस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
इस प्रतियोगिता के 20वें सत्र का आयोजन दक्षिण कोरिया के जेचियन शहर में हो रहा है, जहां छह बार की राष्ट्रीय चैंपियन रिदम ने देश का नाम रोशन किया।
रिदम ने इस साल की शुरुआत में ताइवान में हुई आर्टिस्टिक रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। मुंबई की खिलाड़ी ने चार साल की उम्र से स्केटिंग करना शुरू कर दी थी। रिदम का लक्ष्य अब ब्रिसबेन में होने वाले पैसिफिक कप में भाग लेना है।

### सीनियर ओपन में अटवाल, जीव और ज्योति ने हासिल किया कट

**सनिंगडेल (ब्रिटेन)।** अर्जुन अटवाल, जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा की भारतीय गोल्फ तिकड़ी ने आईएसपीएस हांडा सीनियर (50 साल से अधिक) ओपन में कट हासिल कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों ने किसी मेजर (गोल्फ के शीर्ष स्तर का टूर्नामेंट) में एक साथ कट हासिल किया है। शुरुआती दिन 67 का कार्ड खेलने वाले अटवाल दूसरे दिन दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चौथा टेस्ट : इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाया 669 रन का बड़ा स्कोर

# गिल और राहुल के अर्धशतकों से भारत को उम्मीद बंधी, दो विकेट पर 174 रन

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शनिवार को यहां भारत को शुरुआती झटकों से उबारकर शानदार जज्बे और संयम का प्रदर्शन करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़े जिससे मेहमान टीम ने चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्टंप तक दो विकेट पर 174 रन बना लिए। गिल 78 और राहुल 87 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी कर अंतिम दोनों सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। भारत अब इंग्लैंड से 137 रन पीछे है। कप्तान बेन स्टोक्स (141 रन) के शानदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत को लंच से पहले 20 मिनट तक बल्लेबाजी करनी पड़ी जिसमें दूसरी पारी में उसकी शुरूआत निराशाजनक रही। भारत ने पहले ही ओवर में लगातार दो गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और बी साई सुदर्शन के विकेट गंवा दिए जबकि तब टीम का खाता भी नहीं खुला था। इससे लंच के समय टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट था। क्रिस वोक्स की 'राउंड द विकेट' गेंद जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पहली स्लिप में जो रूट के हाथों में चली गई। अगली ही गेंद पर सुदर्शन गेंद छोड़ने और खेलने की दुविधा में दूसरी स्लिप में हैरी ब्रुक को कैच करा बैठे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने भारतीयों की तुलना में पिच से कहीं ज्यादा फायदा उठाया। पर गिल और राहुल ने बेहतरीन तकनीक दिखाते हुए संयम से खेलना जारी रखते हुए भारतीय पारी को संभालकर अंतिम दिन के लिए उम्मीद बंधाई।



### बुमराह ने 33 ओवर में दिए 112 रन

बुमराह ने 33 ओवर में पांच मेडन से 112 रन देकर दो विकेट झटके। उनके अभूतपूर्व टेस्ट करियर में पहली बार हुआ कि उन्होंने 100 या इससे ज्यादा रन दिए। स्टोक्स (141 रन, 198 गेंद) ने 77 रन से आगे खेलते हुए दिन की शुरुआत सिराज की गेंद पर आगे बढ़कर कवर क्षेत्र में शॉट लगाकर की। उन्होंने सिराज की गेंद पर लेग साइड में चौका लगाकर इस मैच में शतक और पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की। स्टोक्स ने दो साल बाद शतक जड़ा है, जो उनके लिए बहुत मायने रखता है।

### स्टोक्स ने पूरे किए 7 हजार रन

जब स्टोक्स ने वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर छक्का जड़ा तो वह जाक कैलिस और सर गैरी सोबर्स के बाद 7000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए। इंग्लैंड ने जहां आसानी से बाउंड्री लगाई तो 2014 के बाद यह पहली बार था जब भारत ने एक पारी में 600 रन दिए।

### स्मिथ ने कहा- एशेज में नहीं मिलेगी सपाट पिचें

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज भले ही घरेलू मैदान पर काफी सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा।



भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में विकेट बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहे हैं और स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस तरह की पिचों पर खेलने का अधिक आदी नहीं होना चाहिए। मौजूद श्रृंखला में दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और उन्होंने लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं।

## टेनिस

# डीसी ओपन : सेमीफाइनल में पहुंची एम्मा और लेयला



एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

एम्मा राडुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। राडुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराया। महिला वर्ग में 2021 के अमेरिकी ओपन की उप विजेता लेयला फर्नांडीज ने भी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फर्नांडीज का अगला मुकाबला 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डानेला फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया। मैग्डानेला फ्रेच ने इससे पहले गुरुवार को वीनस विलियम्स को हराया था।

### शेल्टन लगातार दूसरे साल सेमीफाइनल में पहुंचे

*पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन लगातार दूसरे साल डीसी ओपन के सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफ़ो को 7-6(2) 6-4 से हराया। एलेक्स डी मिनौर और कोरेंटिन मौटेट भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका आमना सामना होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से और मौटेट ने 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया।*

## महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ

# दीक्षा कट में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय

नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)। दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



## एशिया कप का आयोजन 9 से 28 सितंबर तक यूएई में, भारत बनाम पाक मैच 14 और 21 सितंबर को

**कराची/नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पीटीआई को मिले शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित ग्रुप चरण मैच रविवार (14 सितंबर) को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में है और इन दोनों टीमों के अगले रविवार (21 सितंबर) को फिर से सुपर फोर मैच में आमने सामने होने की संभावना है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा और उसके सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम को अनुमति देगा तथा इसके मैच दुबई और अबुधाबी में खेले जाएंगे। एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, "संयुक्त अरब अमीरात में एसीसी पुरुष टी20 एशिया कप 2025 की मेजबानी से पूरे एशिया के प्रशंसकों को एक ऐसे माहौल में एक साथ आने का मौका मिलेगा जो हमारे क्षेत्र की अविश्वसनीय विविधता को दर्शाता है।

# रोहित और मिलर के बाद टिम डेविड ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, 37 गेंद में बनाई संचुरी

**बासेटेरे (सेंट किट्स)।** टिम डेविड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे तेज शतक बनाया, जिससे उनकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। टिम ने सिर्फ 37 गेंदों में 11 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ही उनसे आगे हैं। इन दोनों ने 2017 में 35 गेंदों में शतक लगाया था। पिछले साल स्कॉटलैंड के खिलाफ जोश इंग्लिस के बनाए गए 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को भी टिम डेविड ने तोड़ दिया।



- 11 छक्कों की मदद से बनाए नाबाद 102 रन, जोश इंग्लिस के 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा
- आस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, शृंखला की अपने नाम

## बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप

# तन्वी और वेन्नाला का शानदार प्रदर्शन, कांस्य पदक किया अपने नाम

### टूर्नामेंट में पहली बार भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में जीते पदक

एजेंसी ⏭ सोलो (इंडोनेशिया)

उभरती शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते।



### वेन्नाला ने चीन की लियू के सामने पेश की कड़ी चुनौती

वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन इसके बाद वह गलती कर बैठी, जिसका फायदा उठाकर लियू ने सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### तन्वी शर्मा ने किया प्रभावशाली प्रदर्शन

एक अन्य मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा को चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से 35 मिनट में 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। यिन ने हालांकि वापसी करते हुए स्कोर 8-8 से बराबर किया और फिर बढ़त बनाते हुए जीत हासिल कर ली। तन्वी के लिए यह एक और प्रभावशाली प्रदर्शन था। वह पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थीं।

# तीरंदाज जाधव को गोल्ड मेडल चित्रावेल ने त्रिकूद में रजत जीता

भाषा ⏭ राइन-रूहर, ईसेन (जर्मनी)

साहिल जाधव ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में शनिवार को यहां स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारतीय तीरंदाजों ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के तीरंदाजी स्पर्धा में पांच पदकों के साथ अभियान समाप्त किया। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता और इस तरह इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में देश के पदकों की संख्या दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी। भुवनेश्वर का यह एथलीट ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। भारत अपने पदकों की संख्या में और सुधार कर सकता है क्योंकि पुरुष और महिला दोनों चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार प्रदर्शन किया है।

**थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष...** तनावपूर्ण हालात के बीच सीमावर्ती इलाकों की यात्रा करने से बचने की दी सलाह

# कंबोडिया में अलर्ट की मुद्रा में रहें भारतीय नागरिक, दूतावास ने जारी किया परामर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते तीन दिनों से दक्षिण-पूर्व एशिया के दो देशों थाईलैंड और कंबोडिया के मध्य जारी संघर्ष के बीच भारत ने शनिवार को कंबोडिया में रहने वाले अपने नागरिकों को परामर्श जारी कर सीमावर्ती इलाकों की यात्रा न करने की अपील की है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में मौजूद भारतीय दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है।

■ यह जानकारी कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट के जरिए दी है

जिसमें बताया कि कंबोडिया और थाईलैंड की सीमा पर चल रहे संघर्ष के दौरान भारतीय नागरिकों को सरहदी इलाकों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की आपातकालीन परिस्थिति में देश के नागरिक नोम पेन्ह में भारतीय दूतावास से +85592881676 नंबर और ईमेल- cons.phnom-penh@mea.gov.in पर संपर्क कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



### थाईलैंड में पहले दिया गया परामर्श

गौरतलब है कि संघर्ष के चलते बीते शुक्रवार को थाईलैंड में भी भारतीय दूतावास ने कंबोडिया जैसा ही एक परामर्श अपने नागरिकों के लिए जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि थाईलैंड-कंबोडिया सीमा के करीब की स्थिति को देखते हुए थाईलैंड जाने वाले सभी भारतीय यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे टीएटी न्यूजरूम के साथ थाईलैंड के आधिकारिक स्रोतों से अपडेट की जांच करने और 7 प्रांतों की करीब 20 से अधिक जगहों की यात्रा न करें। जिनमें उबॉन राचाथानी, सुरिन, सिसाकेट, बुरिराम, सा केओ और त्राट मुख्य रूप से शामिल हैं।

### संघर्ष में मारे गए दो दर्जन से ज्यादा लोग

गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच चल रहे इस संघर्ष में अब तक कुल 32 लोग मारे गए हैं। जिसमें थाईलैंड में 19 और कंबोडिया में 13 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही संघर्ष से 1 लाख 30 हजार लोग विस्थापित भी हुए हैं। थाईलैंड-कंबोडिया लगभग 817 किलोमीटर लंबी जमीनी सीमा साझा करते हैं। जिसके कुछ अचयनित इलाकों पर दोनों के दावों को लेकर विवाद की स्थिति बनी रहती है। लेकिन हालिया धमाके, गोलीबारी और सैन्य तनाव का केंद्र दोनों देशों के बीच पहाड़ी पर मौजूद एक प्राचीन हिंदू मंदिर ता मोन थॉम और 11वीं शताब्दी का प्रीह विहियर है। जिसमें दोनों अपना दावा जताते हैं। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने वर्ष 1962 में प्रीह विहियर को कंबोडिया को दे दिया था। लेकिन दोनों देशों के बीच साल 2008 में उस वक्त फिर से तनाव भड़क गया। जब कंबोडिया ने प्रीह विहियर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित कर दिया। परिणाम सालों से जारी सैन्य संघर्ष, खूनी झड़प और दर्जनों लोगों की दुखद मौत के रूप में दुनियाभर के सामने है।

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर, जायसवाल ने शनिवार को एक बयान जारी कर दी

## थाईलैंड-कंबोडिया की सीमा पर बने हुए हालात पर भारत की कड़ी निगरानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थाईलैंड और कंबोडिया की सीमाओं पर बढ़ते संघर्ष के बीच शनिवार को भारत सरकार की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि हम दोनों देशों की सरहदों पर बने हुए जमीनी हालात की बेहद करीब से निगरानी कर रहे हैं। भारत न केवल दोनों देशों के करीब है। बल्कि उसके उनके साथ हमारे मित्रतापूर्ण संबंध भी हैं। इसी के चलते हम ये उम्मीद करते हैं कि थाईलैंड और कंबोडिया शत्रुता को कम करने के लिए कदम उठाएंगे। जिससे हालात और अधिक न बिगड़ें।

### इन हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें भारतीय

रणधीर ने यह भी बताया कि थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा करने वाले भारतीय पर्यटक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वहां मौजूद हमारे दूतावासों से संपर्क कर सकते हैं। जिसके लिए उन्होंने अलग-अलग सहायता नंबर भी जारी किए हैं। थाईलैंड के बैंकॉक में भारतीय दूतावास ने +66618819218 नंबर (व्हाट्सएप कॉल शामिल) और कंबोडिया के नोम पेन्ह में मौजूद दूतावास ने यह +85592881676 (व्हाट्सऐप कॉल शामिल) सहायता नंबर जारी किया है।

---

कारगिल युद्ध की 26वीं वर्षगांठ...विजय दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# सेनाप्रमुख बोले, ऑपरेशन सिंदूर में मिली खुली छूट से दुश्मन को दिया मुंहतोड़ जवाब

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीडीएस ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





26 जुलाई 1999, देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज वो तारीख है, जब आज (शनिवार) से ठीक 26 साल पहले भारतीय सेना के रणबांकुरों ने जम्मू-कश्मीर के दुर्गम ऊंचाई वाले कारगिल के पहाड़ी इलाके में जबरन कब्जे की कोशिश में लगे पाकिस्तान के नापाक इरादों को अपनी वीरता और पराक्रम से नेस्तनाबूद कर दिया था। शनिवार को कारगिल युद्ध की 26 वीं वर्षगांठ (कारगिल विजय दिवस) राष्ट्रीय राजधानी सहित देशभर में जोरशोर से मनाई गई। द्रास सैन्य स्मारक पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, तीनों सशस्त्र सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और अन्य सेनाप्रमुखों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनकी वीरता व साहस को आदरपूर्वक नमन किया।

### देशवासियों को प्रेरित करेगा जवानों का बलिदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के प्रति उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान भारतवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिन्द! जय भारत!

### मां भारती के वीर सपूतों के शौर्य का स्मरण दिवस

प्रधानमंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है। जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मातृभूमि के लिए मर- मिटने का उनका जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। जय हिन्द!

### राजनाथ, सीडीएस ने एनडब्लयूएम पर दी श्रद्धांजलि

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में इसका उल्लेख करते हुए लिखा, भारत के वीर जवानों की वीरता आने वाली पीढ़ियों को समर्पण और गौरव के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### खूली छूट मिली, दुश्मन को चटाई धूलः जनरल द्विवेदी

उधर, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कारगिल के द्रास में युद्ध स्मारक पर इस युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकियों के खिलाफ बीते वक्त में किए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर निर्णायक जीत हासिल की। जिसमें केंद्र सरकार की अहम भूमिका रही। क्योंकि सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के बाद ही सेना ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले का करारा जवाब दिया। हमने बिना किसी निर्दोष को नुकसान पहुंचाए पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों को मटियामेट कर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने शांति का अवसर दिया था। लेकिन उन्होंने (पाकिस्तान) कायरतापूर्ण कार्रवाई की। जिसका हमने साहस के साथ उत्तर दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प, संदेश और प्रतिक्रिया है। जो ताकतें देश की अखंडता, संप्रभुता और लोगों को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रही हैं। उन्हें भविष्य में भी मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। एक विकसित, आधुनिक और भविष्यवादी शक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का यह नया सामान्य (न्यू नॉर्मल) है। जनरल द्विवेदी ने इलाके में सेना की ताकत को मजबूती प्रदान करने की कवायद को लेकर कहा कि मैंने बीते शुक्रवार को एक नई सैन्य ब्रिगेड को स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसमें मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयां, तोपखाना, रसद और विशेष बल मौजूद रहेंगे। इस कदम से हमारी सैन्य ताकत में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा।

---

शिया और सुन्नी का हो सकता है विवाद

# ईरान की अदालत में बंदूकधारियों के हमले से 6 की मौत, 20 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान



अज्ञात हमलावरों ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी ईरान की एक अदालत की इमारत पर बंदूक और ग्रेनेड से हमला किया, जिसमें एक बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए, राज्य टीवी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के अशांत दक्षिणी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुई सशस्त्र झड़प में सुरक्षा बलों ने तीन बंदूकधारियों को मार गिराया।

रिपोर्ट में किसी भी पीड़ित की पहचान नहीं बताई गई है। सरकारी टीवी ने बताया कि हमला प्रांत की राजधानी ज़ाहेदान में हुआ। पुलिस और सुरक्षा बलों ने राजधानी तेहरान से 1,130 किलोमीटर या 700 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित घटनास्थल पर तुरंत नियंत्रण कर लिया।

### आतंकी और ड्रग तस्करों से होती रही है झड़प

सुरक्षा बलों के करीबी माने जाने वाले अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट ने इस हमले के लिए आतंकवादी समूह जैश अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है, जो ईरान के पूर्वी सिस्तान और पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांतों की आजादी चाहता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा से लगा यह प्रांत, आतंकवादी समूहों, सशस्त्र ड्रग तस्करों और ईरानी सुरक्षा बलों के बीच कभी-कभी घातक झड़पों का स्थल रहा है। यह क्षेत्र ईरान के सबसे पिछड़े इलाकों में गिना जाता है और यहां के ज्यादातर लोग सुन्नी मुसलमान हैं। जबकि, ईरान में शासन शिया धर्मगुरुओं के हाथ में है। इसी वजह से सरकार और स्थानीय लोगों के तनाव बना रहता है।

### हमले के पीछे किसका हाथ?

सेमी-ऑफिशियल समाचार एजेंसी तस्नीम ने इस हमले के पीछे 'जैश अल-अदल' नाम के आतंकवादी संगठन का हाथ बताया है। यह संगठन ईरान के सिस्तान और पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र को अलग-अलग करना चाहता है।

---

नई खरीद नीति से होगा समाधान

# राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या घटाने की तैयारी में है भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वायुसेना की जरूरतों को देखते हुए भारत अपने एमआरएफए (मल्टी रोल फाइटर एयरक्काफ्ट) प्रोग्राम में बड़ा बदलाव कर सकता है। एमआरएफए प्रोग्राम के तहत भारत ने 114 एडवांस लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बनाई थी।

लेकिन अब जबकि चीन के पास दो तरह के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं (जे-20, जे-35) और पाकिस्तान, चीन से जे-35 खरीदने वाला है, तो भारत अपनी स्ट्रैटजी में गंभीरता से बदलाव करने की सोच रहा है। भारत ने पहले टेंडर निकालने का फैसला किया था। अब भारत की रणनीति में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय रक्षा मंत्रालय अब टेंडर निकालने की जगह पर लड़ाकू विमानों को खरीदने के लिए समझौता करने पर विचार कर रहा है।

---

यूएस के बैन के बाद तस्करों ने किया कारनामा!

# तस्करों ने चीन को बेच डाले 1 अरब डॉलर के एआई चिप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




अमेरिका की ओर से चिप निर्यात पर नियंत्रण कड़ा करने के बाद तीन महीनों में तस्करों ने कम से कम 1 अरब डॉलर के एनवीडिया के उन्नत एआई चिप्स चीन को बेच दिए। माना जा रहा है कि यह तस्करी थाईलैंड के रास्ते की गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एनवीडिया के उच्च-स्तरीय बी-200 प्रोसेसर, जिनकी चीन में बिक्री पर प्रतिबंध है, वहां के काला बाजार में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। रिपोर्ट्स में बिक्री अनुबंधों, कंपनी के दस्तावेजों और सौदों की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले कई लोगों के हवाले से यह दावा किया गया है। उधर, तस्करी की खबरों के बाद दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया ने डेटा केंद्रों में अनधिकृत चिप्स के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की है। तस्करी की खबरों के बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि अवैध तरीके से ऐसे चिप्स खरीदना तकनीकी और आर्थिक दोनों ही दृष्टि से 'घाटे का सौदा' है।

### सरकार ने इस मामले पर टिप्पणी नहीं की

एनवीडिया ने कहा है कि डेटासेंटरों को सर्विस की जरूरत होती है, जो हम केवल अधिकृत एनवीडिया उत्पादों को ही प्रदान करते हैं। सरकार ने इस मामले में फिलहाल टिप्पणी नहीं की है। कई वितरकों ने चीन के एआई समूहों को सेवा देने वाले वाले डेटा केंद्रों के आपूर्तिकर्ताओं को बी 200s बेचना शुरू कर दिया था। अमेरिका और चीन एआई व अन्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के बाजार में वैश्विक प्रभुत्व हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

---

बेघर लोगों पर नए आदेश को लेकर अमेरिका में सियासी टकराव

# ट्रंप के फैसले पर डेमोक्रेट्स ने जताई कड़ी आपत्ति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बेघर लोगों को सड़कों से हटाने के कार्यकारी आदेश पर डेमोक्रेट नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तीखी आलोचना की है। आदेश में मानसिक और नशामुक्ति इलाज के लिए जबरन संस्थागत भेजे जाने की बात है।

आलोचकों ने इसे अमानवीय, अस्पष्ट और दंडात्मक बताया। अमेरिका में बेघर लोगों की बढ़ती समस्या पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा कार्यकारी आदेश ने नई बहस छेड़ दी है। ट्रंप ने हाल ही में एक ऐसा आदेश जारी किया है जिसमें बेघर लोगों को सड़कों से हटाकर मानसिक इलाज या नशामुक्ति केंद्रों में भेजे जाने की बात कही गई है। वह भी बिना उनकी सहमति के। इस आदेश का डेमोक्रेटिक नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तीखा विरोध किया है। उनका मानना है कि यह आदेश अमानवीय है और इससे समस्या का हल नहीं निकलेगा।

### स्थानीय सरकारों की अलग रणनीति

लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बैस ने साफ किया कि वे सड़कों पर बेघरों को जबरन हटाने की बजाय उनके साथ संवाद कर आश्रय में भेजने की नीति पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को एक गली से दूसरी गली या जेल भेजना और फिर वापस छोड़ देना, समस्या का हल नहीं है। वहीं, सैन फ्रांसिस्को के मेयर डेनियल लुरी ने भी सार्वजनिक स्थानों पर सफाई और व्यवस्था को बनाए रखने के पक्ष में सख्त कदम उठाए हैं।

### सियासी जंग की शक्ल लेता मामला

गवर्नर न्यूसम के दफ्तर ने कहा कि ट्रंप का आदेश बेघर लोगों के बारे में गलत धारणाओं को बढ़ावा देता है और केवल राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए लाया गया है। ट्रंप के आदेश के पीछे कुछ दक्षिणपंथी नीति समूह जैसे सिसेरो इंस्टीट्यूट ने समर्थन जताया है और कहा है कि इससे स्थानीय सरकारों को सख्त कदम उठाने की ताकत मिलेगी। इस पूरे विवाद से साफ है कि ट्रंप का कार्यकारी आदेश अमेरिका में बेघर लोगों की समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई सियासी खाई बनता जा रहा है। जहां एक पक्ष इसे 'सख्ती से मदद' का तरीका मानता है, वहीं दूसरा पक्ष इसे मानवाधिकारों पर हमला बता रहा है।

---

मणिपुर के 5 जिलों में मिला विस्फोटक

# जवानों ने 90 हथियार और 728 गोला-बारूद जब्त कए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर के पांच जिलों में सुरक्षा बलों ने शनिवार को 90 हथियार और 700 से अधिक गोला-बारूद एवं विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के बाद इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर समेत 5 जिलों में एक साथ समन्वित खोज अभियान शुरू किया गया। अभियान में मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम शामिल रही। इस अभियान के दौरान 90 हथियार जब्त किए गए। इनमें एके सीरीज के तीन, एक एम16 राइफल, पांच इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी, चार एसएलआर, 20 पिस्तौल, चार कार्बाइन, सात .303 राइफल और आठ अन्य राइफल शामिल हैं। कुल 728 गोला-बारूद और विस्फोटक में 21 ग्रेनेड और छह आईईडी शामिल हैं। इसके अलावा 21 मैगजीन और 24 वायरलेस हैंडसेट भी जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि जबरन वसूली करने वाले एक महिला समेत तीन उग्रवादियों को भी पकड़ा गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109